उज्जैन
गुरुवार
18
दिसम्बर, 2025
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-46
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र



रकुल प्रीत ने करवाई प्लास्टिक सर्जरी! सोशल मीडिया पर कॉस्मेटिक सर्जन का दावा, एक्ट्रेस ने पोस्ट लिख शख्स को लगाई फटकार

पेज- 8

## भारत-ओमान के बीच आज फ्री ट्रेड एग्रीमेंट साइन होगा



**ओमान।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक से मस्कट में मुलाकात करेंगे। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय बैठक होगी। इस दौरान भारत और ओमान के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर साइन भी किए जाएंगे। समझौते से भारत के टेक्सटाइल, फुटवियर, ऑटोमोबाइल, जेम्स एंड ज्वैलरी, रिन्युएबल एनर्जी और ऑटो कंपोनेंट्स जैसे सेक्टर्स को सीधा फायदा होगा। समझौते पर बातचीत नवंबर 2023 में शुरू हुई थी। पीएम मोदी बुधवार शाम को ओमान की राजधानी मस्कट पहुंचे थे। एयरपोर्ट पर ओमान के रक्षा मामलों के उप प्रधानमंत्री सैयद शिहाब बिन तारिक अल सईद ने मोदी का स्वागत किया।

## तलाक के लिए एक साल अलग रहना जरूरी नहीं - दिल्ली हाईकोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को कहा कि आपसी सहमति से तलाक लेने वाले पति पत्नी के लिए एक साल तक अलग रहने की शर्त अनिवार्य नहीं है। कोर्ट ने कहा कि हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 के तहत बनाए गए इस शर्त को सही मामलों में माफ किया जा सकता है। कोर्ट ने आगे कहा कि ऐसी परिस्थितियों में, पति-पत्नी को शादी के बंधन से मुक्त करने के बजाय, उन्हें एक गलत रिश्ते में उलझाए रखना गलत होगा। इससे दोनों पर अनावश्यक मनोवैज्ञानिक और भावनात्मक तनाव पड़ेगा। यह स्पष्टीकरण एक डिवीजन बेंच द्वारा किए गए एक रेफरेंस के जवाब में आया, जिसमें अधिनियम के तहत आपसी सहमति से तलाक के लिए याचिका पेश करने की समयसीमा पर मार्गदर्शन मांगा गया था।

## टीएमसी सांसद ने गडकरी से पूछा- एक घुसपैठिया मिला क्या, केंद्रीय मंत्री बोले- मिलवाएंगे कभी



**नई दिल्ली।** टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी और केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का पश्चिम बंगाल में घुसपैठियों पर मजाक का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें बनर्जी गडकरी से पूछ रहे हैं कि एक मिला क्या। इसके बाद दोनों सांसद ठहाका लगाते हैं। पास खड़े लोग भी मुस्कुराने लगते हैं। यह वाकया संसद परिसर का है, जब दोनों नेता मिलते हैं। इस दौरान कल्याण बनर्जी ने मजाकिया अंदाज में गडकरी से कहा कि पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बार-बार एक करोड़ घुसपैठियों का जिक्र किया था। एक मिला क्या?

## तेलंगाना में दलबदल के आरोपी पांच विधायकों की सदस्यता बरकरार

**हैदराबाद।** तेलंगाना की राजनीति में दलबदल और अयोग्यता की कानूनी लड़ाई ने उस समय एक नया और नाटकीय मोड़ ले लिया जब विधानसभा अध्यक्ष गद्दाम प्रसाद कुमार ने भारत राष्ट्र समिति के पांच विधायकों के खिलाफ दायर अयोग्यता याचिकाओं को सिरे से खारिज कर दिया। इस फैसले ने न केवल राज्य के सियासी गलियारों में हलचल पैदा कर दी है बल्कि दलबदल कानून और लोकतांत्रिक मूल्यों पर एक नई बहस को भी जन्म दे दिया है। साल 2023 के विधानसभा चुनावों के बाद बीआरएस छोड़कर कांग्रेस का दामन थामने वाले इन विधायकों के भविष्य पर लंबे समय से तलवार लटक रही थी लेकिन बुधवार को आए इस आदेश ने उन्हें तात्कालिक और बड़ी राहत प्रदान की है।

### प्रस्तावित उज्जैन-इंदौर ग्रीन फिल्ड मार्ग को लेकर किसानों ने वाहन रैली निकाली

# दो पहिया वाहन रैली में आए किसान एमपीआरडीसी गो बैक के नारे लगाए

### रोड नीचा, मुआवजा ऊंचा का ज्ञापन सौंपा, एनएच के पंजीयन की मांग भी रखी



ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

उज्जैन कस्बा एवं उज्जैन तहसील के 8 गांव के किसानों ने एमपीआरडीसी गो बैक के नारों एवं झंडे बैनरों के साथ दो पहिया वाहन रैली निकाली। करीब ढाई घंटे में रैली 8 गांव का भ्रमण करने के साथ कोठी पैलेस होते हुए सड़क विकास निगम के कार्यालय पहुंची। यहां इंदौर क्षेत्र के एमडी गगन भाभर को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान जमकर प्रस्तावित रोड का विरोध किया गया।

इंदौर से उज्जैन के लिए विशेष ग्रीनफिल्ड मार्ग का निर्माण प्रस्तावित है। बन रही इस रोड की लंबाई केवल 48 किलोमीटर है। योजनाअनुसार ग्रीनफिल्ड मार्ग वर्तमान धरातल से करीब 2 मीटर से अधिक ऊंचा बनाया जाना है। इसमें इंदौर जिले के 21 एवं उज्जैन जिले की उज्जैन तहसील के 7 गांव एवं उज्जैन कस्बे का एक गांव की जमीन ली जा रही है। करीब 450 बीघा जमीन उज्जैन जिले की ही इसमें ली जाना है। 400 सर्वे नंबर एवं 280 किसानों की यह जमीन है। इस ग्रीनफिल्ड मार्ग का किसान विरोध कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि जिनकी जमीन से ये मार्ग निकल रहा है उन्हें ही इसका फायदा नहीं मिले तो ऐसे मार्ग विकास से क्या मतलब है। विरोध के तहत किसानों ने बुधवार को दो पहिया वाहन रैली निकाली जो ढाई घंटे में उज्जैन के 7 गांव एवं कस्बा से होकर एमपीआरडीसी कार्यालय पहुंची। यहां पर प्रभावित किसानों ने अपनी दो मुख्य मांग के साथ पंजीयन में राष्ट्रीय राजमार्ग के क्षेत्र के इंद्राज किए जाने की मांग भी ज्ञापन देकर उठाई है।

### गौ बेक के नारे से रैली की शुरूआत

दो पहिया वाहन रैली की शुरूआत उज्जैन जनपद के अंतर्गत लिंबापिपलिया गांव के चौराहा से हुई। यहां से लेकोडा, हासामपुरा, पालखेड़ी, चांदमुख, दाऊदखेड़ी, चिंतामन से कोठी होते हुए रैली मध्यप्रदेश सडक विकास निगम कार्यालय फ्रीगंज ओव्हर ब्रिज के नीचे पहुंची थी। ढाई घंटे के सफर मे वाहन रैली में करीब 250 से अधिक दो पहिया वाहन शामिल हुए। इन पर सवारों के साथ सहयोगी एमपीआरडीसी गो बैक के झंडे और बैनर हाथों में लिए हुए थे।

- **पोर्टल पर राष्ट्रीय राजमार्ग ही नहीं चढ़ा-** किसानों ने एमपीआरडीसी में इंदौर क्षेत्र के डीएम गगन भाभर को ज्ञापन सौंप कर रोड नीचा मुआवजा ऊंचा की मांग रखी। इसके साथ ही किसानों ने एक अन्य ज्ञापन रजिस्ट्रार के नाम देते हुए कहा कि पोर्टल पर राष्ट्रीय राजमार्ग ही नहीं चढ़ा है उसे तत्काल ही इंद्राज करवाया जाए। यहां उपस्थित तहसीलदार जैन को इससे संबंधित ज्ञापन सौंपा गया।
- **मुख्य दो मांग रही-**इंदौर से उज्जैन तक बन रही इस रोड की लंबाई केवल 48 किलोमीटर है। वीआईपी लोगों के उपयोग के लिए एक्सप्रेस वे की तर्ज पर इसे बनाया जा रहा है। इंदौर से उज्जैन आने में 30 मिनट इस मार्ग के बनने पर लगेंगे और अगर इस रोड की ऊंचाई सामान्य रखी जाए तो 40 मिनट लगेंगे जिससे हजारों किसानों को व्यापार व्यवसाय का अवसर मिल जाएगा और क्षेत्र का विकास भी होगा। सिंहस्थ में इस रोड पर जाम की स्थिति में अगर सामान्य ऊंचाई रही तो दूसरे लगभग 30 रास्तों से यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचाया जा सकेगा। इस रोड में अधिग्रहित की जा रही किसानों की जमीन का मुआवजा वास्तविक बाजार मूल्य (जो प्रस्ताव संघर्ष समिति ने दिया है) का चार गुना दिया जाए।

## पॉल्यूशन सर्टिफिकेट के बिना दिल्ली में पेट्रोल बंद

### सिर्फ बीएस-6 इंजन वाली गाड़ियों को एंट्री, 12 लाख वाहन प्रभावित होंगे



ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

दिल्ली में प्रदूषण से निपटने के लिए गुरुवार से ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान का चौथा फेज लागू हो गया है। इसके तहत दिल्ली में सिर्फ बीएस-6 इंजन वाली गाड़ियों को एंट्री मिलेगी। इससे कम मानक वाले दूसरे राज्यों के निजी वाहनों की एंट्री पर रोक लगा दी गई है। इस फैसले से गुरुग्राम, गाजियाबाद, फरीदाबाद और नोएडा से दिल्ली में रोजाना आने-जाने वाली 12 लाख गाड़ियो पर असर पड़ने की आशंका है। आज से नोएडा से 4 लाख से ज्यादा, गुरुग्राम से 2 लाख और गाजियाबाद से 5.5 लाख वाहनों को दिल्ली में आने से रोक दिया जाएगा।

## राजस्थान के 5 शहरों में तापमान 5 डिग्री से नीचे

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

राजस्थान में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। फतेहपुर, डूंगरपुर, लूणकरणसर और नागौर में बुधवार को न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। नागौर में सबसे कम, 3.7 डिग्री तापमान रहा। फतेहपुर में 3.8, लूणकरणसर में 4.3, डूंगरपुर में 4.9 डिग्री तापमान दर्ज हुआ। उत्तर प्रदेश के 30 जिलों में गुरुवार सुबह कोहरे की मोटी परत छाई रही। प्रयागराज, वाराणसी, गोरखपुर, अमेठी, अयोध्या सहित कई जिलों में विजिबिलिटी जीरो या अधिकतम 10 मीटर रही। सड़कों पर वाहन चालकों को सामने कुछ भी नहीं दिख रहा था।

## सरकारी भर्तियों में लेटलतीफी से अभ्यर्थी हो रहे परेशान

### स्कूल शिक्षा विभाग की भर्तियों में सबसे ज्यादा परेशानी

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

पूरे प्रदेश के साथ ही उज्जैन जिले में भी सरकारी भर्तियों में लेटलतीफी से अभ्यर्थी परेशान हैं। परीक्षा होने के बाद परिणाम आने और फिर नियुक्ति होने में दो साल से ज्यादा का समय लग रहा है। स्कूल शिक्षा विभाग की भर्तियों में सबसे ज्यादा परेशानी देखी जा रही है।

दो साल पहले शुरू की गई माध्यमिक शिक्षक (वर्ग-2) और प्राथमिक शिक्षक (वर्ग-3) भर्ती की प्रक्रिया अभी पूरी नहीं हो पाई है और अब नई भर्ती की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। इस बार भी प्राथमिक व माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा जुलाई-अगस्त में ली जाएंगी। मंडल ने अगले साल होने वाली 18 परीक्षाओं की समय-सारिणी जारी कर दी है। पिछले साल की तीन परीक्षाएं भी जनवरी 2026 में होंगी। अभ्यर्थियों को बार-बार आवेदन करना पड़ता है, जिससे उन पर आर्थिक भार पड़ रहा है। स्कूल शिक्षा विभाग ने वर्ग-3 के खाली पदों के लिए साल 2022 में नोटिफिकेशन जारी किया था। इसकी पात्रता परीक्षा साल 2023 में हुई थी।



चयनित परीक्षार्थियों की चयन परीक्षा साल 2025 में हुई। इसके परिणाम 25 सितंबर 2025 को जारी हुए। चयनित अभ्यर्थी अब नियुक्ति का इंतजार कर रहे हैं। देखा जाए तो शिक्षक भर्ती परीक्षा वर्ग-2 के अभ्यर्थी साल 2023 से परीक्षा दे रहे हैं, लेकिन नियुक्ति प्रक्रिया अब तक पूरी नहीं हो पाई। यही हाल शिक्षक भर्ती परीक्षा वर्ग-3 का है। वर्ग तीन के लिए भी दो परीक्षाएं हो रही हैं। पहले पात्रता भर्ती परीक्षा फिर चयन भर्ती परीक्षा देना पड़ता है।

## लोकसभा में आज प्रदूषण पर चर्चा, प्रियंका गांधी शुरूआत करेंगी

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

लोकसभा में गुरुवार को प्रदूषण पर भी चर्चा होगी। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा चर्चा शुरू कर सकती हैं। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव शाम 5 बजे इस चर्चा का जवाब देंगे। उधर, बुधवार को लोकसभा की कार्रवाई आधी रात के बाद भी जारी रही। नए ग्रामीण रोजगार बिल पर चर्चा पूरी हो गई। यह 20 साल पुराने एमजीएनआरईजी एक्ट की जगह लेगा। करीब 14 घंटे तक चली बहस में 98 सदस्यों ने हिस्सा लिया। इसके बाद लोकसभा रात 1:35 बजे स्थगित हो गई। ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान गुरुवार को बहस का जवाब देंगे। हालांकि विपक्ष ने मांग की कि प्रस्तावित कानून को स्थायी समिति के पास भेजा जाए। विपक्षी इंडिया गठबंधन की कई पार्टियां गुरुवार को संसद परिसर में महात्मा गांधी की मूर्ति के पास वीबी-जी-राम-जी बिल के खिलाफ प्रदर्शन करेंगी। जीरामजी बिल पर बहस के बीच उत्तराखंड से बीजेपी सांसद अजय भट्ट की ठिठौली का वीडियो वायरल हो गया है। इसमें वे कहते नजर आ रहे हैं कि लड़की की शादी नहीं हो रही हो, नौकरी नहीं लग रही हो, घर में कलेश हो, पति-पत्नी में नहीं बन रही हो, रिश्ता बिगड़ गया हो, या फिर अगर गाय दूध नहीं दे रही होतो आप जय राम जय राम जय जय राम बोलिए, काम हो जाएगा। कहां इंटेंशन गलत है।

ब्रह्मास्त्र
स्वागतम् 2026
तीन-तीन बहुरंगीय कैलेंडर



एक वितरित दो और कैलेंडर
जल्द आपके हाथों में
नए साल के तीन तरह के
नि:शुल्क कैलेंडर जल्द आपके हाथों में
श्री राम लला मंदिर और श्री महाकाल पोस्टर कैलेंडर
11 दिसंबर के अंक के साथ नि:शुल्क वितरित हो चुका है।
अब दो कैलेंडर बाकी पंचांग कैलेंडर और तिथि कैलेंडर
हॉकर से अपनी प्रति सुरक्षित करें और लेते रहे एक एक करके तीनों कैलेंडर
9977755777, 77710 90777, 9617957337, 9893047988, 0734 4041777, 0731 4085777

## खबर एक नजर...

### गहरे नाले में गिरे दिव्यांग का पुलिस ने किया रेस्क्यू

**उज्जैन।** दिव्यांग के नाले में गिरने का डायल 112 पर इवेंट मिलने पर आधी रात को पुलिस उसकी तलाश में पहुंची और 2 घंटे की तलाश के बाद दिव्यांग को अंगारेश्वर मंदिर क्षेत्र से सुरक्षित रेस्क्यू कर घर तक पहुंचा। जीवाजीगंज थाना प्रभारी विवेक कनोड़िया ने बताया कि रात में भोपाल से इवेंट मिला था कि मंगलनाथ मंदिर क्षेत्र के नाले में दिव्यांग अपनी तीन पहिया सायकल सहित गिर गया है। रात्रि गश्त में तैनात आरक्षक जगदीश गेहलोत, थानसिंह, निर्मल देलावर, सत्येन्द्र कुशवाह दिव्यांग की तलाश में पहुंचे और तलाश शुरू की गई। डायल 112 पर आये नम्बर से संपर्क किया गया, जो दिव्यांग जगदीश का होना सामने आया। उससे पूछताछ करने पर वह सही जगह का पता नहीं बता पा रहा था, 2 घंटे तक पुलिस टीम ने उसकी तलाश की और रात डेढ़ बजे उसे अंगारेश्वर मंदिर के समीप घाट निर्माण के लिये की गई खुदाई स्थल से खोज निकाला। दिव्यांग और उसकी सायकल को गड्ढे से सुरक्षित बाहर निकालने के बाद उसे गायत्रीनगर स्थित घर तक पहुंचाया। दिव्यांग जगदीश ने पूछताछ में उसने बताया कि वह मूलरूप से गुना का रहने वाला है। गायत्रीनगर में किराये से रहता है। रात को उसके साथ 2 दोस्त भी मंगलनाथ तक आये थे। लेकिन वह बाइक से रवाना हो गये। वह अपनी चार्जिंग सायकल से गायत्रीनगर लौट रहा था। रास्ते में बेटरी डिस्चार्ज हो गई। अंधेरा होने से रास्ता समझ नहीं आया और ब्रिज के पास से नीचे गड्ढे में आ गिरा था।

### पार्वती नगर में दंत चिकित्सा शिविर लगाया, 50 बच्चों का परीक्षण किया

**उज्जैन।** जीवनदीप महिला विंग एवं जीवनदीप परिवार के संयुक्त तत्वावधान में सेंट पॉल स्कूल के पास स्थित बस्ती पार्वती नगर में जरूरतमंद बच्चों के लिए निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर लगाया गया। इसमें 50 बच्चों का दंत परीक्षण कर उन्हें दांतों की स्वच्छता और मौखिक स्वास्थ्य के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। इस अवसर पर जीवनदीप संस्था की दंत चिकित्सक डॉ. श्रद्धा जैन ने बच्चों की जांच की तथा उन्हें सही तरीके से दांत साफ करने की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए ब्रश, टूथपेस्ट, कॉपी, पेन फ्रूट्स एवं बिस्किट जैसी उपयोगी सामग्री भी वितरित की गई। इस अवसर पर जीवनदीप महिला विंग की सदस्य उपस्थित थीं।

### श्रीमद भागवत कथा महोत्सव के शुभारंभ पर निकाली शोभायात्रा

**उज्जैन।** क्षीरसागर स्थित नीमा समाज धर्मशाला में सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा महोत्सव अंतरराष्ट्रीय पुष्टिमार्गीय वैष्णव परिषद और सीताबाई बापूलाल नीमा ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार से प्रारंभ हुआ। कथा शुभारंभ से पूर्व गोस्वामी गोवर्धनेश महाराज के सान्निध्य में शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा मदनमोहनजी मंदिर से शुरू हुई जो कथा स्थल क्षीरसागर पहुंची। यात्रा से पहले मदनमोहनजी मंदिर में गिरिराज जी का 51 लीटर दूध से दुग्धाभिषेक किया गया। दोपहर 2 बजे से महाराजश्री ने श्रीमदभागवत कथा का संगीतमय रसपान कराया। आयोजन में वैष्णव परिषद के प्रमुख सदस्य और श्रद्धालु शामिल हुए।

### पेंशनर डे पर किया 75 वर्ष से अधिक आयु के सदस्यों का सम्मान

**उज्जैन।** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन मध्यप्रदेश जिला शाखा उज्जैन ने बुधवार को पेंशनर डे मनाया। मंगल नाथ रोड पर आयोजित कार्यक्रम के अरविंद जैन अध्यक्ष भारत रक्षा मंच उज्जैन, सुभाष चंद्र दुबे सेवानिवृत्त डीएएसपी, डॉ. अनिल दुबे फिजिशियन एवं एनएस राठौड़ सेवानिवृत्त डिप्टी कलेक्टर थे। की अध्यक्षता सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश जीपीएस रघुवंशी ने की। आयोजन में विभिन्न तहसील के अध्यक्षों सहित करीब 200 वरिष्ठ पेंशनर सदस्य शामिल हुए। 75 वर्ष से अधिक आयु के सदस्यों का शाल, श्रीफल और दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मान किया गया।

### जिला अस्पताल में भोजन की गुणवत्ता पर सवाल : शिकायतों पर सीएमएचओ ने जांच टीम बनाई

# मरीजों की शिकायत, अस्पताल में पतली दाल जली रोटियां और पानी मिला दूध मिल रहा





ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

उज्जैन के जिला अस्पताल के चरक भवन में भर्ती मरीजों को मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं। मरीजों का कहना है कि उन्हें पतली दाल, जली हुई रोटियां और पानी मिला दूध परोसा जा रहा है।

मरीजों की शिकायत है कि सुबह जो दूध दिया जाता है, उसमें दूध कम और पानी ज्यादा होता है। वहीं दोपहर के खाने में दाल के नाम पर सिर्फ पानी होता है और रोटियां भी जली हुई मिलती हैं। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद अस्पताल प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लिया है।

बताया जा रहा है कि यह भोजन शासन की योजना के तहत ठेके के माध्यम से तैयार किया जाता है। चरक भवन के पास ही खाना बनाया जाता है, जिसे चरक भवन और माधवनगर अस्पताल दोनों जगह के मरीजों को दिया जाता है। माधवनगर अस्पताल के प्रभारी डॉ. विक्रम रघुवंशी ने भी भोजन और दूध की गुणवत्ता को लेकर नाराजगी जताई है। उन्होंने इस संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को पत्र लिखकर स्थिति से अवगत कराया है।

सीएमएचओ डॉ. अशोक पटेल ने बताया कि पहले भी ऐसी शिकायतें आई थीं, तब ठेकेदार को चेतावनी दी गई थी। अब दोबारा शिकायतें मिलने पर एक आकस्मिक निरीक्षण टीम बनाई गई है। जांच में अगर लापरवाही सामने आई, तो ठेकेदार पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### पुलिस की शिकायत लेकर

# घुटनों के बल पहुंचा युवक

## गले में पिछली सारी शिकायतों की माला पहनकर उज्जैन आईजी ऑफिस में की शिकायत





ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

शाजापुर के ग्रामीण इलाके में रहने वाला किसान थाना अवंतीपुर बड़ोदिया के पुलिसकर्मियों से इतना परेशान हो गया कि कई बार शिकायत करने के बाद भी जब कोई कार्रवाई नहीं हुई तो उसने शिकायत की माला बनाकर अपने गले में डाली और सड़क पर घुटने के बल शिकायत करने उज्जैन आईजी ऑफिस पहुंच गया।

दिनेश सिंह, निवासी ग्राम मुबारिकपुर (चिराटिया), पोलायकला जिला शाजापुर का किसान है और ड्राइवरी भी करता है। दिनेश ने बताया कि अपने बुजुर्ग माता-पिता, पत्नी एवं छोटे बच्चों का एकमात्र सहारा है। फायनेंस किए ट्रैक्टर छोड़ने का भी काम करता हूं। इस दौरान रोहित कीर नामक युवक को खोजते हुए थाना अवंतीपुर बड़ोदिया के थाना प्रभारी घनश्याम बैरागी एवं आरक्षक रवि, कमलेश और राजेश जाट द्वारा मुझे झूठे केस में फंसाने की धमकी दी और मेरे साथ अमानवीय व्यवहार किया। इससे मेरे पूरे परिवार को भय एवं बबार्दी की स्थिति में पहुंचा दिया है।

### 1 लाख रुपए की जबरन उगाही की गई

दिनेश ने आरोप लगाया कि 30 जुलाई को घनश्याम बैरागी ने मेरे दोस्त को रोहित को पकड़ने के लिए मुझे पुलिस चौकी पर बुलाया। इसके बाद मुझे केस में फंसाने की धमकी दी। थाना प्रभारी घनश्याम बैरागी के निर्देश पर पुलिसकर्मियों द्वारा मुझे बिना नोटिस, बिना अपराध पंजीबद्ध किए एवं बिना किसी वैधानिक प्रक्रिया के गांव से उठाकर थाने में कई घंटों तक अवैध रूप से रखा गया। झूठे चोरी के प्रकरण में फंसाने, जेल भेजने एवं जीवन बर्बाद करने की धमकी देकर 1 लाख की जबरन उगाही की गई। मेरा मोबाइल भी जब्त कर लिया गया। लगातार मेरे घर आकर परिवार वालो को धमका रहे हैं। इस कारण पिछले तीन माह से मेरा घर जाना छूट गया है। इससे पहले 8 दिसंबर को शाजापुर एसपी को शिकायत की और 9 दिसंबर को आईजी ऑफिस आया तो साहब नहीं मिल पाए, इस दौरान सीएम हेल्पलाइन में भी शिकायत की। कोई हल नहीं निकला तो बुधवार को सभी शिकायतों की माला पहनकर आईजी ऑफिस पहुंचा हूं।

टीआई घनश्याम बैरागी ने बताया- आष्टा निवासी मोहनलाल ने जून माह में मुबारिकपुर के रोहित कीर को अपना ट्रैक्टर चलाने के लिए दिया था। दो माह तक ट्रैक्टर के किराए के पैसे नहीं मिलने पर सितंबर में मोहन ने थाने में शिकायत की। जांच में पता चला रोहित ने ट्रैक्टर शिवपुरी के मोड़सिंह गुर्जर को बेच दिया। उसे थाने बुलाया तो दिनेश ने रोहित द्वारा ट्रैक्टर बेचने की बात कबूल ली। काफी प्रयास के बाद रोहित को रात में पकड़ा तो उसने कबूला ट्रैक्टर दिनेश ने ही बिकवाया था।

### धीरेन्द्र शास्त्री, सीएम यादव हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे

## उज्जैन में सामूहिक हनुमान चालीसा का 1.5 लाख पाठ होगा, 20 दिसंबर को आयोजन

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



उज्जैन में 20 दिसंबर को 1.51 लाख हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम सुबह 9 बजे से इंदौर रोड स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज मैदान में आयोजित होगा।

जिसमें बागेश्वर धाम के पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, सांसद अनिल फिरोजिया, अभिनेत्री एवं सांसद हेमा मालिनी सहित अनेक संत, महंत, महामंडलेश्वर, शिक्षाविद, चिकित्सक और विभिन्न समाजों के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। सोशल वेलफेयर सोसाइटी ट्रस्ट की कोषाध्यक्ष दुर्गेश नंदिनी शर्मा एवं आयोजन समिति अध्यक्ष देवेंद्र सिंह चावड़ा ने बताया कि इस अवसर पर 1008 हनुमान मंदिरों के ध्वजों की महाआरती भी की जाएगी। कार्यक्रम की शुरूआत श्रीराम धुन से होगी, जिसके बाद सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ संपन्न कराया जाएगा।

आयोजन में प्रमुख मार्गदर्शन पूर्व राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के प्रदेश सचिव राजेश अग्रवाल, वरिष्ठ समाजसेवी भावना जोशी तथा पुणे (महाराष्ट्र) से श्रीराम धुन प्रस्तुति दल का रहेगा। कार्यक्रम स्थल पर विशाल डोम का निर्माण किया जा रहा है, जिसमें डेढ़ लाख से अधिक श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था की जा रही है। आयोजकों के अनुसार, यह आयोजन धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक एकता का भी संदेश देगा।

### गिरफ्त से दूर नकली नोट की फैक्ट्री चलाने वाले 2 आरोपी

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

नकली नोट की फैक्ट्री चलाकर उज्जैन-इंदौर में खपाने वाले 2 मुख्य आरोपी 12 दिन बाद भी पुलिस की गिरफ्त में नहीं आ सके। दोनों की गिरफ्तारी पर इनाम घोषित किया गया है। 4 दिसंबर को पुलिस ने नोटों की डिलेवरी देने वाले 2 युवको को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया था। क्राइम ब्रांच और चिमनगंज थाना पुलिस की टीम ने 4 दिसंबर को पांड्याखेड़ी ब्रिज रेलवे पटरी के पास से हिमांशु उर्फ चीनू गौसर गऊघाट रेलवे कालोनी और दिपेश चौहान निवासी शिवगंगा सिटी हाटकेश्वर के पीछे को गिरफ्तार किया था। दोनों के पास से 17.50 लाख के नकली नोट बरामद किये गये थे। दोनों ने पूछताछ में इंदौर-उज्जैन के बीच नोट खपाने की बात कबूल करते हुए बताया था कि इंदौर अरविंदो अस्पताल के सामने श्रीगंगा विहार कालोनी के फ्लैट में नोट छापने की फैक्ट्री राजेश बरबटे और उसके साथी सोनू टेटवाल द्वारा संचालित करना बताया था।

उज्जैन
गुरुवार
18
दिसम्बर, 2025

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

राहिणि नलिनीलक्ष्मी दिवसो निदधाति दिनकराप्रभवाम्।
अनपेक्षितगुणदोषः परोपकारः सतां व्यसनम्॥

**अर्थः** दिन में जिसे अनुराग है वैसे कमल को, दिन सूर्य से पैदा हुई शोभा देता है। अर्थात् परोपकार करना तो सज्जनों का व्यसन-आदत है, उन्हें गुण-दोष की परवा नहीं होती।

## खबर एक नजर...

### इंदौर में पैथोलॉजी लैब संचालक का अपहरण

**इंदौर।** इंदौर की लसूडिया पुलिस ने एक पैथोलॉजी लैब संचालक के अपहरण और उसके साथ मारपीट के मामले में एफआईआर दर्ज की है। कार नंबर और पहचान के आधार पर पुलिस ने तीन आरोपियों को हिरासत में लिया है। पुलिस के अनुसार, मंगलवार को मूसाखेड़ी के रामनगर निवासी संदीप रेसवाल को कॉल कर सैंपल लेने के बहाने डीबी प्राइट कट के पास एबी रोड पर बुलाया गया। संदीप जब लैब टेक्नीशियन के साथ मौके पर पहुंचे तो कार में बैठे आरोपियों ने उन्हें पास बुलाया और जबरन कार में बैठाकर मारपीट की। मारपीट के दौरान जब लैब टेक्नीशियन ने विरोध किया। उनसे कारण पूछा तो आरोपियों ने कहा कि संदीप से उनका रुपए के लेन-देन का विवाद है, वह बीच में हस्तक्षेप न करे। उनके जाने के बाद उसने पुलिस को मामले की सूचना दे दी। पुलिस ने बताया कि संदीप श्योर पैथोलॉजी के नाम से लैब संचालित करता है। इस प्रकरण में तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। टीआई तारेश सोनी के मुताबिक, तीनों आरोपियों को सुसनेर से राउंडअप किया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि संदीप और आरोपियों के बीच करीब 7 लाख रुपए का लेन-देन था। हालांकि, आरोपियों का कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं मिला है और वे पेशे से खेती-किसानी का कार्य करते हैं।

### सेल्स टैक्स अफसर ने स्ट्रीट डॉग्स पर की फायरिंग

**इंदौर।** इंदौर के द्वारकापुरी इलाके का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें एक सेल्स टैक्स अधिकारी नवीन कोरी खुलेआम बंदूक से फायरिंग करते नजर आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि अधिकारी स्ट्रीट डॉग्स को भगाने के लिए फायरिंग कर रहे थे। वीडियो सामने आने के बाद इलाके में दहशत फैल गई। घटना के बाद दर्शना मुछाल नाम की एक युवती शिकायत लेकर द्वारकापुरी थाने पहुंची। उसका आरोप है कि पुलिस ने न तो सेल्स टैक्स अधिकारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की और न ही उसका आवेदन स्वीकार किया। युवती और उसके परिवार का कहना है कि उन पर समझौते और दबाव बनाने की कोशिश की गई। वहीं पुलिस ने दिनेश सोनगरा की शिकायत पर दर्शना मुछाल, महक मुछाल और उनके परिवार के खिलाफ ही मामला दर्ज कर लिया। एफआईआर में आरोप लगाया गया है कि नगर निगम द्वारा स्ट्रीट डॉग्स को पकड़ने की कार्रवाई के दौरान विवाद हुआ और अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया।

### बहन से दोस्ती के शक में छात्र को पीटा, इंकार करने पर लात-घूंसे मारे

**इंदौर।** जूनी इंदौर थाना क्षेत्र में एक छात्र के साथ बेरहमी से मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में दो रिश्तेदार युवकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। आरोप है कि युवकों ने अपने परिवार की एक लड़की से दोस्ती का शक जताते हुए छात्र को बुलाया और फिर उसकी जमकर पिटाई कर दी। घायल हालत में उसे सड़क पर छोड़कर दोनों फरार हो गए। पुलिस के अनुसार, मोहम्मद उमेर खोखर की शिकायत पर अरशद चौहान और आकिब चौहान के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। उमेर एक निजी कॉलेज में सेकेंड ईयर का छात्र है। उमेर ने पुलिस को बताया कि वह रात में पढ़ाई कर रहा था, तभी अरशद का फोन आया। उसने ब्रुक ब्रांड कॉलोनी बुलाया और कहा कि जरूरी बात करनी है। रात करीब 9 बजे उमेर वहां पहुंचा, जहां अरशद के साथ आकिब भी मौजूद था। दोनों ने उस पर अपनी बहन से दोस्ती करने का आरोप लगाया। उमेर ने जब इस बात से इनकार किया, तो दोनों ने लात-घूंसे से उसकी पिटाई शुरू कर दी।

### इंदौर कलेक्टर-निगम कमिश्नर से कहा- 10 महीने में बस एक ही हिस्से की रेलिंग हट पाई

# एसआईआर के अलावा बीआरटीएस का काम भी जरूरी : हाईकोर्ट

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**



बीआरटीएस की रेलिंग हटाने, इंदौर के बिगड़ते ट्रैफिक और नियम विरुद्ध प्राइवेट वाहनों में हूटर लगाने के मामले में लगी जनहित याचिकाओं के मामले में बुधवार को हाईकोर्ट की डबल बेंच में सुनवाई हुई। इसमें कमेटी ने बीआरटीएस को लेकर रिपोर्ट पेश की।

इस पर कोर्ट ने दोहराया कि जब भोपाल बीआरटीएस की रेलिंग हटाने का फैसला हुआ तो 9 दिनों में हटाकर सड़क चौड़ी हो गई। इंदौर में करीब 10 माह हो गए हैं यहां एक ही हिस्से की रेलिंग हट पाई है। इसे लेकर करीब पौन घंटा तक बहस चली।

दरअसल, मामले में 16 दिसंबर को सुनवाई होनी थी जो नहीं हो सकी थी। इसी दिन कलेक्टर और निगम कमिश्नर की ओर से एक आवेदन लगाया गया कि अभी एसआईआर (विशेष गहन पुनरावलोकन) का काम चल रहा है, इसलिए कोर्ट में हाजिर रहने में माफी दी जाए। आवेदन में इसके लिए 16 फरवरी तक का समय मांगा गया।

बुधवार को पहले सत्र में कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए कहा कि बीआरटीएस का काम भी जरूरी है। आप आदेश की अवहेलना की कोशिश कर रहे हैं। आप ढाई बजे किसी भी हालत में कोर्ट में उपस्थित हों। आपको उपस्थित होना ही होगा। इस तरह के कारण बनाकर ऐसा नहीं कर सकते। साथ ही सरकारी एडवोकेट से कहा कि ये कहीं भी हो इन्हें कोर्ट में हाजिर करवाइए।

**अस्थायी डिवाइडर नहीं लगाए जा सकते**

याचिकाकर्ता की ओर से तर्क दिया कि वहां कि रेलिंग भी हटाकर बीच में डिवाइडर बनाए जाए। इस पर अधिकारियों की ओर से बताया कि इतनी जल्दी डिवाइडर नहीं बन पाएगा क्योंकि अभी हिस्से की रेलिंग को तोड़ा है और यह जगह अभी डिवाइडर के लिए ही छोड़ी गई है।

इस पर याचिकाकर्ता की ओर से सुझाव दिया गया कि अभी जीपीओ चौराहा से शिवाजी नगर प्रतिमा तक बीच में डिवाइडर के रूप में सीमेंट के जो ब्लॉक लगाए हैं वैसे ही बाकी हिस्से में भी लगा दें। इस पर निगम कमिश्नर ने कहा कि इसकी लागत बहुत ज्यादा है। निगम के पास जो था वह लगा दिया गया है।

मामले इसे लेकर याचिकाकर्ता ने सुझाव दिया कि ऐसे में पुलिस की जो बैरिकेडिंग होती है वह लगा दी जाए या प्लास्टिक बैरिकेड्स भी लगाए जा सकते हैं। अगर ये भी उपलब्ध नहीं हैं तो तब तक बीच में खंभे लगाकर रस्सी बांध दी जाए और दूसरी ओर रेलिंग भी तोड़ी जाए। इस पर अधिकारियों ने कहा कि यह जोखिमपूर्ण होगा और दुर्घटनाएं होंगी। लोग इससे कूदकर दूसरी ओर आएंगे।

### कोर्ट की सख्ती के बाद उपस्थित हुए आला अफसर

फिर ढाई बजे कलेक्टर शिवम वर्मा, निगम कमिश्नर दिलीप यादव, ट्रैफिक डीसीपी आनंद कलांदगी डिवीजन बेंच के सामने पेश हुए। मामले में याचिकाकर्ता राजलक्ष्मी फाउंडेशन की ओर से एडवोकेट अजय बागडिया ने सबसे पहले कोर्ट को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि आपके आदेश के कारण ही इतना काम हो पाया है। इसके लिए उन्होंने शहर की ओर से भी धन्यवाद दिया। मामले में अब सुनवाई 12 जनवरी को तय की गई है।

### एक ओर की रेलिंग नहीं हटाने से ट्रैफिक बदहाल

याचिकाकर्ता की ओर से एडवोकेट अजय बागडिया ने कहा कि वर्तमान में बीआरटीएस की एक हिस्से की रेलिंग हटाने से सड़क चौड़ी जरूर हुई है। इससे भंवरकुआ से विजय नगर की ओर आने वाले वाहनों चालकों को अब 1/3 हिस्सा मिल भी रहा है। दूसरी ओर विजय नगर से भंवरकुआ जाने वाले हिस्से की रेलिंग नहीं हटने से रास्ता काफी संकरा हो गया है, जिससे ट्रैफिक का दबाव वहां ज्यादा है।

### सांवेर में पटाखों का अवैध गोदाम को जेसीबी से ढहाया, राऊ में पटाखा दुकान सील

# हातोद में अवैध रूप से रखा 100 किलो बारूद जब्त

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**



जिला प्रशासन द्वारा बुधवार को हातोद में एक अवैध फैक्ट्री पर दबिश देकर दो लोडिंग रिक्शा सहित 100 किलो बारूद, रस्सी और कलर बरामद किया है। इसके साथ ही पुलिस द्वारा संचालक राहुल अग्रवाल सहित तीन अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है।

एडीएम रोशन राय ने बताया कि मौके पर बिना लाइसेंस के पटाखे का निर्माण होना पाया गया है। इसके बाद पूरे माल को जब्त करने के साथ ही अवैध फैक्ट्री को भी तोड़ने की कार्रवाई की गई। प्रशासन की नजरों से बचने के लिए यहां फॉर्म हाउस की आड़ में अवैध फैक्ट्री संचालित की जा रही थी। गाय का शेड बनाकर 8 गाएं भी पाली जा रही थी। इससे लोगों को आभास हो कि फार्म हाउस में गाय पाली जा रही हैं।

ग्राम सोनगिरी तहसील हातोद स्थित चावड़ा कृषि फार्म हाउस जो लगभग 10 हजार वर्ग फीट क्षेत्रफल में बना हुआ है। यह फॉर्म हाउस कृषि भूमि है जो हितेंद्र सिंह पिता बहादुर सिंह एवं आदित्यराज पिता बहादुर सिंह निवासी ग्राम सोनगिर के नाम पर हैं। इस फॉर्म हाउस को राहुल अग्रवाल निवासी विद्या पैलेस कॉलोनी द्वारा 26 मार्च 2025 से कृषि भूमि किराए पर लेने का अनुबंध किया। इसके बाद राहुल द्वारा यहां शेड का निर्माण किया गया। शेड निर्माण होने के बाद अवैध पटाखा फैक्ट्री जिसमें सुतली बम बनाने का काम किया जा रहा था।

मौके से विजय पिता दौलत सिंह निवासी अरविंदो हॉस्पिटल के पास, सागर पिता नंदकिशोर प्रजापत निवासी हम्माल कॉलोनी, रंजीत पिता सुरेंद्र सिंह ठाकुर निवासी रुकमणि नगर इंदौर को हिरासत में लिया गया और दो वाहन मारुति सुपरकैरी और महिंद्रा वीरो बिना नंबर वाहन वाली जब्त की गई।

# महिला के कंधे से निकाला पांच इंच का बड़ा ट्यूमर



**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

इंदौर में डॉक्टरों की एक 25 वर्षीय महिला के कंधे के पास 5 इंच का बड़ा ट्यूमर निकालकर उसे नई जिंदगी दी है। यह सर्जरी 5 घंटे तक चली। ट्यूमर ने कंधे से लगी हड्डी को काफी नष्ट कर दिया था और फेफड़ों के पास नसों से चिपक गया था जो कैंसर में तब्दील हो सकता था। सर्जरी के बाद महिला स्वस्थ है। मामला सीहोर की महिला का है जिसके तीन छोटे बच्चे हैं। उसके बाएं कंधे की हंसली की हड्डी (कॉलर बोन/क्लैविकल) में करीब 12 सेंटीमीटर का ट्यूमर था। यह ट्यूमर कई सालों से धीरे-धीरे बढ़ रहा था। इससे उन्हें कंधे में तेज दर्द, हाथ उठाने में कठिनाई और मांसपेशियों में लगातार कमजोरी महसूस हो रही थी। महिला ने पहले कई अस्पतालों में दिखाया गया, लेकिन ट्यूमर की जटिलता और दुर्लभता के कारण इलाज नहीं मिल सका।

# ट्रैफिक सुधारने ई-रिक्शाओं के लिए बना रहे सेक्टर, जल्द तय होगा फाइनल प्लान

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**



इंदौर के बेतरतीब ट्रैफिक को सुधारने के लिए ट्रैफिक पुलिस एक नवाचार करने की तैयारी में है। इसे लेकर प्लान तैयार किया गया है, जिस पर बुधवार को फाइनल निर्णय लिया जा सकता है। इस नवाचार में ई-रिक्शा को सेक्टर में बांटने की तैयारी की जा रही है। कलर कोड के हिसाब से रिक्शा तय सेक्टर में ही चलेंगी।

**शहर को 10 सेक्टर में बांटने का प्लान; कलर कोडिंग भी कर रहे**

हालांकि, इस प्लान को लेकर बुधवार को भी चर्चा की गई है। इसके बाद संभवतः रविवार को रिक्शा संचालक अपनी बैठक करेंगे और इस प्लान को लेकर चर्चा करेंगे। इसके बाद एक फाइनल मीटिंग पुलिस अधिकारियों के साथ होगी, जिसमें प्लान फाइनल होगा। फाइनल प्लान तैयार होने के बाद ही इसे मूर्त रूप दिया जाएगा। डीसीपी आनंद कलादगी ने बताया कि ई-रिक्शाओं को लेकर दो मीटिंग हो चुकी है। बुधवार को हुई मीटिंग में सेक्टर को लेकर प्लानिंग की गई है। शहर बढ़ा है, और ई-रिक्शाओं की संख्या साढ़े 10 हजार के करीब हैं। ऐसे में सेक्टर की संख्या को 6 से बढ़ाकर 10 किया गया है। इसमें सेक्टर के नाम के साथ ही रोड भी तय की गई है। ई-रिक्शाओं पर सेक्टर क्रमांक, ई-रिक्शाओं की नंबरिंग सहित अन्य जानकारी रहेंगी। ये भी बताया जा रहा है कि सेक्टर तय होने के बाद अगर कोई ई-रिक्शा दूसरे सेक्टर में चलता मिलेगा तो उस पर ट्रैफिक पुलिस कार्रवाई करेंगी। ट्रैफिक सुधार को लेकर ये नवाचार किया जा रहा है।

### रविवार को फिर मीटिंग होगी

ट्रैफिक पुलिस द्वारा तैयार किए गए प्लान को रिक्शा संचालकों द्वारा रविवार को मीटिंग की जाएगी। जिसमें ये प्लान को बताया जाएगा। वे लोग भी इसे लेकर डिस्कशन करेंगे। इसके बाद आगामी बुधवार को एक मीटिंग की जाएगी, जिसमें सेक्टर सहित अन्य बातों को फाइनल किया जाएगा। प्लान फाइनल होने के बाद इसका प्रोसिजर शुरू किया जाएगा। हालांकि ये प्रोसेस काफी बड़ी है, धीरे-धीरे ये प्रोसेस आगे बढ़ेगी।

### सेक्टर में कलर कोडिंग के अनुसार चलेगी

बताया जा रहा है कि ई-रिक्शाओं को कलर कोडिंग के आधार पर सेक्टर बांटे जाएंगे। अलग-अलग कलर की रिक्शाओं को अलग-अलग सेक्टर दिए जाएंगे। ये ई-रिक्शा उसे सेक्टर में चलेंगी।

## खबर एक नजर...

### जिला युवा कांग्रेस ने किया नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्षों का सम्मान

**उज्जैन।** जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष अर्पित यादव के नेतृत्व उज्जैन शहर में नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्षों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

समारोह में नवनियुक्त ब्लाक अध्यक्ष चंद्रभान सिंह चंदेल माधवनगर, संचित शर्मा महाराजवाडा कार्तिक चौक, अभिषेक लाला जीवाजीगंज, रहीम शाह लाला दौलतगंज, बबलू खींची शास्त्री नगर का सम्मान किया गया। अर्पित यादव ने सभी को नवीन दायित्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपके नेतृत्व मे ब्लॉक स्तर पर सशक्त-संगठन बनेंगे। साथ ही शीर्ष नेतृत्व का आभार मानते हुए कहा युवा-शंखनाद के साथ एक नया दौर प्रारंभ होगा।

### जम्प के उज्जैन जिला अध्यक्ष बने राकेश तिवारी

**उज्जैन।** पत्रकार एवं समाजसेवी राकेश तिवारी को नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट से सम्बद्ध जर्नलिस्ट एसोसिएशन ऑफ मध्यप्रदेश (जम्प) का उज्जैन जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। भोपाल में सम्पन्न जम्प की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में राकेश तिवारी को जिला अध्यक्ष एवं नितिन शर्मा को महासचिव घोषित किया गया। बैठक नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश शर्मा के सानिध्य में हुई। जम्प के प्रदेश अध्यक्ष रविन्द्र वाजपेयी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बैठक में प्रदेश भर से पत्रकार शामिल हुए। इस अवसर पर जम्प के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रकाश त्रिवेदी, महासचिव डॉ. आनन्द शुक्ला उपस्थित थे।

### पंजाबी महिला विकास समिति का शपथ ग्रहण

**उज्जैन।** पंजाबी महिला विकास समिति का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि नगर निगम सभापति कलावती यादव, वीना अग्रवाल, डॉ. एस सलूजा रहे। शपथ ग्रहण समारोह में अध्यक्ष शुभ्रा जुल्का, सचिव रितु टंडन ने अपने पद और दायित्व की शपथ ग्रहण की। इस दौरान वरिष्ठ सदस्य सीमा छाबड़ा, प्रेम छाबड़ा, कामिनी जूनेजा, ज्योति नारंग, पूनम जुल्का, शोभा मेहरा, रजनी सेठ आदि मौजूद रहे।

### भारतीय सेन समाज नगर कार्यकारिणी का विस्तार

**बड़नगर।** भारतीय सेन समाज की बैठक तहसील अध्यक्ष रमेश सेन की उपस्थिति में आर्य समाज मंदिर रेलवे स्टेशन रोड़ पर रखी गई। जिसमें नगर कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। जिसमें नगर अध्यक्ष डॉ. मनोज वर्मा, महामंत्री राजेश पड़िहार, उपाध्यक्ष राहुल सेन, सचिव - राहुल सेन को नियुक्त किया गया। इसी प्रकार तहसील कार्यकारिणी में संगठन उपाध्यक्ष पंकज भाटी, महामंत्री कृष्णा उद्योगपति, तहसील मीडिया प्रभारी पवन टांक, मंत्री प्रकाश सेन को नियुक्त किया गया। बैठक के दौरान महिला तहसील अध्यक्ष सुनीता भाटी, संगठन अध्यक्ष सालगराम गोड़, रामचंद्र सेन, राजकुमार पड़िहार मौजूद थे।

# कन्या महाविद्यालय में नेत्र जाँच शिविर का आयोजन



ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय उज्जैन की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा महाविद्यालय परिसर में निःशुल्क नेत्र जाँच शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य छात्राओं एवं महाविद्यालयीन सदस्यों में नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं समय रहते आँखों से संबंधित समस्याओं की पहचान करना था।

कार्यक्रम का प्रारंभ सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्वलन से किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एवं नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अर्चिता सिंह बग्गा (बग्गा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल) ने छात्राओं को आँखों की देखभाल के महत्वपूर्ण उपाय बताते हुए संतुलित आहार, नियमित जाँच एवं डिजिटल उपकरणों के सीमित व सावधानीपूर्वक उपयोग पर विशेष जोर दिया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वंदना गुप्ता ने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि ह्लआँखें हैं तो जीवन हैह्व और छात्राओं को दृष्टिहीनता की स्थिति की कल्पना कराते हुए नेत्र स्वास्थ्य के महत्व को रेखांकित किया।

डॉ बग्गा के साथ बग्गा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल की टीम से श्रेयांश सिजेरिया, विनीता, देवयानी सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम की संयोजक मोनिका परमार द्वारा किया गया एवं आभार की अभिव्यक्ति डॉ. मीरा यादव ने की। शिविर के अंतर्गत महाविद्यालय की छात्राओं एवं महाविद्यालयीन सदस्यों का नेत्र परीक्षण किया गया तथा आवश्यक परामर्श प्रदान किया गया। महाविद्यालय की मीडिया प्रभारी डॉ. रूपा भावसार ने बताया कि यह शिविर स्वास्थ्य जागरूकता की दिशा में एक सराहनीय पहल सिद्ध हुआ, जिससे बड़ी संख्या में छात्राओं एवं स्टाफ को लाभ मिला।



### वर्तमान में उज्जैन जिले में 21,368 मैट्रिक टन उर्वरक उपलब्ध

उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास ने जानकारी दी कि उज्जैन जिले में विगत 01 अक्टूबर से आज दिनांक तक 1,25,878 मै.टन खाद का वितरण हो चुका है। इसमें यूरिया 60,029 मै.टन, डीएपी 13,191 मै.टन और एनपीके 19,014 मै.टन, एसएसपी 31,415 मै.टन और एमओपी 2,229 मै.टन है। वर्तमान में जिले में यूरिया की सहकारी केंद्रों पर उपलब्धता 4,991 मै.टन और निजी उर्वरक विक्रेता केंद्रों पर उपलब्धता 940 मै.टन है। इसी प्रकार डीएपी की सहकारी केंद्रों पर उपलब्धता 895 मै.टन और निजी उर्वरक विक्रेता केंद्रों पर उपलब्धता 238 मै.टन है। एनपीके की सहकारी केंद्रों पर उपलब्धता 2,012 मै.टन और निजी उर्वरक विक्रेता केंद्रों पर उपलब्धता 2,066 मै.टन है। एसएसपी की सहकारी केंद्रों पर उपलब्धता 3,221 मै.टन और निजी उर्वरक विक्रेता केंद्रों पर उपलब्धता 7,005 मै.टन है। गुरुवार को जिले को रतलाम रैक पॉइंट पर 450 मै.टन यूरिया प्राप्त होगा ।

# जरूरतमंद बच्चों के लिए चिकित्सा सेवा, 50 बच्चों का किया दंत परीक्षण

### ब्रश, टूथपेस्ट, कॉपी, पेन फ्रूट्स एवं बिस्किट जैसी उपयोगी सामग्री भी वितरित की

### बच्चों को दी सही तरीके से दांत साफ करने की जानकारी

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

जीवनदीप महिला विंग एवं जीवनदीप परिवार के संयुक्त तत्वावधान में पार्वती नगर स्थित सेंट पॉल स्कूल के समीप बस्ती में जरूरतमंद बच्चों के लिए निःशुल्क दंत चिकित्सा सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत कुल 50 बच्चों का दंत परीक्षण किया गया।




इस अवसर पर जीवनदीप की सेवा भावी दंत चिकित्सक डॉ. श्रद्धा जैन द्वारा बच्चों की जांच की गई तथा उन्हें दांतों की स्वच्छता और मौखिक स्वास्थ्य के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। बच्चों को सही तरीके से दांत साफ करने की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को प्रोत्साहित करने हेतु ब्रश, टूथपेस्ट, कॉपी, पेन फ्रूट्स एवं बिस्किट जैसी उपयोगी सामग्री भी वितरित की गई। इस अवसर पर जीवनदीप महिला विंग की सक्रीय सदस्यों की उपथिति रही।

### पेंशनर डे पर किया 75 वर्ष से अधिक आयु के सदस्यों सम्मान

# प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन मध्यप्रदेश जिला शाखा उज्जैन ने मनाया पेंशनर डे

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन मध्यप्रदेश जिला शाखा उज्जैन द्वारा 17 दिसंबर को पेंशनर डे मनाया गया।

मंगल नाथ रोड पर आयोजित कार्यकम की अध्यक्षता जीपीएस रघुवंशी सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने की। विशेष अतिथि अरविंद जैन अध्यक्ष भारत रक्षा मंच उज्जैन, सुभाष चन्द्र दुबे सेवानिवृत्त डी.ए.एस.पी., डॉ अनिल दुबे फिजिसिएन एवं एन.एस. राठौड डिप्टी कलेक्टर सेवा निवृत्त थे। विभिन्न तहसील के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पेंशनर सदस्य लगभग 200 की संख्या में उपस्थित थे। उक्त गरिमामयी कार्यक्रम में 75 वर्ष से अधिक आयु के सदस्यों का शाल, श्रीफल, व दुप्पटे के द्वारा सम्मान किया गया।




सर्वप्रथम अशोक जैन, जिला अध्यक्ष ने उपस्थित सभी अतिथि व सदस्यों का स्वागत करते हुए स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम में विशेष रूप से अरूणेश्वरी गौतम, ओम वर्मा, कैलाशदास बैरागी, सेवानिवृत्त शिक्षक प्रकाश शर्मा तहसील अध्यक्ष श्री बागवानी, डी.पी. शर्मा, विक्रम सिंह चौहान तहसील अध्यक्ष घटिया, जगदीश कारपेंटर, आर.सी. बैरागी का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन सुरेन्द्र कुमार गौड़ ने किया तथा अंत में ओमप्रकाश दुबे संभागीय अध्यक्ष ने आभार व्यक्त किया।

# निजी भूमि पर सेल्फी प्वाइंट निर्माण को लेकर महापौर को सौंपा ज्ञापन

### योजना को निरस्त करने की मांग

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

उज्जैन नगर पालिक निगम कर्मचारी गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित ने अपनी स्वामित्व की भूमि पर नगर निगम द्वारा किए जा रहे कथित अवैधानिक अतिक्रमण और निर्माण कार्यों को लेकर महापौर के नाम ज्ञापन सौंपा है। संस्था ने मांग की है कि निजी भूमि पर बनाए जा रहे गार्डन एवं सेल्फी प्वाइंट के कार्य को तत्काल रोका जाए। संस्था का आरोप है कि उसकी भूमि सर्वे नंबर 1662 से 1667 तक, कुल 11.466 हेक्टेयर रकबे के एक हिस्से



पर नगर निगम द्वारा वर्षों से उज्जैन शहर का कचरा डंप किया जाता रहा। हाल ही में नगर निगम कमिश्नर के आदेश पर उक्त कचरा हटाया गया, लेकिन अब उसी भूमि पर नगर निगम द्वारा गार्डन एवं सेल्फी प्वाइंट का निर्माण किया जा रहा है, जबकि यह भूमि पूरी तरह निजी है और नगर निगम की नहीं है। संस्था का यह भी कहना है कि नगर निगम द्वारा भूमि के बड़े हिस्से पर वायर फेंसिंग कर दी गई है तथा शहर के विभिन्न क्षेत्रों से हटाए गए बड़े पौधों और वृक्षों का ट्रांसप्लांट भी किया जा रहा है। इसके साथ ही नगर निगम इसी अतिक्रमित भूमि पर मैदान, उद्यान और सेल्फी प्वाइंट विकसित करने की योजना बना रहा है। रत्नेश साहनी ने जानकारी देते हुए बताया कि एमआर-5 रोड पर कनकेश्वर धाम के पास स्थित रघुकुल कॉलोनी की लगभग 54 बीघा भूमि निजी है, लेकिन नाम में नगर निगम से जुड़ाव होने के कारण निगम भ्रमवश वैधानिक निजी संपत्ति पर गार्डन बनाने की योजना बना रहा है, जिसका रघुकुल नगर संघर्ष समिति द्वारा विरोध किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उक्त भूमि पर कॉलोनी निर्माण कर सदस्यों को भूखंड आवंटित किए जाने हैं। भूमि का ले-आउट दो बार नगर तथा ग्राम निवेश कार्यालय से स्वीकृत है, अनुविभागीय अधिकारी से डायवर्सन कराया जा चुका है, डायवर्सन टैक्स शासन को जमा किया गया है तथा कॉलोनाइजर लाइसेंस भी विधिवत प्राप्त है। इसके बावजूद नगर निगम द्वारा भूमि पर अतिक्रमण कर उसे हथियाने का प्रयास किया जा रहा है। ज्ञापन के माध्यम से महापौर से मांग की गई है कि नगर निगम द्वारा संस्था की निजी भूमि पर बनाए जा रहे गार्डन एवं सेल्फी प्वाइंट की योजना को निरस्त किया जाए और किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य तत्काल रोका जाए।

## खबर एक नजर...

### सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय ने जीती राज्य स्तरीय विश्वविद्यालय हॉकी महिला प्रतियोगिता

**उज्जैन।** मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग द्वारा बालाघाट में आयोजित मध्य प्रदेश राज्य स्तरीय विश्वविद्यालय हॉकी महिला प्रतियोगिता में सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन ने चैंपियनशिप जीतकर उज्जैन का नाम रोशन किया। लोकमान्य तिलक शिक्षा महाविद्यालय के प्राचार्य देवेश श्रीवास्तव ने बताया कि इस टूनामेंट में लोकमान्य तिलक शिक्षा महाविद्यालय की सलोनी सूर्यवंशी ने भी प्रतिनिधित्व किया। राज्य स्तरीय विश्वविद्यालय हॉकी महिला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर महाविद्यालय परिवार ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं प्रेषित की।

### महिदपुर में प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया

**उज्जैन।** जनपद पंचायत महिदपुर में बुधवार को मनरेगा योजना अंतर्गत एक बगिया मां के नाम परियोजना में लाभान्वित हितग्राहियों का प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें पौधरोपण,पौधों की सुरक्षा, जलकुण्ड एवं परियोजना में ड्रिप इरीगेशन के सम्बंध में उद्यानिकी विभाग , कृषि विभाग से अनुदान की जानकारी एवं सुविधाओं का लाभ देने के संबंध में तकनीकी मार्गदर्शन दिया गया। उक्त प्रशिक्षण सह कार्यशाला में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत महिदपुर, परियोजना अधिकारी मनरेगा जिला पंचायत, एवं उद्यानिकी विभाग,कृषि विभाग के द्वारा प्रशिक्षण एवं योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

### शहीदों के सम्मान में विजय दिवस का आयोजन किया गया

**उज्जैन,।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ग्रुप कैप्टन श्री विष्णुदत्त शर्मा ने बताया कि गत दिवस को शहीद पार्क, फ्रीगंज, में शहीदों के सम्मान में विजय दिवस के कार्यक्रम का आयोजन जिला सैनिक कल्याण कार्यालय द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान भारत माता के जयकारों के साथ भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण किया गया एवं 1971 के युद्ध में भाग लेने वाले पूर्व सैनिकों का सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ग्रुप कैप्टन विष्णु दत्त शर्मा (से. नि), कल्याण संयोजक सूबेदार (आनरेरी कैप्टन) भंवर सिंह मैरावत (से.नि.), एवं अन्य पूर्व सैनिक उपस्थित रहे।

### स्वसहायता समूह से जुडकर आया सकारात्मक परिवर्तन

**उज्जैन।** उज्जैन जिले के खाचरौद विकासखंड के ग्राम रुपेटा में रहने वाली जीवन बाई पति बगदीराम के परिवार में 08 सदस्य है। घर में पहले कमाने वाले सदस्य सिर्फ उनके पति थे। जिसके कारण परिवार को आर्थिक परेशानियों से जुझना पड रहा था। जीवन बाई कुछ वर्ष पूर्व ग्राम नोडल के माध्यम से अन्नपूर्णा आजीविकास स्वसहायता समूह से जुडी। जिसके पश्चात उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया।

# राजस्व वसूली के लिए विशेष अभियान चलाया जाएं

**पीएचई द्वारा पूर्ण कार्यों को शत-प्रतिशत हस्तान्तरित कर नागरिकों को पेयजल योजना का शीघ्र लाभ दिलवाया जाए**

**लोकसेवा ग्यारंटी अधिनियम में समय सीमा में कार्य ना होने पर संबंधित अधिकारियों पर जुमार्ना लगाया जाए**

**26 जनवरी 2026 के पूर्व 01 अक्टूबर तक के सभी राजस्व प्रकरण निराकृत करें**

**सम्भागायुक्त श्री सिंह ने प्रथम कलेक्टर्स कान्फ्रेंस में निर्देश दिए**



ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

सम्भागायुक्त आशीष सिंह की अध्यक्षता में सम्राट विक्रमादित्य प्रशासनिक संकुल भवन के द्वितीय तल स्थित सभागार में उज्जैन संभाग के समस्त जिलों की कलेक्टर्स कान्फ्रेंस बुधवार को आयोजित की गई। बैठक में संभाग के समस्त जिलों में चल रही योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई तथा समयबद्ध निराकरण और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए। सभी जिलों के कलेक्टर्स ने एजेंड़ा अनुरूप अपने झ अपने जिलों की जानकारी पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत की।

संभागायुक्त श्री सिंह ने बैठक में निर्देश दिए कि राजस्व वसूली के प्रकरणों में नवाचार करते हुए कार्यवाही करें। पटवारी रिपोर्ट के लंबित प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण किया जाए। विगत 1 अक्टूबर से पूर्व के सभी लंबित राजस्व प्रकरणों (नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन) का आगामी 26 जनवरी 2026 तक अनिवार्य रूप से निराकरण किया जाए, लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत समय-सीमा में सेवा प्रदान न करने पर संबंधित अधिकारियों पर लगातार जुमार्ना लगाया जाए, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के कार्यों को गति प्रदान की जाए।

उन्होंने निर्देश दिये कि राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत डिजिटल आजीविका रजिस्टर में लखपति दीदी की प्रविष्टि तथा प्रत्येक जिले की सभी पंचायतों में कम से कम एक एलआईसी दीदी बनाने के लक्ष्य के साथ कार्य करने, जल जीवन मिशन के अंतर्गत पीएचई विभाग द्वारा किए पूर्ण कार्यों का शत-प्रतिशत हैंडओवर सुनिश्चित कर नागरिकों को शीघ्र योजनाओं का लाभ दिलाने, जो विभाग नवीन भवनों में शिफ्ट हो गए है, उन विभागों की पुराने भवनों में को लाइब्रेरी में परिवर्तित करने के निर्देश दिए ताकि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्र-छात्राओं को अध्ययन करने के लिए स्थान मिल सकें। शासकीय विद्यालयों में ई-अटेण्डेंस को लेकर निर्देश दिए कि सभी जिलों के विद्यालयों मे शिक्षकों की उपस्थिति शत प्रतिशत सुनिश्चित की जाए एवं उपस्थिति अनुरूप ही उन्हें वेतन दिया जाए। कृषि क्षेत्र के अंतर्गत किसानों को लगातार फर्टिलाइजर उपलब्ध कराया जाए एवं कस्टम हायरिंग सेंटरों द्वारा किसानों को कृषि यत्रों के उपयोग करने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। बैठक में संभाग के सभी जिलों मे किये जा रहे नवाचारों को भी बताया गया। मंदसौर जिले द्वारा राजस्व रिकॉर्ड में कृषकों को कृषि कार्य के लिए खेतों पर जाने के लिए परम्परागत रास्तों का सीमांकन, अतिक्रमण मुक्त करना एवं नक्शों में चिन्हांकन किया गया। मंदसौर में खेत, कॉलोनी मार्ग से संबंधित विवादों के निराकरण के लिए मौके पर जाकर कार्यवाही की जाती है।

# प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन ने पेंशनर्स दिवस मनाया

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



सुप्रीम कोर्ट द्वारा वर्ष 1982 में पेंशन को पेंशनर्स का अधिकार के रूप में मान्यता प्रदान करने के उपलक्ष्य में वर्ष 1983 से प्रतिवर्ष 17 दिसंबर को पेंशनर्स दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी क्रम में उज्जैन में प्रमुख पेंशनर्स ऐसोसिएशन जिला उज्जैन के तत्वावधान में इंदौर रोड स्थित होटल में पेंशनर्स दिवस के उपलक्ष में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में प्रकाशचंद लोहनी एवं रमेशचंद्र झा भूतपूर्व प्राचार्यद्वय के आतिथ्य में मनाया गया। कार्यक्रम के शुरूआत में देवी सिंह सिसौदिया 80+ वर्ष एवं सुरेश माहेश्वरी 76 वर्ष एवं नवीन सदस्यों तथा शमशेर सिंह तोमर उप प्रांताध्यक्ष, कोमल भुतड़ा संभागीय अध्यक्ष, मंजुलता भाटी जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ एवं अशोक दुबे जिला अध्यक्ष का संगठन द्वारा सांगठनिक सम्मान पट्टिका अंगवस्त्र से स्वागत किया गया। श्री डी.एस.नाकारा भारतीय सेवा के सेवानिवृत्त को उच्चतम न्यायालय में पेंशनर की लड़ाई को लड़ने एवं सफलता प्राप्त करने के लिए याद किया गया। पेंशनर्स के हितों के लिए पेंशन को मूल अधिकार के रूप में मान्यता का निर्णय देने वाले वाय. वी. चंद्रचुड़ मुख्य न्यायाधीश एवं अन्य न्यायमूर्तियों को साधुवाद दिया गया। विजय यादव बड़नगर ने ओजस्वी वाणी से पेंशनर्स की समस्याओं पर ध्यानाकर्षण किया।पेंशनर्स का स्वागत चंद्रशेखर जोशी जिला सचिव, स्वागत संबोधन अशोक दुबे जिला अध्यक्ष एवं संचालन शमशेर सिंह तोमर उप प्रांताध्यक्ष तथा अंत में आभार प्रदर्शन संजय सोनी ने प्रकटकिया। शानदार लजीज व्यंजन के साथ आनंद लेते हुए पेंशनर्स दिवस कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम के पश्चात प्रमुख पेंशनर्स ऐसोसिएशन उज्जैन ने मुख्य सचिव मध्यप्रदेश शासन के नाम सैकड़ों पेंशनर्स के हस्ताक्षरित ज्ञापन को कलेक्टर उज्जैन के माध्यम संप्रेषित किया। इस अवसर पर आनंदी मौर्य, करूणा अवस्थी, मोहिनी मालवीय, सावित्री मंडलोई, दिनेश कुमार व्यास, मुकाम सिंह सिसौदिया, दिलीप पंचाक्षरी तहसील अध्यक्ष बड़नगर, जयप्रकाश जीनवाल, भेरूलाल सोनी, सुशीला साठे सहित 200 से अधिक पेंशनर्स उपस्थित रहे। यह जानकारी डॉ. स्वामीनाथ पांडेय मिडिया प्रभारी द्वारा दी गई।

### जिले में 442 नवीन पात्रता पर्ची जारी

**उज्जैन।** जिला आपूर्ति नियंत्रक श्रीमती शालु वर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत एम राशन पोर्टल पर सत्यापित पात्र हितग्राहियों की आधार ई केवायसी सत्यापन उपरांत शासन से 442 नवीन पात्रता पर्ची जारी की गई है। अनुविभाग बडनगर 23 तराना 121, खाचरौद 109, महिदपुर 80, उज्जैन शहर 65, घट्टिया 16, उज्जैन ग्रामीण 19, नागदा 9 इस प्रकार कुल 442 नवीन पात्र परिवारों को नवीन पात्रता पर्ची जारी की गई है। संबंधित पात्र हितग्राही स्थानीय नगरीय निकाय/ग्राम पंचायत / खाद्य कार्यालय से सम्पर्क कर अपनी नवीन पात्रता पर्ची प्राप्त कर आगामी माह से राशन प्राप्त कर सकते है। इसी प्रकार जिन परिवारों ने ऑनलाईन पोर्टल पर नवीन पात्रता पर्ची हेतु आवेदन स्वीकृत कराया था, परन्तु आज दिनांक तक ईकेवायसी नहीं कराई है।

# नेशनल एन्वायरमेंट यूथ पार्लियामेंट 2025 में शीर्ष 10 में स्थान प्राप्त किया

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

प्रेरणादायक एवं अत्यंत प्रतिस्पर्धात्मक विश्वविद्यालय स्तरीय नेशनल एन्वायरमेंट यूथ पार्लियामेंट 2025 के परिणाम घोषित किए गए, जिसमें शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय, उज्जैन की बी.कॉम प्रथम वर्ष की छात्रा प्रिया शर्मा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शीर्ष 10 प्रतिभागियों में स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ वंदना गुप्ता ने कहा कि प्रिया शर्मा की यह उपलब्धि उनकी निरंतर मेहनत, आत्मविश्वास एवं बौद्धिक क्षमता का सशक्त प्रमाण है। महाविद्यालय परिवार उनकी इस सफलता पर गर्व महसूस करता है तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित करता है।

महाविद्यालय की मीडिया प्रभारी डॉ. कविता जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता के दौरान प्रिया शर्मा ने अपने सशक्त तार्किक विचारों, विषय की स्पष्ट समझ तथा पर्यावरणीय मुद्दों के प्रति गंभीर और संवेदनशील दृष्टिकोण से निर्णायक मंडल को विशेष रूप से प्रभावित किया। उनके प्रभावशाली प्रस्तुतीकरण के परिणामस्वरूप उन्होंने क्षेत्रीय स्तर पर भी सफल सहभागिता की। महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों ने छात्रा की उपलब्धि पर शुभकामनाएं दी एवं हर्ष जताया।

### सम्मानित होंगे मनीष पुष्कले और विजय ढोरे

**उज्जैन।** कलावर्त न्यास द्वारा अपने वार्षिक कला आयोजन, अंतर राष्ट्रीय कलापर्व पर प्रति वर्ष वरिष्ठ कलाकारों को दिया जाने वाला राष्ट्रीय कलाकौस्तुभ सम्मान इस वर्ष नईदिल्ली के वरिष्ठ चित्रकार मनीष पुष्कले तथा आगरा के विजय ढोरे को प्रदान किया जावेगा। न्यास समिति ने सर्वसम्मती से इन कलाकारों के नाम का अनुमोदन करते हुए दोनों कलाकारों को बधाई दी है। न्यास सचिव पवन गरवाल के अनुसार इन कलाकारों को 25 दिसंबर की शाम अलंकरण अनुष्ठान के तहत सम्मानित किया जावेगा।

# 20 दिसंबर को उज्जैन में होगा सामूहिक 1,51,000 हनुमान चालीसा पाठ

**श्री बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर श्री धीरेन्द्र कृष्णा शास्त्री जी के सानिध्य में होगी 1008 हनुमान मंदिर के ध्वज की महाआरती**

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



संत शिरोमणि श्री बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर श्री धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री जी के सानिध्य मे 20 दिसम्बर को सुबह 9 बजे से श्री राम धुन के साथ सामूहिक हनुमान चालीसा का 1.5 लाख पाठ एवं 1008 हनुमान मंदिर के ध्वज की महाआरती बाबा महाँकाल की नगरी उज्जैन में आयोजित किया जा रहा हैं।

श्री राम बालकृष्णा, सोशल वेलफेयर सोसाइटी ट्रस्ट कोषाध्यक्ष दुर्गेश नंदिनी शर्मा एवं आयोजन समिति अध्यक्ष देवंद्र सिंह चावड़ा ने बताया कि समारोह में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, हेमंत खंडेलवाल प्रदेश भाजपा अध्यक्ष, कैलाश विजयवर्गीय नगरीय प्रशासन मंत्री, विशेष अतिथि अनिल फिरोजिया सासंद, हेमा मालिनी अभिनेत्री एवं सांसद सहित संत, महंत, महामंडलेश्वर और शहर के विद्वतजन शिक्षाविद, चिकित्सक एवम सभी समाजों के पदाधिकारी और समाजजन मौजूद रहेंगे। प्रमुख मार्गदर्शन राजेश अग्रवाल, पूर्व राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग प्रदेश सचिव, भावना जोशी वरिष्ठ समाज सेवी, पुणे महा. श्री राम धुन प्रस्तुती का रहेगा। 20 दिसम्बर शनिवार प्रातः 9 बजे इंजीनियरिंग कॉलेज मैदान, इंदौर रोड पर होने वाले इस आयोजन की तैयारियों का अवलोकन बुधवार को आयोजन समिति द्वारा किया गया। आयोजन स्थल पर विशाल डोम का निर्माण किया जा रहा है जहां डेढ़ लाख से अधिक लोगों के बैठने की व्यवस्था की जा रही है। रोहित सिंह बजेपुर, दिलराज सिंह चावड़ा, जीवन सिंह चावड़ा, जितेन्द्र सिंह, रविन्द्र सिंह, जीत सिंह राजपूत, रोहित सिंह, प्रदीप सिंह, रमेशचंद्र वर्मा, पूजा चौहान, रेणुका शर्मा, विद्या शर्मा, मंजू मालवीय, सोनू राठौर, भारती बघेल सहित संस्था श्री राम बालकृष्णा, सोशल वेलफेयर सोसाइटी ट्रस्ट ने सभी से अनुरोध किया है कि इस शुभ अवसर पर सपरिवार पधारकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएँ और हनुमान जी का आशीर्वाद प्राप्त करें।

## खबर एक नजर...

### एनएच-52 पर रफ्तार का कहर, इंदौर जा रहे बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, हालत गंभीर

**शाजापुर।** जिले के सुनेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे-52 पर बुधवार दोपहर एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया। हादसा अभयपुर और सुनेरा के बीच हुआ, जिसमें गुना से इंदौर की ओर जा रहा एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गया, जबकि टक्कर मारने वाला वाहन चालक मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया। सड़क दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर घायल युवक को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका तत्काल उपचार शुरू किया गया। घायल की पहचान भूरा धाकड़, पिता पूरन सिंह धाकड़ निवासी गुना के रूप में हुई है। वह अपनी बाइक से गुना से इंदौर की ओर जा रहा था। हादसे में उसे सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं।

### गांवों की ओर चलेगा प्रशासन, तहसील और पंचायतों में लगेंगे विशेष शिविर

**शाजापुर।** जिले में आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण और बेहतर सर्विस डिलीवरी के उद्देश्य से 19 से 25 दिसंबर 2025 तक सुशासन सप्ताह मनाया जाएगा। इस दौरान भारत सरकार के निर्देशानुसार प्रशासन गांव की ओर-2025 अभियान का आयोजन होगा, जिसमें प्रशासनिक अधिकारी सीधे ग्रामीणों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याएं सुनेंगे। कलेक्टर ऋजु बाफना ने बताया कि भारत सरकार का प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग सुशासन को बढ़ावा देने के लिए यह सप्ताहव्यापी कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। इसमें केंद्र और राज्य सरकार के विभागों की सक्रिय भागीदारी रहेगी।

कलेक्टर ने बताया कि अभियान के दौरान तहसील मुख्यालयों और पंचायत समितियों के स्तर पर विशेष कैंप आयोजित किए जाएंगे। इनका मुख्य उद्देश्य जनता की लंबित शिकायतों को सुलझाना और सरकारी सेवाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। आगामी 23 दिसंबर 2025 को जिला स्तर पर एक वर्कशॉप आयोजित की जाएगी, जिसमें जिले और तहसील स्तर पर अपनाई गई गुड गवर्नेंस प्रैक्टिसेस (सुशासन के अच्छे कार्यों) को संकलित कर प्रशासन गांव की ओर पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा।

### रोजाना होगी मॉनिटरिंग

अभियान के तहत 11 से 18 दिसंबर तक सभी जिलों की ऑनलाइन मैपिंग की प्रक्रिया (प्रथम चरण) पूरी की जा रही है। इसके बाद मुख्य क्रियान्वयन चरण 19 से 25 दिसंबर तक चलेगा, जिसकी प्रगति रिपोर्ट रोजाना पोर्टल पर सबमिट की जाएगी। इस अभियान के जरिए प्रशासन का प्रयास है कि सरकारी कामकाज में पारदर्शिता आए और नागरिकों को दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें।

**घुटनों के बल पुलिस की शिकायत लेकर पहुंचा युवक :**

# गले में पिछली सारी शिकायतों की माला पहनकर उज्जैन आईजी ऑफिस में की शिकायत

ब्रह्मास्त्र » उज्जैन

शाजापुर के ग्रामीण इलाके में रहने वाला किसान थाना अवंतीपुर बड़ोदिया के पुलिसकर्मियों से इतना परेशान हो गया कि कई बार शिकायत करने के बाद भी जब कोई कार्रवाई नहीं हुई तो उसने शिकायत की माला बनाकर अपने गले में डाली और सड़क पर घुटने के बल शिकायत करने उज्जैन आईजी ऑफिस पहुंच गया।

दिनेश सिंह, निवासी ग्राम मुबारिकपुर (चिराटिया), पोलायकला जिला शाजापुर का किसान है और ड्राइवरी भी करता है। दिनेश ने बताया कि अपने बुजुर्ग माता-पिता, पत्नी एवं छोटे बच्चों का एकमात्र सहारा है। फायनेंस किए ट्रैक्टर छोड़ने का भी काम करता हूं।



इस दौरान रोहित कीर नामक युवक को खोजते हुए थाना अवंतीपुर बड़ोदिया के थाना प्रभारी घनश्याम बैरागी एवं आरक्षक रवि, कमलेश और राजेश जाट द्वारा मुझे झूठे केस में फंसाने की धमकी दी और मेरे साथ अमानवीय व्यवहार किया। इससे मेरे पूरे परिवार को भय एवं बबार्दी की स्थिति में पहुंचा दिया है।

दिनेश ने आरोप लगाया कि 30 जुलाई को घनश्याम बैरागी ने मेरे दोस्त को रोहित को पकड़ने के लिए मुझे पुलिस चौकी पर बुलाया। इसके बाद मुझे केस में फंसाने की धमकी दी। थाना प्रभारी घनश्याम बैरागी के निर्देश पर पुलिसकर्मियों द्वारा मुझे बिना नोटिस, बिना अपराध पंजीबद्ध किए एवं बिना किसी वैधानिक प्रक्रिया के गांव से उठाकर थाने में कई घंटों तक अवैध रूप से रखा गया। झूठे चोरी के प्रकरण में फंसाने, जेल भेजने एवं जीवन बर्बाद करने की धमकी देकर 1 लाख की जबरन उगाही की गई। मेरा मोबाइल भी जब्त कर लिया गया। लगातार मेरे घर आकर परिवार वालो को धमका रहे हैं। इस कारण पिछले तीन माह से मेरा घर जाना छूट गया है। इससे पहले 8 दिसंबर को शाजापुर एसपी को शिकायत की और 9 दिसंबर को आईजी ऑफिस आया तो साहब नहीं मिल पाए, इस दौरान सीएम हेल्पलाइन में भी शिकायत की। कोई हल नहीं निकला तो बुधवार को सभी शिकायतों की माला पहनकर आईजी ऑफिस पहुंचा हूं।

टीआई घनश्याम बैरागी ने बताया आष्टा निवासी मोहनलाल ने जून माह में मुबारिकपुर के रोहित कीर को अपना ट्रैक्टर चलाने के लिए दिया था। दो माह तक ट्रैक्टर के किराए के पैसे नहीं मिलने पर सितंबर में मोहन ने थाने में शिकायत की। जांच में पता चला रोहित ने ट्रैक्टर शिवपुरी के मोड़सिंह गुर्जर को बेच दिया। उसे थाने बुलाया तो दिनेश ने रोहित द्वारा ट्रैक्टर बेचने की बात कबूल ली। काफी प्रयास के बाद रोहित को रात में पकड़ा तो उसने कबूला ट्रैक्टर दिनेश ने ही बिकवाया था।

### ब्लॉक अध्यक्षों की घोषणा होते ही इस्तीफे, संगठन में मची राजनीतिक हलचल

ब्रह्मास्त्र » जावरा

मध्य प्रदेश कांग्रेस हाई कमान ने समूचे प्रदेश में मंगलवार को ब्लॉक अध्यक्षो की घोषणा से जिले में बगावत देखने को मिली और पदाधिकारी ने इस्तीफे की झड़ी लगा दी। जिले में ब्लॉक अध्यक्षों के नाम कथित रूप से पैराशूट वाले बताए जा रहे। उक्त नियुक्ति को लेकर जबरदस्त विरोध शुरू हो गया जिसमें जावरा शहर ब्लॉक अध्यक्ष की घोषणा फिलहाल होल्ड पर रखी है । सूत्रों से पता चला है कि पार्टी संगठन में जो वर्षों से सक्रिय कार्यकर्ता थे उनको दरकिनार कर दिया निष्क्रिय नेताओं को पदों पर बिठा दिया। कांग्रेस अध्यक्ष हर्ष विजय गहलोत ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी को पत्र लिखकर अपने पद से इस्तीफा सौंप दिया। वैसे पत्र में निजीकरण से इस्तीफा देना बताया गया। जिला पंचायत सदस्य एवं जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष राजेश भरावा ने भी अपने पास अधिक पद होने से कार्यकताओं को समय नहीं दे पा रहा हूं इसलिए पद से इस्तीफा दे रहा। वहीं एनएसयूआई जिला अध्यक्ष राहुल शर्मा ने भी इस्तीफा की पेशकश की।

### उद्यम को मिलेगी नई रफ्तार, मक्सी में रेम्प योजना की कार्यशाला आज

**शाजापुर।** जिले में उद्योगों को बढ़ावा देने और उद्यमियों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के लिए आज 18 दिसंबर गुरुवार को मक्सी में एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। भारत सरकार की ह्यरेम्पह्न योजना के तहत यह आयोजन जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र द्वारा किया जा रहा है। कार्यशाला दोपहर 1 बजे मक्सी के कुंडी चौक स्थित सरस्वती शिशु मंदिर (शिशु वाटिका) में शुरू होगी। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक नवीन कुमार शुक्ला ने बताया कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग के निर्देशानुसार यह पहल की गई है। इसका मुख्य उद्देश्य जिले की औद्योगिक इकाइयों को आधुनिक तकनीकों से जोड़कर उन्हें और अधिक मजबूत बनाना है।

महाप्रबंधक ने बताया कि कार्यशाला में उद्यमियों को सिर्फ योजनाओं का ब्यौरा ही नहीं, बल्कि व्यावहारिक समाधान भी बताए जाएंगे। मप्र एमएसएमई प्रोत्साहन योजना, उद्योग विकास अनुदान और औद्योगिक भूमि आवंटन प्रक्रिया। स्टार्टअप शुरू करने और उसके लिए मिलने वाली सरकारी मदद।

# पेंशनर्स ने शाजापुर कलेक्ट्रेट में किया जंगी प्रदर्शन, सरकार को चेताया- हक नहीं मिला तो चुप नहीं बैठेंगे

ब्रह्मास्त्र » शाजापुर

उम्र के जिस पड़ाव पर लोग आराम की उम्मीद करते हैं, वहां बुधवार को अपने हक और सम्मान के लिए बुजुर्गों ने ऐसी हुंकार भरी कि कलेक्ट्रेट परिसर गूंज उठा। मौका था पेंशनर्स डे का, जब प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन जिला शाखा शाजापुर के बैनर तले जिलेभर के सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर ऐतिहासिक और जंगी प्रदर्शन किया। सैकड़ों की संख्या में एकत्रित पेंशनर्स ने जिलाध्यक्ष रघुवीर सिंह पंवार के नेतृत्व में जोरदार नारेबाजी की और शासन को स्पष्ट संदेश दिया कि यदि उनकी जायज मांगें नहीं मानी गईं, तो वे चुप नहीं बैठेंगे। प्रदर्शन के उपरांत पेंशनर्स ने मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव म.प्र. शासन के नाम एक ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी मनीषा वास्केल को सौंपा।

आंदोलन के बीच सम्मान की एक भावुक तस्वीर भी देखने को मिली। एसोसिएशन ने अपने उन साथियों का सम्मान किया जिन्होंने जीवन के 75 बसंत देख लिए हैं। एसडीएम मनीषा वास्केल ने इन वयोवृद्ध पेंशनर्स को अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया और उनके दीर्घायु जीवन व अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। कार्यक्रम में फतेहसिंह जाट, गोपाल स्नेही, राजेन्द्र पाठक, कृष्णा तिवारी, विनोद शितुत, नंदकिशोर सोलंकी, शिवसिंह, रमेशचन्द्र शर्मा, माखनसिंह परमार, श्रीकृष्ण शर्मा, पदमा श्रीवास्तव, कैलाश नारायण शर्मा, रमेश चन्द्र गुप्ता, के.पी. मिश्रा, मनोरमा चावड़ा और मनोहर लाल शर्मा का सम्मान हुआ।

एसोसिएशन ने ज्ञापन के माध्यम से शासन के समक्ष अपनी मांगे रखी कि जिला स्तर पर पेंशन कार्यालय को बंद करने की कवायद पर रोक लगाई जाए, केंद्र सरकार के समान जुलाई 2025 से 3 प्रतिशत राहत राशि एवं एरियर का तत्काल भुगतान किया जाए, 1 जुलाई 2019 से जून 2025 तक की महंगाई राहत की अवशेष राशि का भुगतान हो, जिला स्तर पर पेंशनर्स फोरम गठित कर नियमित बैठकें की जाएं, बिजली बोर्ड के पेंशनर्स को भी राज्य कर्मचारियों की तरह जिला पेंशन कार्यालय के माध्यम से पेंशन व स्वत्वों का भुगतान हो, साथ ही सेवानिवृत्त शिक्षकों के अर्जित अवकाश प्रकरणों का शीघ्र निराकरण हो।



### सैकड़ों पेंशनर्स ने दिखाई एकजुटता

प्रदर्शन के दौरान संरक्षक टी.आर. सिसोदिया, राजेन्द्र शर्मा, दीवान सिंह यादव, संतोष सचान, जिला महामंत्री तिलोक चन्द्र भालोट, जिला सचिव कीरत सिंह बुंदेला, उपाध्यक्ष हरीष ठोमरे, अनिल शर्मा, शिवाजी सोनी, पुलिस प्रकोष्ठ अध्यक्ष भगवान पुरी गोस्वामी, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष मधुकान्ता दवे, पी.एच.ई. समिति अध्यक्ष बी.एल. मेहता, स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष संजय अष्ठाना, बहादुर सिंह गौर, सत्येन्द्र दीक्षित, डॉ. राम सहाय जाटव, दिलशाद खान, शकीर अहमद, अब्दुल वकील खान, मजहर वारसी, अशोक खतेड़िया, सलीम खां मंसूरी, महेश त्रिवेदी, चन्दर सिंह परमार सहित बड़ी संख्या में पेंशनर्स मौजूद थे।

# दिन में धूप, रात में ठिठुरन, नीचे लुढ़का पारा

## शाजापुर में सर्दी ने दिखाए कड़े तेवर, न्यूनतम तापमान 6.8 डिग्री दर्ज

ब्रह्मास्त्र » शाजापुर

जिले में मौसम का मिजाज अब पूरी तरह बदल चुका है। पिछले 24 घंटों में तापमान में आई भारी गिरावट ने शाजापुर वासियों को कड़ाके की ठंड का अहसास करा दिया है। दिन में जहां खिली धूप थोड़ी राहत दे रही है, वहीं सूरज ढलते ही बर्फीली हवाओं का असर शुरू हो जाता है। मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात इस सीजन की सबसे सर्द रातों में से एक रही। मौसम विभाग के आंकड़ों ने भी इस बात की तस्दीक कर दी है कि अब लापरवाही भारी पड़ सकती है।

क्या कहते हैं आंकड़े?



स्थानीय मौसम विशेषज्ञ सत्येंद्र धनोतिया ने बताया कि उत्तर भारत से आ रही सर्द हवाओं के चलते अधिकतम तापमान 27.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 6.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। धनोतिया की मानें तो अधिकतम और न्यूनतम तापमान में करीब 20 डिग्री का बड़ा अंतर है। यही कारण है कि दिन में गर्मी और रात में अत्यधिक सर्दी महसूस हो रही है। यह डबल अटैक सेहत के लिए हानिकारक हो सकता है।

पारा 7 डिग्री से नीचे जाने का असर शहर की दिनचर्या पर साफ दिख रहा है। शाम 8 बजे के बाद बाजारों में चहल-पहल कम हो गई है। लोग जल्दी घरों में दुबक रहे हैं। वहीं सुबह की सैर पर निकलने वाले लोगों की संख्या में कमी आई है और जो निकल रहे हैं, वे पूरी तरह से गर्म कपड़ों में लिपटे नजर आ रहे हैं। इसके साथ ही चौराहों पर लोग अलाव तापते देखे जा सकते हैं।

### हरदा जन क्रांति को लेकर करणी सेना ने शाजापुर में भरी हुंकार, 21 को कूच करेंगे हजारों सैनिक

**शाजापुर।** हरदा में 21 दिसंबर को आयोजित होने वाले जन क्रांति न्याय आंदोलन की तैयारियों को लेकर शाजापुर में करणी सेना परिवार ने पूरी ताकत झोंक दी है। बुधवार को संगठन ने शहर में आमंत्रण यात्रा निकालकर सर्व समाज को इस महा आंदोलन में शामिल होने का आह्वान किया। जिला मीडिया प्रभारी रोहित सिंह राजपूत ने बताया कि यात्रा मां राजराजेश्वरी मंदिर से शुरू होकर बस स्टैंड, नई सड़क, छोटा चौक, बड़ा चौक, सोमवारिया और मगरिया होते हुए वापस मंदिर प्रांगण में संपन्न हुई। इस दौरान शहर के प्रमुख मार्गों पर करणी सैनिकों ने घर-घर और दुकान-दुकान जाकर लोगों को पीले चावल देकर निमंत्रण दिया।

### खेल चेतना मेला की तैयारी को मूर्त रूप देने के लिए हुई बैठक

# 20 से 23 दिसंबर तक आयोजित होगा खेल महाकुंभ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम



क्रीड़ा भारती एवं चेतन्य काश्यप फाउंडेशन के तत्वावधान में 20 से 23 दिसंबर तक खेल चेतना मेला आयोजित होगा। मेले की तैयारी को मूर्त रूप देने के लिए आयोजन समिति, खेल सलाहकार, संयोजक, सहसंयोजकों के साथ ही खेल प्रशिक्षकों की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। इसमें अब तक हुए कार्यों की समीक्षा की गई। साथ ही शुभारंभ अवसर पर शहर में निकलने वाली रैली सहित विभिन्न विषयों पर विस्तृत रूप से चर्चा हुई।

फाउंडेशन अध्यक्ष एवं सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य काश्यप के नेतृत्व में खेल चेतना मेला आयोजित होगा। खेल मेला में इस बार विशेष रूप से आकर्षण का केंद्र बालिका क्रिकेट रहेगा, जो कि टेनिस बॉल से होगा। साथ ही जिस विद्यालय के सर्वाधिक खिलाड़ी खेल चेतना मेला के खेलों में भागीदारी करेंगे, उन्हें विशेष पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

आयोजन समिति सचिव मुकेश जैन ने बताया कि इस बार 98 स्कूलों ने अब तक सहभागिता की है। अन्य स्कूलों की प्रविष्टियां भी आना शेष है। शुभारंभ अवसर पर कॉलेज ग्राउंड से खेल जागृति रैली का शुभारंभ होगा, जो शहर के विभिन्न मार्गों से होकर नेहरू स्टेडियम पर पहुंचेगी, यहां इसका समापन होगा।

खेल चेतना मेला आयोजन समिति सचिव मुकेश जैन ने समस्त अभिभावकों, स्कूल संचालक व प्राचार्यों से आव्हान किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए खेल स्पर्धाओं में शामिल होने के लिए प्रेरित कर मैदान तक लाए। खेल मेले में इस बार 7 हजार से अधिक बच्चों की सहभागिता सुनिश्चित होगी। बैठक में मैदानों को समय पूर्व सभी तैयारियां पूर्ण करने की बात कही। समिति सचिव श्री जैन ने बताया कि इस बार शतरंज प्रतियोगिता लॉ कॉलेज के स्थान पर रोटरी हॉल में आयोजित होगी। बैठक में क्रीड़ा भारती जिलाध्यक्ष डॉ. गोपाल मजावदिया, सचिव अनुज शर्मा, अजीत छाबड़ा, राकेश शर्मा, बलवंत भाटी, आर.सी. तिवारी, अखिलेश गुप्ता, हरीश चांदवानी आदि मौजूद थे।



## शास. माध्यमिक विद्यालय में शिक्षकों ने बच्चों को स्वेटर वितरित किये

**पिपलिया मंडी।** मल्हारगढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम नैनोरा स्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय में मानवता और सेवा भावना का अनुकरणीय उदाहरण देखने को मिला। विद्यालय के समर्पित शिक्षक-शिक्षिकाओं ने शीत ऋतु को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों के हित में एक सराहनीय पहल की। विद्यालय प्रधानाध्यापक वीरम सिंह शक्तावत, शिक्षिका प्रेम पाटीदार एवं किरण फरक्या द्वारा स्वयं के खर्चे से विद्यालय के 31 जरूरतमंद बच्चों को स्वेटर वितरित किए गए। स्वेटर पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। इस पहल से बच्चों को ठंड से राहत मिलने के साथ-साथ उनमें पढ़ाई के प्रति उत्साह भी बढ़ा है। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने बच्चों को नियमित विद्यालय आने, मन लगाकर अध्ययन करने तथा अनुशासन का पालन करने की सीख दी इतना ही नहीं वर्षा ऋतु में स्कूल की छत टपकने के कारण बच्चों को पढ़ाई में आ रही बाधा को समझते हुए भी अपने अपने निजी खर्चे से 59 हजार रुपये खर्च कर छत सुधरवाने का काम किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत नैनोरा के सरपंच प्रतिनिधि एवं भाजपा मंडल उपाध्यक्ष शिवपाल सिंह शक्तावत विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार की ओर से सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।

# रणजीत सिंह वाल्मीकि चैंपियन ट्रॉफी के शुभारंभ में मुख्य अतिथि के रूप में हुए उपस्थित

ब्रह्मास्त्र ▸▸ पिपलिया मंडी



17 दिसंबर 25 को स्थानीय अंबेडकर क्रिकेट क्लब पिपलिया मंडी द्वारा आयोजित वाल्मीकि चैंपियन ट्रॉफी के शुभारंभ के अवसर पर असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस मध्य प्रदेश अध्यक्ष एवं किसान कांग्रेस प्रदेश महामंत्री तथा ग्राम पंचायत मुंदेडी सरपंच प्रतिनिधि कुंवर रणजीत सिंह शक्तावत

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए तथा समस्त अतिथियों के साथ फीता काटते हुए पांच दिवसीय टेनिस बॉल क्रिकेट टूनामेंट का शुभारंभ करवाया। इस मौके पर आपने संबोधित करते हुए वाल्मीकि समाज द्वारा प्रतिवर्षा अनुसार आयोजित क्रिकेट टूनामेंट के लिए समाज को बधाइयां दी । कुंवर शक्तावत ने अपने उद्बोधन में पिपलिया मंडी की स्वच्छता और पिपलिया मंडी में धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन में जिस प्रकार से वाल्मिक सामान के शिरोधार लोग उपस्थित होकर कार्यक्रमों को मूर्त रूप देते हैं उनको भी धन्यवाद ज्ञापित किया उपरोक्त टूनामेंट में महाराष्ट्र,गुजरात,राजस्थान एवं मध्य प्रदेश से आए हुए क्रिकेट के खिलाड़ियों से खेल को खेल की भावना से खेलने हेतु निवेदन किया और भाई विनय नेकाडी जिन्होंने मध्य प्रदेश स्तर पर पिपलिया मंडी का नाम रोशन किया उनसे प्रेरणा लेने हेतु सभी खिलाड़ियों से आग्रह किया। आपने खिलाड़ियों से परिचय करते हुए खिलाड़ियों का हौसला अफजाई किया। सभी खिलाड़ियों को हार से कभी निराश नहीं होने हेतु निवेदन किया। इस अवसर पर पिपलिया मंडी नगर परिषद प्रतिनिधि सुनील देवरिया परिषद उपाध्यक्ष भारत सिंह सोनगरा पूर्व सरपंच प्रतिनिधि एवं भामाशाह ठा.कृष्ण पाल सिंह शक्तावत,करणी सेना तहसील अध्यक्ष कुंवर लोकेंद्र सिंह सोनगरा,विधायक प्रतिनिधि लोकेश कराडा,परिषद पार्षद एवं कांग्रेस नेता सरफराज मेंव,परिषद पार्षद अशोक कोहली,ललित कसेरा के साथ ही साथ अंबेडकर क्रिकेट क्लब के पदाधिकारी गोपाल जी राठौड़,अजय राठौर,सोनपाल,नागेश्वर राठौर,राहुल राठौर,विजय राठौड़,अनिल राठौड़ आदि अनेक खिलाड़ि और खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## शौर्य यात्रा के पूर्व निकली संत पदयात्रा, 27 दिसंबर को होगा हिंदुत्व का शंखनाद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जावरा

विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के संयुक्त तत्वाधान में २७ दिसंबर को नगर में शौर्य यात्रा( हिंदुत्व का शंखनाद) निकाली जावेगी ।यात्रा को लेकर व्यापक रूप से तैयारी चल रही है। शौर्य यात्रा के आह्वान के लिए मंगलवार को जागनाथ महादेव मंदिर पुल बाजार से संत पद यात्रा प्रारंभ हुई ।जो नगर के भड भुजा चौक ,बजाज खाना, घंटा घर चौराहा, हंगामा चौक ,पिपली बाजार ,शुक्रवारि या, गोवर्धन नाथ मंदिर चौराहा होते हुए



गीता भवन परिसर पहुंची ।संत पदयात्रा में विभिन्न संत पुजारी एवं हिंदू संगठन पदाधिकारीयो के साथ सर्व समाज के लोग शामिल हुए। पद यात्रा में संत श्री प्रकाशनाथ श्री नाथ आश्रम करवा खेड़ी ,संत श्री दिनेश व्यास आश्रम घाट वास, संत श्री रघुनाथ दास त्यागी आश्रम पिपलिया जोधा, संत श्री सेवक दास नरसीह मंदिर कलालिया, संत श्री राजू गुरु बडायला चौरासी, संत मनोज कश्यप शेरपुर, भागवतचार्य पुष्पेंद्र शर्मा खेड़ापति हनुमान मंदिर जावरा, श्याम सुंदर शर्मा जावरा शामिल हुए।

विश्व हिंदू परिषद के विभाग संगठन मंत्री अर्जुन गहलोत ने शौर्य यात्रा की भूमिका राखी। इस मौके पर विभाग सहसंयोजक राधेश्याम अंजना, जिला अध्यक्ष मधुसूदन पाटीदार, जिला मंत्री तूफान सिंह यादव, जिला कोषाध्यक्ष जीवन सिंह गुर्जर उपस्थित थे।



## स्टेडियम व घंटाघर क्षेत्र में पहुंची श्रीमती बामनिया,सब्जी मंडी में हटवाया अतिक्रमण

नीमच। सफाई व्यवस्था को लेकर निरंतर सक्रिय नगर पालिका परिषद नीमच की मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया ने 17 दिसंबर को प्रातः अचानक राजेंद्र प्रसाद स्टेडियम, घंटाघर क्षेत्र व सब्जी मंडी पहुंचकर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा सब्जी मंडी में टूटी-फुटी गुमटीयों, ठेलो व अनुपयोगी वस्तुएं रखकर किए गए अतिक्रमण को हटवाकर जेसीबी व ट्रैक्टर ट्राली के माध्यम से पुरानी नगर पालिका भिजवाया तथा संबंधित क्षेत्र के स्वच्छता पर्यवेक्षकों को सफाई व्यवस्था सुधारने व सब्जी व्यवसाइयों को पॉलीथिन थैली की जगह कपड़े की थैली का उपयोग करने के निर्देश दिए। सीएमओ श्रीमती बामनिया ने राजेंद्र प्रसाद स्टेडियम में पहुंचकर स्टेडियम के अंदर व पीछे की तरफ बाहर निराश्रित पशुओं को देख नाराजगी जताई तथा पशुपालक को आगे से पशुओं को वहां न छोड़ने की हिदायत दी व स्टेडियम के अंदर पर्याप्त साफ-सफाई रखने के निर्देश संबंधित स्वच्छता पर्यवेक्षक को दिए। इसके पश्चात श्रीमती घंटाघर क्षेत्र में पहुंची तथा घंटाघर के भीतर व बाहर पर्याप्त साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए। तत्पश्चात श्रीमती बामनिया सब्जी मंडी पहुंची और वहां कपड़े की थैली वाली मशीन तथा सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करने के साथ ही अतिक्रमण के उद्देश्य से रखी गई अनूप अनुपयोगी गुमटियों, ठेलो व अन्य सामग्री को जेसीबी के माध्यम से हटवाकर ट्रैक्टर ट्राली से पुरानी नगर पालिका पहुंचवाया।

# जय बजरंग सेना द्वारा कम्बल वितरण किये



ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंदसौर

हाडकपाने वाली इस सर्दी और ढिढुरन के बीच स्थानीय गांधी चौराहा पर बीति रात्रि जय बजरंग सेना के बैनर तले गरीब, असहाय, वृद्ध और जरूरतमंदो लोगो को ठण्ड से बचने के लिये कम्बल वितरित किये गये और उन्हें ठण्ड से राहत पहुंचाने पर लाभार्थियो के चेहरे पर अलग ही खुशी देखने को मिली। इस अवसर पर बजरंग सेना, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, धर्मगुरू, गणमान्य नागरिकब बडी संख्या में उपस्थित थे।

जय बजरंग सेना के सेवा प्रकल्पों के तहत हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी कडकडाती ठण्ड में शीतलहर से राहत देने को लेकर बेसहारा, कमजोर गरीबो को कम्बल वितरण के आयोजन मे बतौर अतिथि के रूप मे भाजपा प्रदेश प्रवक्ता यशपाल सिसोदिया, नपा अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, भाजपा मण्डल अध्यक्ष विनोद डगवार, संस्कृत पाठशाला के आचार्य कपिल शास्त्री, भाजपा नेता विनय दुबेला, भानुप्रताप सिसोदिया, अनिल कियावत, महेन्द्र परिहार, राजेश गुर्जर, सुनिल बसंल, जय बजरंग सेना के प्रदेश अध्यक्ष सुरज बैरागी, जिला अध्यक्ष विशाल शिल्पी, व उमेश परमार सहित बडी संख्या मे पदाधिकारी उपस्थित थे, इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता श्री सिसोदिया ने कहां कि, जरूरत मंदो की सेवा करना ही सबसे बडी सेवा है, वास्तविक जो गरीब, निर्धन है उन्हें ठण्ड से बचाने की दिशा में बजरंग सेना द्वारा जो कार्य किये जा रहे है।

# अफीम की तस्करी करने वाले को 4 वर्ष सश्रम कारावास

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंदसौर

माननीय अतिरिक्त विशेष न्यायाधीश महोदय, (एन.डी. पी.एस.) मंदसौर द्वारा आरोपी रानाराम सुतार पिता खियाराम, आयु लगभग 34 वर्ष, निवासी-102, हनुमान नगर, पाल बालाजी जौधपुर (राजस्थान) को अवैध मादक पदार्थ अफीम की तस्करी करने के अपराध में दोषी पाते हुए 4 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 25 हजार रुपये जुर्माने से दण्डित किया ।

अभियोजन मीडिया प्रभारी श्री बलराम सौलंकी द्वारा घटना के संबंध में बताया कि दिनांक 17.7.2020 को पुलिस थाना सीतामऊ को विश्वसनीय मुखबिर ने सूचना दी कि रानाराम पिता खियाराम सुतार निवासी हनुमान नगर जोधपुर राजस्थान का होकर जिसने काले रंग की बैग कन्धे पर टांग रखी है, काले रंग की टीशर्ट व काले रंग का लोवर पहने है तथा चेहरे पर हल्की दाढी होकर मध्यम कद का है, सीतामऊ-सुवासरा रोड पर गांव सेमलिया रानी फन्टे पर यात्री प्रतिक्षालय में बैठा है, जो कि सुवासरा से रेल पकडकर जोधपुर जाने वाला है, जिसे सीतामऊ-सुवासरा रोड पर सेमलिया फन्टे पर तत्काल दबिश दी जाये तो अवैध अफीम के साथ पकडा जा सकता है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस फोर्स व पंचान सीतामऊ-सुवासरा रोड पर सेमलिया रानी फन्टे पर यात्री प्रतिक्षालय पहुंचे, जहां मुखबिर व्दारा बताये हुलिये का व्यक्ति बैठा दिखा, जिसकी फोर्स व पंचो की मदद से घेराबन्दी कर बैठे व्यक्ति को मुखबिर सूचना से अवगत कराकर एन.डी.पी.एस. एक्ट के प्रावधानों के तहत उसके संवैधानिक अधिकारो से अवगत कराते हुये उसकी सहमति अनुसार उसके कब्जे वाले बैग की तलाशी लेते बैग से अवैध मादक पदार्थ अफीम पाये जाने पर उपस्थित पंचों के समक्ष कुल 1 किलो 500 ग्राम अफीम व मोबाईल, बैग जप्त किया गया।

## 9 लाख की लागत से वीर पार्क रोड की सड़क होगी चोड़ी और सुंदर कार्य प्रारंभ

नपा अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष ने किया निर्माण कार्य का निरीक्षण

नीमच। नगर पालिका परिषद नीमच द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चोपड़ा के मार्गदर्शन में शहर में जारी विकास कार्यों की श्रंखला के तहत करीब नौ लाख रुपए की लागत से वार्ड क्रमांक 25 व 34 के अंतर्गत आने वाले वीरपार्क रोड पर लायंस पार्क से महेश सर्किल तक सड़क चौड़ी करण का कार्य किया जा रहा है। इस कार्य के पूर्ण होने पर यह सड़क चोड़ी और सुंदर नजर आने लगेगी। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चोपड़ा ने वार्ड क्रमांक 25 की पार्षद एवं नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना करण सिंह परमाल, वार्ड क्रमांक 34 के पार्षद प्रतिनिधि श्री विनीत पाटनी, पार्षद श्री रूपेंद्र लोक्स,श्री योगेश कविश्वर आदि के साथ सड़क के चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया तथा ठेकेदार व इंजीनियर को कार्य गुणवत्तापूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान नपाध्यक्ष श्रीमती चोपड़ा ने कहा कि चोड़ी सड़के शहर को सुंदरता प्रदान करती है शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सड़कों का निर्माण कराया गया है और जो क्षेत्र शेष बचे हैं वहां भी जल्द ही सुंदर सड़कों का निर्माण होगा।



## गौरव खन्ना ने लॉन्च किया अपना यूट्यूब चैनल

### लेकिन कुछ समय बाद ही हुआ गायब अकाउंट टर्मिनेट होने का दिखा मैसेज

बिग बॉस 19 विनर गौरव खन्ना ने शो जीतने के कुछ दिनों बाद मंगलवार को अपना यूट्यूब चैनल लॉन्च किया। गौरव ने इसकी जानकारी अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर दी और चैनल का लिंक भी शेयर किया। हालांकि, कुछ ही समय बाद इस लिंक ने काम करना बंद कर दिया। लिंक पर क्लिक करने पर मैसेज दिखा रहा है कि यह यूट्यूब वीडियो उपलब्ध नहीं है, क्योंकि उससे जुड़ा अकाउंट बंद कर दिया गया है।

इसके बाद से सवाल उठने लगे कि क्या गौरव खन्ना का यूट्यूब अकाउंट बंद हो गया है? अगर हुआ है तो क्यों हुआ?

इस मामले पर अभी तक गौरव या यूट्यूब की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। सोशल मीडिया पर फैंस इस फैसले को लेकर तरह-तरह के सवाल कर रहे हैं। कई यूजर्स यह जानना चाहते हैं कि क्या यह किसी टेक्निकल कारण से हुआ या फिर किसी पॉलिसी से जुड़ा मामला है। गौरव द्वारा चैनल का लिंक शेयर किए जाने के बाद कई फैंस को उनका यूट्यूब चैनल नहीं मिला। इस पर यूजर्स ने कमेंट सेक्शन में सवाल पूछने शुरू कर दिए। एक यूजर ने लिखा कि वह गौरव का यूट्यूब वीडियो ढूंढ नहीं पा रहे हैं और चैनल सर्च करने पर उपलब्ध नहीं दिख रहा है। उन्होंने पूछा कि आखिर क्या हुआ? इसके जवाब में दूसरे यूजर ने कहा कि जब अचानक सब्सक्राइबर्स तेजी से बढ़ते हैं, तो ऐसा टेम्परेरी इश्यू हो सकता है और मेल करने पर चैनल वापस आ जाता है। बता दें कि गौरव खन्ना ने चैनल पर जो पहला वीडियो अपलोड किया था, उसमें वह शांत अंदाज में नजर आए। वीडियो में उन्होंने अपनी जिंदगी, करियर और बिग बॉस के घर में बिताए महीनों के अनुभव शेयर किए। उन्होंने अपनी पढ़ाई और प्रोफेशनल सफर की बात की। इसमें टीवी शो अनुपमा और सेलिब्रिटी मास्टरशेफ में किए गए काम का जिक्र भी था। गौरव ने बताया कि फैंस की मांग पर उन्होंने डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आने का फैसला किया।

## रकुल प्रीत ने करवाई प्लास्टिक सर्जरी!



सोशल मीडिया पर कॉस्मेटिक सर्जन का दावा, एक्ट्रेस ने पोस्ट लिख शख्स को लगाई फटकार

हाल ही में, रकुल प्रीत सिंह को लेकर एक सोशल मीडिया यूजर ने दावा किया था कि उन्होंने कॉस्मेटिक सर्जरी करवाई है। अब एक्ट्रेस ने खुद को सर्टिफाइड कॉस्मेटिक सर्जन बताने वाले इस शख्स को फटकार लगाई है। रकुल ने उस शख्स पर बिना किसी प्रूफ के गलत जानकारी फैलाने का भी आरोप लगाया।

रकुल ने पोस्ट किया- 'फ्रॉड अलर्ट- यह डरावना है कि उनके जैसे लोग डॉक्टर होने का दावा कर रहे हैं। और बिना किसी फैक्ट चेक के बयान दे रहे हैं और लोगों को गुमराह कर रहे हैं।

एक एक्टर होने के नाते में प्राचीन और आधुनिक विज्ञान को समझती हूं और मुझे लोगों के सर्जरी करवाने से कोई आपत्ति नहीं है। लेकिन एक और चीज भी होती है, जिसे वेट लॉस कहते हैं। जो कड़ी मेहनत से आती है। क्या आपने इसके बारे में कभी सुना है? ऐसे डॉक्टर्स से सावधान रहें।' बता दें कि डॉक्टर प्रशांत यादव नाम के एक इंस्टाग्राम यूजर ने रकुल प्रीत सिंह के लुक का एनालिसिस करते हुए एक वीडियो शेयर किया था। अपने वीडियो पोस्ट में उन्होंने रकुल की पुरानी फोटोज और वीडियो की तुलना हाल की फोटो से करते हुए कहा कि कि एक्ट्रेस ने बोटॉक्स, फिलर्स और नोज जॉब करवाया है। रकुल प्रीत की वर्क फ्रंट की बात करें तो एक्ट्रेस की हाल ही में 'दे दे प्यार दे 2' में देखा गया था। इसमें में वो अजय देवगन के साथ नजर आई थीं। इसी साल फरवरी में अर्जुन कपूर के साथ उनकी फिल्म मेरे हसबैंड की बीवी भी रिलीज हुई थी। हालांकि, रकुल की ये दोनों ही फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं कर पाई है।







## अक्षय खन्ना ने घर में कराया वास्तु शांति हवन

### धुरंधर की सफलता के बीच एक्टर के अलीबाग वाले बंगले में हुई पूजा

बॉलीवुड एक्टर अक्षय खन्ना इन दिनों अपनी फिल्म धुरंधर को लेकर सुर्खियों में हैं। फिल्म में वह रहमान डकैत के किरदार में नजर आए। फिल्म में उनके डायलॉग्स, अंदाज और डांस स्टेप्स को दर्शक काफी पसंद कर रहे हैं। फिल्म धुरंधर ने दुनिया भर में करीब 600 करोड़ रुपए की कमाई कर ली है। इसी बीच अक्षय खन्ना ने अपने अलीबाग वाले घर में वास्तु शांति हवन कराया। बता दें कि फिल्म की शानदार सफलता के बाद भी अक्षय सोशल मीडिया और मीडिया से दूरी बनाए हुए हैं। इन दिनों वह अलीबाग में अपने घर पर शांत समय बिता रहे हैं।

वहीं, अक्षय के घर पर हुए इस हवन का वीडियो पुजारी शिवम म्हात्रे ने सोशल मीडिया पर शेयर किया है। वीडियो के साथ उन्होंने मराठी में लिखा कि उन्हें अक्षय खन्ना के घर पूजा करने का मौका मिला। उन्होंने कहा कि अक्षय का शांत स्वभाव, सादगी और सकारात्मक सोच इस अनुभव को खास बनाती है।

**पुजारी ने अक्षय के स्वभाव की सराहना की-** शिवम म्हात्रे ने अक्षय खन्ना की जमकर तारीफ की। उन्होंने लिखा कि अक्षय खन्ना एक्टिंग में क्लास की पहचान हैं। छावा, धुरंधर, दृश्यम 2 और सेक्शन 375 जैसी फिल्मों में उनकी परफॉर्मेंस शानदार रही है। वह अपने किरदार सोच-समझकर चुनते हैं और हर फिल्म में दमदार अभिनय करते हैं। इसी वजह से अक्षय खन्ना दर्शकों के दिलों में अपनी खास जगह बनाए हुए हैं। बता दें कि धुरंधर एक स्पाई थ्रिलर फिल्म है। फिल्म में रणवीर सिंह, अर्जुन रामपाल, अक्षय खन्ना, संजय दत्त और आर. माधवन अहम भूमिकाओं में हैं। इनके अलावा सारा अर्जुन, राकेश बेदी और दानिश पंडोर ने भी काम किया। फिल्म 5 दिसंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। अब धुरंधर का सीक्वल 19 मार्च 2026 को रिलीज होने वाला है।

## शनैल शो ओपन करने वाली पहली भारतीय मॉडल बनीं भाविता मंडवा

भारत की 25 वर्षीय मॉडल भाविता मंडवा ने वैश्विक फैशन जगत में इतिहास रच दिया है। न्यूयॉर्क सिटी में आयोजित लग्जरी फैशन हाउस शनैल के प्रतिष्ठित मेटियर्स डी आर्ट 2025-26 शो को ओपन कर वे ऐसा करने वाली पहली भारतीय मॉडल बन गईं। हैदराबाद की रहने वाली भाविता की इस उपलब्धि ने न सिर्फ भारतीय फैशन इंडस्ट्री को गौरवान्वित किया है, बल्कि दुनिया भर के फैशन सर्कल्स में भी हलचल मचा दी है।





माता-पिता का भावुक रिएक्शन सोशल मीडिया पर वायरल

शो के बाद उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ, जिसमें उनके माता-पिता न्यूयॉर्क सबवे के बॉवेरी स्टेशन पर रैंप के लिए नीचे उतरती अपनी बेटी को देखकर खुशी से चिल्लाते और ताली बजाते नजर आ रहे हैं। भाविता ने यह वीडियो इंस्टाग्राम पर साझा किया, जिसे अब तक 18 लाख से अधिक लाइक्स मिल चुके हैं। वीडियो में उनके माता-पिता की खुशी और गर्व देखकर लोगों का दिल पिघल गया, और कमेंट सेक्शन में बॉलीवुड सितारों से लेकर फैशन हस्तियों तक ने ढेर सारे हार्ट इमोजी भेजे। पूजा हेगड़े, रिया कपूर और अदिति राव हैदरी भी इस गर्व भरे पल का हिस्सा बनीं।

भाविता का यह शो इसलिए भी खास रहा क्योंकि ठीक एक साल पहले उन्हें इसी शहर के एक सबवे प्लेटफॉर्म पर स्पॉट किया गया था। वहां से उनकी मॉडलिंग यात्रा शुरू हुई और आज वे विश्व-प्रसिद्ध शनैल शो का चेहरा बन गईं।

अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में भाविता ने इस सफर को याद करते हुए लिखा– यह पल मेरे लिए शब्दों से परे है। पिछले हफ्ते जो कुछ भी हुआ, वह किसी जादू से कम नहीं। दो साल पहले मैं दो सूटकेस, उम्मीद और डर से भरे दिल और बड़े स्टूडेंट लोन के साथ भारत से न्यूयॉर्क आई थी। मैंने @nyuniversity में अपनी पढ़ाई शुरू की और एक ऐसा जीवन बनाने का सपना देखा, जिसे हासिल करना दूर की बात लगता था। लेकिन इस शहर ने मुझे अपनाया। उन्होंने यह भी बताया कि उनकी मॉडलिंग की शुरुआत बिल्कुल फिल्मी अंदाज में हुई।

भाविता ने हंसते हुए कहा– मुझे अटलांटिक एवेन्यू पर एक स्काउट ने रोका और पूछा–मॉडल बनोगी? मैंने तुरंत कहा–नहीं। लेकिन जब उसने कहा कि इससे मेरा स्टूडेंट लोन खत्म हो सकता है, तो मैंने सोचा–ह्यचलो, ट्राई करते हैं! शो में फैशन क्रिएटर डिलन ने उन्हें चैनल शो ओपनर के रूप में इंट्रोड्यूस किया, जिस पर भाविता ने मजाक में कहा– मैंने मास्टर्स की डिग्री भी ली है! भाविता ने कास्टिंग डायरेक्टर अनीता बिट्टन को भी विशेष धन्यवाद दिया, जिन्होंने उन्हें बड़ा मंच दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

शनैल का यह शो क्रिएटिव डायरेक्टर मैथ्यू ब्लेजी के नेतृत्व में आयोजित हुआ, और यह 2018 के बाद न्यूयॉर्क में ब्रांड की बड़ी वापसी थी। शो के लोकेशन–न्यूयॉर्क सबवे–ने इसे और भी खास बना दिया और इसी मंच पर एक भारतीय लड़की ने इतिहास रच डाला। आज सोशल मीडिया पर भाविता की यह उपलब्धि भारतीय युवाओं के लिए प्रेरणा बन गई है। दो साल पहले एक विदेशी शहर में सपनों की तलाश में पहुंची एक छात्रा ने आज ग्लोबल फैशन इंडस्ट्री में भारत का झंडा बुलंद कर दिया है।

# राम सेतु से टी-20 वर्ल्ड कप ट्रॉफी टूर लॉन्च

## पैरामोटर से ब्रिज के ऊपर घुमाया गया, टूर्नामेंट की शुरूआत 7 फरवरी से

ब्रह्मास्त्र ▸▸ दुबई

टी-20 वर्ल्ड कप 2026 ट्रॉफी टूर की शुरूआत राम सेतु के ऊपर की गई। इस मौके पर दो-सीटर पैरामोटर के जरिए ट्रॉफी को आसमान में ले जाया गया, जिसने इस लॉन्च को ऐतिहासिक और यादगार बना दिया।

भारत में एडम्स ब्रिज को राम सेतु के नाम से जाना जाता है। यह स्थल धार्मिक और सांस्कृतिक रूप से अहम होने के साथ-साथ टूर्नामेंट के दो मेजबान देशों भारत और श्रीलंका को जोड़ता भी है।

टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में 20 टीमें हिस्सा लेंगी और मुकाबले 29 दिनों तक खेले जाएंगे। टूर्नामेंट की शुरूआत 7 फरवरी से होगी और मैच भारत व श्रीलंका के कुल 8 वेन्यू पर आयोजित किए जाएंगे।

**राम सेतु ब्रिज ही क्यों चुना गया-** राम सेतु भारत और श्रीलंका के बीच स्थित है। टी-20 वर्ल्ड कप 2026 को भारत और श्रीलंका ही होस्ट कर रहे हैं, इसलिए यह स्थान दोनों देशों को जोड़ने वाले सेतु के रूप में टूर्नामेंट की भावना को साफ तौर पर दर्शाता है। आईसीसी ने इस ट्रॉफी टूर को सिर्फ एक प्रचार अभियान नहीं, बल्कि दुनिया भर के फैंस को जोड़ने वाली यात्रा बताया है। राम सेतु का अर्थ ही जोड़ना है, और यही संदेश क्रिकेट के जरिए देशों और लोगों को काउंसिल देना चाहता है।




- **ट्रॉफी टूर दुनियाभर के लोगों को जोड़ने का माध्यम-** जय शाह आईसीसी चेयरमैन जय शाह ने कहा कि राम सेतु जैसे ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थल के ऊपर ट्रॉफी टूर की शुरूआत करना आने वाले बड़े टूर्नामेंट के लिए एक प्रेरणादायक संदेश है। उन्होंने कहा कि यह ट्रॉफी टूर सिर्फ ट्रॉफी की यात्रा नहीं, बल्कि दुनिया भर के फैंस, संस्कृतियों और क्रिकेट समुदायों को एक साथ जोड़ने का माध्यम है। बहरीन और मंगोलिया भी जाएगी ट्रॉफी ट्रॉफी टूर के तहत ट्रॉफी भारत, श्रीलंका, कतर, ओमान, नेपाल, बहरीन और मंगोलिया समेत एशिया के कई देशों का दौरा करेगी। इससे फैंस को ट्रॉफी को करीब से देखने और इंटरैक्टिव एक्टिविटीज में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा। इस दौरान कॉलेज और कैंपस विजिट, फैन मीट, पब्लिक इवेंट्स और क्रिकेट कार्निवल आयोजित किए जाएंगे, ताकि क्रिकेट को छोटे देशों में भी बढ़ावा मिल सके।
- **स्कूल-कॉलेज तक पहुंचेगी ट्रॉफी-** एक खास पहल के तहत ट्रॉफी को स्कूलों और कॉलेजों में भी ले जाया जाएगा। इससे युवा फैंस को ग्लोबल क्रिकेट से जुड़ने का अनुभव मिलेगा। इसके अलावा ट्रॉफी को प्रमुख टी-20 लीग्स और द्विपक्षीय सीरीज में भी ले जाया जाएगा।
- **भारत-पाकिस्तान 15 फरवरी को भिड़ेंगे -** आईसीसी ने 25 नवंबर को आईसीसी टूर्नामेंट का शेड्यूल रिलीज कर दिया था। नीदरलैंड और पाकिस्तान के बीच 7 फरवरी को कोलंबो में ओपनिंग मैच खेला जाएगा। इसी दिन शाम 7 बजे से भारत अपना पहला मैच अमेरिका के खिलाफ खेलेगा। टीम फिर 12 फरवरी को नामीबिया, 15 को पाकिस्तान और 18 को नीदरलैंड से भिड़ेगी।
- **ग्रुप स्टेज में 4, सुपर-8 में 3 मैच होंगे-** ग्रुप स्टेज में हर टीम अपने ग्रुप में एक-दूसरे के खिलाफ 4-4 मैच खेलेंगी। ज्यादा मैच जीतकर पॉइंट्स टेबल के टॉप-2 में रहने पर ही सुपर-8 में एंट्री मिलेगी। सुपर-8 राउंड में भी हर टीम अपने ग्रुप में एक-दूसरे के खिलाफ 3-3 मैच खेलेंगी। यानी फाइनल तक पहुंचने वाली 2 टीमें 8-8 मैच खेल लेंगी।
- **भारत के साथ श्रीलंका के भी 3 ग्राउंड पर मैच होंगे-** वर्ल्ड कप के मुकाबले भारत और श्रीलंका के कुल 8 मैदानों पर खेले जाएंगे। भारत में मैच नरेंद्र मोदी स्टेडियम (अहमदाबाद), एमए चिदंबरम स्टेडियम (चेन्नई), अरुण जेटली स्टेडियम (नई दिल्ली), वानखेड़े स्टेडियम (मुंबई) और ईडन गार्डन्स (कोलकाता) में होंगे, जबकि श्रीलंका में आर. प्रेमदासा स्टेडियम (कोलंबो), सिंहलीज स्पोर्ट्स क्लब ग्राउंड (कोलंबो) और पल्लेकेले इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम (कैंडी) को वेन्यू बनाया गया है।
- **भारत, वेस्टइंडीज और इंग्लैंड ने 2-2 टाइटल जीते-** टी-20 वर्ल्ड कप की शुरूआत 2007 में हुई। भारत ने पहले एडिशन के फाइनल में पाकिस्तान को हराकर टाइटल जीता था। इसके 17 साल बाद भारत ने 2024 में साउथ अफ्रीका को फाइनल हराया और दूसरी बार टाइटल जीता। भारत के अलावा वेस्टइंडीज और इंग्लैंड ने भी 2-2 टाइटल जीते हैं। पाकिस्तान, श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया ने 1-1 बार खिताब जीता है।

# कोहरे के कारण इंडिया-सा. अफ्रिका चौथा टी-20 मैच रद्द



### अंपायर्स ने छठे निरीक्षण के बाद लिया फैसला आखिरी मैच 19 दिसंबर को अहमदाबाद में होगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

कोहरे के कारण भारत और साउथ अफ्रीका के बीच चौथा टी-20 रद्द कर दिया गया है। मुकाबला लखनऊ के इकाना क्रिकेट स्टेडियम में शाम 7 बजे से शुरू होना था, लेकिन घने कोहरे की वजह से टॉस भी नहीं हो पाया। अंपायर्स ने 6 बार कंडीशन का मुआयना किया। लेकिन, रात 9:30 बजे तक स्थिति में सुधार नहीं होने पर मैच रद्द कर दिया गया।

5 मैच की सीरीज में टीम इंडिया 2-1 से आगे है। भारत ने पहला मैच 101 रन से जीता था, इसके बाद साउथ अफ्रीका ने मुल्लांपुर में खेले गए दूसरे मैच में 51 रन से जीतकर वापसी की। तीसरे मैच में धर्मशाला में भारत ने 7 विकेट से जीत हासिल करते हुए फिर बढ़त बना ली। आखिरी मैच 19 दिसंबर को अहमदाबाद में खेला जाएगा। लखनऊ के इकाना स्टेडियम में शाम 6 बजे से फैंस पहुंच गए थे। वे करीब साढ़े तीन घंटे तक मैच शुरू होने का इंतजार करते रहे, लेकिन कोहरा कम नहीं हुआ। ऐसे में फैंस को निराश होकर लौटना पड़ा। 2 साल पहले 2023 वनडे वर्ल्ड कप में कोहरे के कारण भारत-न्यूजीलैंड मैच को रोका गया था। 15 से 20 मिनट के लिए कुछ समय तक मैच रुकने के बाद मुकाबला शुरू हुआ था। उस मुकाबले को भारत ने 4 विकेट से जीता था। 27 साल पहले 21 दिसंबर 1998 को जिम्बाब्वे ने कोहरे के कारण घर से बाहर अपनी पहली टेस्ट सीरीज जीती थी।

### नीलाम होने के बाद रोने लगे कार्तिक शर्मा

# माही भाई के साथ खेलने को लेकर उत्साहित हूं...

## चेन्नई ने 14.20 करोड़ में खरीदा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

आईपीएल ऑक्शन में जब चेन्नई सुपर किंग्स ने कार्तिक शर्मा को 14.20 करोड़ रुपए में खरीदा, तो यह पल उनके और पूरे परिवार के लिए बेहद भावुक हो गया। कार्तिक ने बताया कि वे ऑक्शन पूरे परिवार के साथ टीवी पर देख रहे थे। जैसे ही सीएसके की आखिरी बोली लगी, घर में खुशी का माहौल बन गया, लेकिन वे खुद भावनाओं पर काबू नहीं रख पाए।

राजस्थान में भरतपुर के रहने वाले कार्तिक ने कहा- मुझे कुछ समझ नहीं आ रहा था। मैं वहां से उठकर अलग चला गया और रोने लगा। मुझे और मेरे परिवार को इतनी बड़ी रकम की बिल्कुल उम्मीद नहीं थी। अभी तक समझ नहीं आ रहा कि इस पैसे का क्या करूं।

**धोनी के साथ खेलेंगे-** चेन्नई सुपर किंग्स से जुड़ने को लेकर 19 साल के कार्तिक शर्मा ने कहा कि वह इस मौके से बेहद खुश हैं। उन्होंने कहा, सीएसके जैसी टीम का हिस्सा बनना मेरे लिए सपने जैसा है। कार्तिक ने यह भी बताया कि ऑक्शन से पहले सीएसके मैनेजमेंट ने उनसे बातचीत की थी। मैनेजमेंट ने कहा था कि वे उन्हें टीम में लेने की पूरी कोशिश करेंगे। कार्तिक ने कहा, मैं मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज हूं, लेकिन टीम मुझे जिस भी क्रम पर मौका देगी, मैं अपना 100 प्रतिशत दूंगा।



**4-5 साल की उम्र में क्रिकेट से जुड़ाव-** अपने क्रिकेट सफर को याद करते हुए कार्तिक शर्मा ने बताया कि उनका खेल से रिश्ता बेहद कम उम्र में जुड़ गया था। उन्होंने कहा, मेरे पापा मनोज कुमार ने मुझे 4-5 साल की उम्र में क्रिकेट से जोड़ा। वे खुद लोकल लेवल पर क्रिकेट खेल चुके हैं, लेकिन चोट के कारण आगे नहीं बढ़ पाए। इसलिए उनकी इच्छा थी कि हम तीनों भाइयों में से कोई उनका सपना पूरा करे। कार्तिक ने आगे बताया कि उनका छोटा भाई अनमोल भी क्रिकेट खेलता है, जबकि उससे छोटा एक और भाई प्रिंस है।

**अंडर-14 से अंडर-19 तक का सफर-** कार्तिक शर्मा ने बताया कि क्रिकेट की शुरूआती ट्रेनिंग उन्हें अपने पिता से मिली। इसके बाद उन्होंने चाहर क्रिकेट अकादमी में अभ्यास शुरू किया, जहां से उन्हें अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 स्तर पर खेलने का मौका मिला।

# झज्जर के ओलिंपियन अमन सहरावत ने जीता स्वर्ण



### आंख में चोट लगने पर भी डटा रहा, बोले-हार न मानने वाले विश्वास की वापसी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बहादुरगढ़

अहमदाबाद में हुई सीनियर नेशनल कुश्ती प्रतियोगिता झज्जर के युवा पहलवान और पेरिस ओलिंपिक 2024 के कांस्य पदक विजेता अमन सहरावत के लिए सिर्फ एक टूर्नामेंट नहीं, बल्कि संघर्ष, धैर्य और आत्मविश्वास की वापसी की कहानी बन गई।

पुरुषों की फ्रीस्टाइल 61 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर अमन ने यह साबित कर दिया कि असफलताएं अगर इंसान को तोड़ें नहीं, तो वही उसे मजबूत बनाती हैं। स्वर्ण पदक जीतने के बाद अमन सहरावत ने भावुक शब्दों में इंस्टाग्राम पर लिखा कि यह जीत उनके लिए गर्व का क्षण है। पिछले एक साल में गिरावट, असफलताओं और आत्म-संदेह के दौर से गुजरने के बाद यह पदक केवल एक जीत नहीं, बल्कि कभी हार न मानने वाले विश्वास की वापसी है। उन्होंने कहा कि जब हालात उनके खिलाफ थे, तब भी कुछ लोगों का भरोसा उनके साथ बना रहा और आज यह उपलब्धि उसी भरोसे का परिणाम है।

**लोन... लोन... लोन...**
श्रीराम फाइनेंस कंपनी द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन, पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन, महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154

**आवश्यकता है**
कक्षा प्राइमरी व मिडिल (इंग्लिश मिडियम )के लिए। शिक्षक - शिक्षिकाओं की।
आवश्यकता
विशेष इंग्लिश स्पोकन एवं इंग्लिश मिडियम एवं काउंसलिंग वाले को प्राथमिकता। वेतन योग्यता अनुसार।
अल्मा इंटरनेशनल स्कूल तराना
मो:9893648687

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉन्वेंट मिडिल स्कूल भैरवगढ मे अंग्रेजी माध्यम में कक्षा नर्सरी से 8वी तक अध्यापन हेतु शिक्षक / शिक्षिकाओ की आवश्यकता है।
B.ED / D.AD/DEID को प्राथमिकता
ऑफिस कार्य हेतु बाई की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार
सम्पर्कः राजेश राव सर
Mo No. 9977588698

**फार्म हाउस**
मात्र 99 रुपये sqfit में फार्मलैंड
साईज 36x100 बकरी, खरगोश पालन, दूध डेरी, सब्जी की खेती, आश्रम के लिए अति उत्तम। इंदौर से मात्र 110km, उज्जैन-आगर रोड से 5 मिनट दूरी पर
9669777899

**आवश्यकता**
मे. प्रथम इन्टरप्राईजेस लुबरिकेन्ट ऑयल मार्केटिंग
सेल्समेन- पद 5 (सैलरी 5 अंकों में)
पता- चिमनगंज मण्डी, हीरो शोरुम, HDFC बैंक के सामने, आगर रोड, उज्जैन (म.प्र.)
CONTACT: 8225022548

**खरीदना है**
मकान या प्लांट पीपलीनाका, जयसिंहपुरा, गऊघाट में साइज 20 बाय 40 या 20 बाय 50 मकान प्लाट दक्षिण मुखी नहीं होना चाहिए मकान के आगे थोड़ा रोड फोर विलय गाड़ी पार्किंग हो सके मकान प्लाट की रजिस्ट्री होना प्लाट मालिक के नाम चाहिए
पंडित रामनारायण शर्मा: 999 3 154947
व्हाट्सएप नंबर: 8959513547

अब आपके इंदौर शहर में... सप्ताह में दिन... सोमवार बुधवार शुक्रवार
**श्री गोपाल हाड़ वैद्य**
हड्डी रोग दवाखाना उज्जैन वाले
समय दोप. 12:30 से शाम 7 बजे तक
मो. 7000813235
चोंट | मोच | फैक्चर विशेषज्ञ
पता- जवाहर मार्ग 11/5 निहालपुरा गुरुद्वारा के सामने वाली पट्टी लक्ष्मी मेडिकल हाल के पीछे निहालपुरा, इन्दौर

**भूमि बेचना है**
ग्राम मेंढिया तक्षशीला स्कूल के पास इन्दौर रोड़ से अन्दर की ओर पौने चार बीघा भूमि का विक्रय करना है एवं ग्राम चन्दूखेड़ी में बड़नगर रोड़ सिक्स लैन पर साढ़े तीन बीघा भूमि का विक्रय करना है। भूमि क्रय करने के इच्छुक व्यक्ति ही सम्पर्क करें।
सम्पर्क सूत्र मो. नं- 7999080798, 7999512383, 7987874500

**बेचना है**
दो मंजिला स्वतंत्र बंगला कॉर्नर प्लाट
नवलखा चौराहे के पास, मंगलमूर्ति धाम में 911 स्के. फीट प्लाट पर 1650 स्क्वेयर फीट निर्माण
3BHK+2 कार पार्किंग, उत्तर-पूर्व मुखी
9893681399

**किराए से देना है**
1 BHK ke 2 फ्लैट
एक फ्लैट में 2 रुम, 2 लेटबाथ, 1 किचन, एक और फ्लैट में भी सेम यही।
पताः 40 घी मंडी सखीपुरा उज्जैन, (न्यू गीता रोडलाइंस के ऊपर)
मोबाइल: 9425056656 9111175000

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

निर्यात को कैसे मिलेगा सहारा

## 25 अरब डॉलर पर टिक सकता है व्यापार घाटा



ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

नुवामा की रिपोर्ट के अनुसार, भारत का व्यापार घाटा निकट से मध्यम अवधि में नवंबर के स्तर यानी करीब 25 अरब डॉलर के आसपास बना रह सकता है। भले ही वैश्विक सुस्ती के कारण निर्यात पर दबाव है, लेकिन कमजोर रुपया भारतीय उत्पादों को विदेशों में सस्ता बनाकर निर्यात को सहारा दे सकता है और आयात को महंगा कर सीमित रखेगा।

नुवामा की एक रिपोर्ट के मुताबिक देश का व्यापार घाटा निकट से मध्यम अवधि में नवंबर के मौजूदा स्तरों के आसपास ही बना रह सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय रुपये की कमजोरी निर्यात और आयात के बीच के अंतर को नियंत्रण में रखने में मददगार साबित हो सकती है।

रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में अब तक भारत के कुल निर्यात प्रदर्शन में नरमी बनी हुई है। वैश्विक व्यापार में आई सुस्ती आने वाले महीनों में भारत के निर्यात पर और दबाव डाल सकती है। ऐसे में भारत-अमेरिका व्यापार समझौते से जुड़े घटनाक्रम अहम रहेंगे, क्योंकि इनका असर भविष्य की निर्यात दिशा पर पड़ सकता है। रिपोर्ट में बताया गया है कि भले ही निर्यात में फिलहाल सुस्ती है, लेकिन रुपये के कमजोर होने से भारतीय उत्पाद विदेशी बाजारों में सस्ते होते हैं, जिससे समय के साथ निर्यात को सहारा मिल सकता है। साथ ही, आयात महंगा होने से उसमें भी कुछ हद तक कमी आ सकती है। नतीजतन, निकट से मध्यम अवधि में व्यापार घाटा नियंत्रण में रहने की संभावना है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि निर्यात धीमी रफ्तार से आगे बढ़ सकता है, लेकिन घरेलू मांग कमजोर रहने के कारण आयात भी सीमित रह सकता है। इससे व्यापार घाटे के ज्यादा बढ़ने की आशंका कम है।

किसानों के लिए खुशखबरी: 476 करोड़ की योजना को मंजूरी

# राष्ट्रीय मखाना बोर्ड ने तय किया विकास का रोडमैप



ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने मखाना के विकास के लिए 2025-26 से 2030-31 तक लागू होने वाली 476.03 करोड़ रुपये की योजना को मंजूरी दी है। योजना का उद्देश्य मखाना की उत्पादकता और गुणवत्ता बढ़ाना, किसानों की आय में इजाफा करना और भारतीय मखाना को घरेलू व अंतरराष्ट्रीय बाजार में पहचान दिलाना है।

### मखाना की उत्पादकता और गुणवत्ता सुधार का उद्देश्य

सरकार का उद्देश्य इस योजना के माध्यम से मखाना उत्पादन की उत्पादकता और गुणवत्ता में सुधार करना, किसानों की आय बढ़ाना और घरेलू व अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भारतीय मखाना को मजबूत पहचान दिलाना है।

### केंद्रीय बजट में हुआ था मखाना बोर्ड का गठन

बता दें कि केंद्रीय बजट 2025-26 में की गई घोषणा को पूरा करते हुए सरकार ने राष्ट्रीय मखाना बोर्ड का गठन किया था। इसका औपचारिक शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 सितंबर 2025 को बिहार में किया था, जिसे भारत के मखाना क्षेत्र को मजबूत और आधुनिक बनाने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।

केंद्र सरकार ने मखाना के विकास के लिए एक नई योजना को मंजूरी दे दी है। वर्ष 2025-26 से 2030-31 की अवधि के लिए लागू इस योजना पर 476.03 करोड़ रुपये का कुल परिव्यय किया जाएगा। कृषि व किसान कल्याण मंत्रालय की के अनुसार, यह योजना मखाना क्षेत्र में अनुसंधान और नवाचार, उन्नत गुणवत्ता वाले बीजों का उत्पादन, किसानों की क्षमता निर्माण, कटाई और कटाई-पश्चात प्रक्रियाओं में सुधार, मूल्य संवर्धन, ब्रांडिंग और विपणन, निर्यात प्रोत्साहन व गुणवत्ता नियंत्रण पर केंद्रित होगी।

राष्ट्रीय मखाना बोर्ड की पहली बोर्ड बैठक 12 दिसंबर को कृषि भवन, नई दिल्ली में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कृषि व किसान कल्याण विभाग के सचिव देवेश चतुर्वेदी ने की। इस दौरान बोर्ड और केंद्रीय क्षेत्र योजना के क्रियान्वयन की प्रक्रिया को औपचारिक रूप से शुरू किया गया। कृषि मंत्रालय के अनुसार, बैठक में राज्यों और शोध संस्थानों द्वारा प्रस्तुत वार्षिक कार्ययोजनाओं की समीक्षा की गई और समग्र क्षेत्रीय विकास से जुड़े विभिन्न घटकों के लिए बजट आवंटन को मंजूरी दी गई।


**पारंपरिक और गैर-पारंपरिक क्षेत्रों में मखाना की खेती को बढ़ाने पर जोर-** बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि वर्तमान और अगले वर्ष के लिए राज्यों की बीज आवश्यकताओं को समेकित किया जाए, ताकि उन्हें बिहार के सबौर स्थित राज्य कृषि विश्वविद्यालय और समस्तीपुर स्थित केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय के माध्यम से उपलब्ध कराया जा सके।

इसके अलावा, राज्य कृषि विश्वविद्यालय, केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, बिहार और एनआरसी मखाना, दरभंगा विभिन्न राज्यों से आने वाले ट्रेनर्स को मखाना वैल्यू चेन की नवीनतम तकनीकों पर प्रशिक्षण देंगे। इसका उद्देश्य पारंपरिक और गैर-पारंपरिक दोनों क्षेत्रों में मखाना की खेती को बढ़ावा देना है।

बोर्ड ने खेती और प्रसंस्करण से जुड़ी नई तकनीकों पर अनुसंधान व विकास, ग्रेडिंग, सुखाने, पॉपिंग और पैकेजिंग के लिए बुनियादी ढांचे, आधुनिक खेती पद्धतियों को बढ़ावा, मूल्य संवर्धन, ब्रांडिंग, बाजार से जुड़ाव और निर्यात के लिए तैयारियों की आवश्यकता पर भी जोर दिया। मंत्रालय ने बयान में कहा कि यह बुनियादी बैठक देशभर में मखाना क्षेत्र के समन्वित, वैज्ञानिक और बाजार-उन्मुख विकास का रोडमैप तय करती है।

स्टार एयर नवी मुंबई

## हवाई अड्डे से उड़ान सेवाएं शुरू करेगी



ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

क्षेत्रीय एयरलाइन स्टार एयर ने सोमवार को नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (एनएमआई) से अपनी उड़ान सेवाओं के संचालन की शुरूआत की घोषणा की, जहां 25 दिसंबर को पहली यात्री उड़ान आने वाली है।

एयरलाइन ने कहा कि वह 25 दिसंबर से शुरू होने वाली नई उड़ानों के माध्यम से नए ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे को अहमदाबाद, गोवा (मोपा), बेंगलुरु और नांदेड़ से जोड़ेगी।

स्टार एयर अपने ग्राहकों को नवी मुंबई और पश्चिमी और दक्षिणी भारत के महत्वपूर्ण व्यापार और मनोरंजन केंद्रों के बीच निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करेगी, ऐसा कंपनी ने बताया।

एयरलाइन ने बताया कि नए शेड्यूल में नवी मुंबई-अहमदाबाद, नवी मुंबई-नांदेड़ (अहमदाबाद होते हुए), नवी मुंबई-गोवा (मोपा) और नवी मुंबई-बेंगलुरु (गोवा (मोपा) होते हुए) जैसी सेवाएं शामिल हैं। स्टार एयर ने कहा कि इन नए मार्गों पर सभी उड़ानें एम्ब्रेयर 175 विमानों द्वारा संचालित की जाएंगी।

सोना आयात घटा, निर्यात ने भरी उड़ान

# पांच माह में सबसे नीचे आया व्यापार घाटा

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली



नवंबर 2025 में इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं के मजबूत निर्यात तथा सोना और कच्चा तेल आयात घटने से भारत का व्यापार घाटा घटकर पांच महीने के निचले स्तर पर आ गया। वहीं, निर्यात 19.37 फीसदी बढ़कर 38.13 अरब डॉलर पहुंचा।

देश की विदेशी व्यापार स्थिति में नवंबर 2025 में बड़ी राहत देखने को मिली है। इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के मजबूत निर्यात तथा सोना, कच्चा तेल और कोयले के आयात में आई तेज गिरावट से व्यापार घाटा घटकर पांच महीने के निचले स्तर पर आ गया है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, नवंबर में वस्तु निर्यात सालाना आधार पर 19.37 फीसदी बढ़कर 38.13 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो बीते छह महीनों का सबसे ऊंचा स्तर है।

नवंबर में निर्यात में आई यह तेजी अक्तूबर में आई गिरावट के बाद मजबूत वापसी को दर्शाती है। इसी अवधि में आयात में मामूली कमी दर्ज की गई, जिससे व्यापार घाटा घटकर 24.53 अरब डॉलर रह गया। इससे पहले जून में यह 18.78 अरब डॉलर था, जबकि अक्तूबर में यह बढ़कर रिकॉर्ड 41.68 अरब डॉलर तक पहुंच गया था। विशेषज्ञों के मुताबिक, यह सुधार वैश्विक चुनौतियों के बीच भारतीय निर्यातकों के बेहतर प्रदर्शन को दिखाता है।

**सोना और तेल आयात में बड़ी गिरावट-** सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, नवंबर में कुल आयात सालाना आधार पर 1.88 फीसदी घटकर 62.66 अरब डॉलर रहा। इसकी सबसे बड़ी वजह सोने के आयात में भारी गिरावट रही। नवंबर में सोने का आयात 59.15 फीसदी घटकर करीब 4 अरब डॉलर रह गया। इसके अलावा कच्चे तेल का आयात भी 11.27 फीसदी घटकर 14.11 अरब डॉलर पर आ गया। कोयले के आयात में भी कमी दर्ज की गई, जिससे आयात बिल पर दबाव कम हुआ।

**आठ महीने में 562 अरब डॉलर के पार पहुंचा निर्यात-** वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि नवंबर निर्यात के लिहाज से बेहतर महीना रहा और इससे अक्तूबर में हुए नुकसान की भरपाई हो गई है। चालू वित्त वर्ष के पहले आठ महीनों, यानी अप्रैल से नवंबर के बीच, देश का कुल निर्यात 562.13 अरब डॉलर रहा, जो पिछले साल की समान अवधि के 533.16 अरब डॉलर से 5.83 फीसदी अधिक है। इसी अवधि में सेवाओं का निर्यात बढ़कर 270 अरब डॉलर पहुंच गया, जो एक साल पहले 248.56 अरब डॉलर था।

### इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रॉनिक निर्यात ने संभाला मोर्चा

टैरिफ संबंधी वैश्विक चुनौतियों के बावजूद इंजीनियरिंग वस्तुओं के निर्यात में जबरदस्त बढ़ोतरी दर्ज की गई। नवंबर में यह 23.7 फीसदी बढ़कर लगभग 11.01 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो एक साल पहले 8.9 अरब डॉलर था। पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात भी 11.65 फीसदी की वृद्धि के साथ 3.93 अरब डॉलर रहा। इसके अलावा चाय, कॉफी, काजू, ऑयल मिल, डेयरी, हैंडीक्राफ्ट, समुद्री और चमड़ा उत्पादों के निर्यात में भी अच्छी तेजी देखी गई।

### कुछ क्षेत्रों में गिरावट भी दर्ज

हालांकि सभी क्षेत्रों में तस्वीर एक जैसी नहीं रही। नवंबर में चावल, तिलहन, कारपेट और प्लास्टिक जैसे कुछ उत्पादों के निर्यात में गिरावट दर्ज की गई। अधिकारियों का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय मांग में उतार-चढ़ाव और कुछ बाजारों में कीमतों का दबाव इसकी वजह रहा। इसके बावजूद कुल निर्यात में आई मजबूती ने इन कमजोरियों की भरपाई कर दी।

मनरेगा का बदलेगा नाम: नया कानून लाने की तैयारी

# लोकसभा में पेश होगा विकसित भारत रोजगार गारंटी बिल

ब्रह्मास्त्र ›› मुंबई

सरकार लोकसभा में मनरेगा कानून को निरस्त कर ग्रामीण रोजगार के लिए एक नया विधेयक पेश करने की तैयारी में है। विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) विधेयक, 2025 के जरिए 2005 के महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम को समाप्त करने का प्रस्ताव है।

ग्रामीण रोजगार से जुड़े कानून में बड़ा बदलाव प्रस्तावित किया गया है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम 2005 को निरस्त कर उसकी जगह नया कानून लाने से संबंधित विधेयक लोकसभा में पेश किया जाएगा। इस नए विधेयक का नाम विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जी आरएएम जी) विधेयक, 2025 है। विधेयक के अनुसार, इसका उद्देश्य विकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय विजन के अनुरूप ग्रामीण विकास का एक नया ढांचा तैयार करना है। प्रस्तावित विधेयक के तहत हर ग्रामीण परिवार को, जिसके वयस्क सदस्य अकुशल श्रम करने के लिए तैयार हों, प्रत्येक वित्त वर्ष में 125 दिनों के मजदूरी आधारित रोजगार की कानूनी गारंटी दी जाएगी। यह विधेयक संसद में पेश किए जाने के लिए लोकसभा की पूरक कार्यसूची में शामिल किया गया है। विधेयक के लागू होने की स्थिति में 2005 का मनरेगा कानून समाप्त हो जाएगा और ग्रामीण रोजगार व आजीविका से जुड़े प्रावधान नए कानून के तहत संचालित किए जाएंगे। ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रस्तावित विधेयक के उद्देश्य और कारणों के बयान में कहा है कि मनरेगा ने पिछले 20 वर्षों में ग्रामीण परिवारों को सुनिश्चित मजदूरी आधारित रोजगार उपलब्ध कराने में अहम भूमिका निभाई है। हालांकि, उन्होंने कहा कि अब इसमें और मजबूती लाने की जरूरत महसूस की जा रही है। मंत्री के अनुसार, बीते वर्षों में ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े सामाजिक-आर्थिक बदलाव हुए हैं। व्यापक सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के विस्तार और सरकार की प्रमुख योजनाओं के संतृप्ति-आधारित क्रियान्वयन के चलते ग्रामीण परिदृश्य में बदलाव आया है, जिसके अनुरूप रोजगार से जुड़ा नया और सशक्त ढांचा आवश्यक हो गया है।

## हर साल 5 लाख सड़क हादसों में 1.8 लाख मौतें

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को राज्यसभा में बताया कि भारत में हर साल करीब 5 लाख सड़क हादसे होते हैं, जिनमें औसतन 1.8 लाख लोगों की जान जाती है। इनमें से 66% मौतें युवाओं (18 से 34 वर्ष) की होती हैं।



कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी के सवाल पर गडकरी ने स्वीकार किया कि रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर सुधारने और कानून सख्त करने के बावजूद सरकार मौतों की संख्या घटाने में पूरी तरह सफल नहीं हुई है। गडकरी ने बताया कि केंद्र सरकार राज्यों को आधुनिक एंबुलेंस देने की योजना बना रही है। इसके तहत एंबुलेंस हादसे की जगह पर 10 मिनट के भीतर पहुंचेगी। उन्होंने आईआईएम के एक अध्ययन का हवाला देते हुए कहा कि अगर घायलों को समय पर इलाज मिल जाए तो 50 हजार जिंदगियां बच सकती हैं।

राज्यसभा में मंत्री ने बताया कि पिछले पांच साल में स्वीकृत 574 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं तय समय से पीछे चल रही हैं। इनकी कुल लागत करीब 3.60 लाख करोड़ रुपए है। इनमें से 300 परियोजनाएं एक साल से कम, 253 एक से तीन साल और 21 तीन साल से अधिक समय से लेट हैं। वहीं, 133 नई सड़क परियोजनाएं (कुल लागत 1 लाख करोड़ रु.) भूमि अधिग्रहण और वन मंजूरी में फंसी हैं।

### 2026 तक सैटेलाइट टोल सिस्टम, बचेगा 1,500 करोड़ रु.

सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि 2026 तक देशभर में सैटेलाइट आधारित टोल प्रणाली लागू होगी। यह तकनीक सैटेलाइट और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आधारित होगी। वाहनों पर फास्टैग और नंबर प्लेट पहचान तकनीक के जरिए बिना रुके टोल कट जाएगा। इससे 1,500 करोड़ रुपए ईंधन की बचत और 6,000 करोड़ रुपए अतिरिक्त राजस्व की बढ़ोतरी होगी। पहले जहां टोल पार करने में 3-10 मिनट लगते थे, अब यह समय घटाकर शून्य करने का लक्ष्य रखा गया है।

### मध्यप्रदेश के ग्वालियर समेत 12 जिलों में आज भी कोहरा

# कोहरे का असर- दिल्ली से टढ आने वाली ट्रेनें लेटः 15 से ज्यादा गाड़ियां हर रोज डिले

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



कोहरे की वजह से दिल्ली से मध्यप्रदेश आने वाली 15 से ज्यादा ट्रेनें हर रोज 20 मिनट से 5 घंटा तक लेट है। मौसम विभाग ने गुरुवार को भी घने कोहरे का अलर्ट जारी किया। ऐसे में ट्रेनों के देरी से आने का दौर आज भी जारी रहेगा।

गुरुवार को एमपी के 12 जिलों में घने कोहरे का अलर्ट है। इनमें ग्वालियर, मुरैना, भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सतना, रीवा, मऊगंज और सीधी शामिल हैं। वहीं, भोपाल, राजगढ़, शाजापुर, सीहोर और इंदौर में कोल्ड वेव यानी, शीतलहर चलेगी।

कोहरे की वजह से दिल्ली से आने वाली ट्रेनें ज्यादा लेट हो रही है। इनमें शताब्दी, छत्तीसगढ़, राप्ती सागर, पातालकोट, कुशीनगर, सचखंड, अमृतसर-नांदेड़, मदुरई-चंडीगढ़, तमिलनाडु, केरल, भोपाल एक्सप्रेस, कर्नाटक संपर्क क्रांति आदि शामिल हैं।

इसके अलावा भोपाल रेलवे स्टेशन पर मालवा एक्सप्रेस भी देरी से आ रही है। दिल्ली में खराब मौसम और कोहरे का असर यहां भी देखा जा रहा है। कई ट्रेनें अन्य रूट से इंदौर-उज्जैन पहुंचती हैं। इन पर भी कोहरे का असर पड़ा है।

इससे पहले बुधवार सुबह भोपाल, ग्वालियर समेत 22 जिलों में कोहरा छाया रहा। कोहरे की वजह से ट्रेनें-फ्लाइट भी डिले हुईं। भोपाल, ग्वालियर, मुरैना, भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सतना, रीवा, मऊगंज, मैहर, सीधी, सिंगरौली, शहडोल, उमरिया, कटनी, जबलपुर, दमोह, सागर और विदिशा में घना कोहरा छाया रहा।

ग्वालियर, नर्मदापुरम, उज्जैन, मंडला, रीवा, सतना में 1 से 2 किलोमीटर तक विजिबिलिटी रही। वहीं, भोपाल, जबलपुर,



खजुराहो, नौगांव, मलाजखंड, दतिया, गुना, इंदौर, रतलाम में 2 किमी के बाद कुछ भी नहीं दिखाई दे रहा था। कोहरा छाने के दौरान वाहनों को सावधानी से चलाने की समझाइश भी दी गई। शाजापुर में इतना कोहरा था कि 50 मीटर के बाद कुछ भी नहीं दिख रहा था।

### मंदसौर-शाजापुर सबसे ठंडे, पारा 4 डिग्री से नीचे


मौसम विभाग के अनुसार, मंगलवार-बुधवार की रात प्रदेश के कई शहरों में पारे में खासी गिरावट देखी गई। 5 बड़े शहरों की माने तो इंदौर में सबसे कम 4.9 डिग्री रहा। भोपाल में 5.1 डिग्री, ग्वालियर में 9.8 डिग्री, उज्जैन में 8 डिग्री और जबलपुर में 8.6 डिग्री रहा। मंदसौर प्रदेश का सबसे ठंडा शहर रहा। यहां न्यूनतम तापमान 3.7 डिग्री पहुंच गया। शाजापुर में पारा 3.8 डिग्री रहा। वहीं, राजगढ़ में 4.4 डिग्री, पचमढ़ी-नौगांव में 5.4 डिग्री, उमरिया-मलाजखंड में 5.6 डिग्री, रायसेन में 6.6 डिग्री, छिंदवाड़ा में 6.8 डिग्री, रीवा में 7 डिग्री, मंडला में 8.1 डिग्री, खंडवा-सतना में 8.4 डिग्री, दमोह-बैतूल में 8.5 डिग्री, नरसिंहपुर में 8.6 डिग्री, खजुराहो, रतलाम-गुना में 9.6 डिग्री और दतिया में 9.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### सुबह कोहरा...इसलिए गाड़ी संभलकर चलाने की सलाह

प्रदेश में कोहरा छा रहा है। ऐसे में एक्सपर्ट ने लोगों को सुरक्षित ड्राइविंग करने की सलाह दी है। मौसम विभाग ने हेल्थ और फसलों को लेकर एडवाइजरी भी जारी की है। ट्रैफिक - कोहरा होने पर गाड़ी चलाते समय या किसी ट्रांसपोर्ट के जरिए ट्रैवल करते समय सावधान रखें। ड्राइविंग धीरे करें और फॉग लाइट का इस्तेमाल करें।

तेज ठंड होने पर शरीर की गर्माहट बनाए रखने के लिए सिर, गर्दन, हाथ-पैर की उंगलियों को अच्छे से ढंकें।

## राजस्थान के 5 शहरों में तापमान 5 डिग्री से नीचे



राजस्थान में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। फतेहपुर, डूंगरपुर, लूणकरणसर और नागौर में बुधवार को न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। नागौर में सबसे कम, 3.7 डिग्री तापमान रहा। फतेहपुर में 3.8, लूणकरणसर में 4.3, डूंगरपुर में 4.9 डिग्री तापमान दर्ज हुआ।

उत्तर प्रदेश के 30 जिलों में गुरुवार सुबह कोहरे की मोटी परत छाई रही। प्रयागराज, वाराणसी, गोरखपुर, अमेठी, अयोध्या सहित कई जिलों में विजिबिलिटी जीरो या अधिकतम 10 मीटर रही। सड़कों पर वाहन चालकों को सामने कुछ भी नहीं दिख रहा था। यूपी में घने कोहरे के कारण बुधवार को 7 फ्लाइट्स लेट हुईं। एक उड़ान रद्द करनी पड़ी, जबकि एक अन्य को डायवर्ट करना पड़ा। कई ट्रेनें घंटों देरी से चलीं। राज्य में बीते 4 दिनों में 150 से ज्यादा सड़क हादसों में 150 वाहनों की टक्कर हुई। इनमें 28 लोगों की मौत हो चुकी है। इधर, पहाड़ों पर पारा लगातार माइनस में रिकॉर्ड हो रहा है। उत्तराखंड के चमोली में 15 हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित हेमकुंड साहिब में बुधवार को तापमान -20त्त डिग्री दर्ज हुआ। यहां नवंबर के बाद से बर्फबारी नहीं हुई है। फिर भी सर्दी के कारण बुधवार को सरोवर का पानी पूरी तरह से जम गया।

### बीएस-6 से नीचे वाले वाहनों की शहर में नो एंट्री; वैध पीयूसी वालों को पेट्रोल

# दिल्ली में आज से प्रदूषण रोकने के लिए सख्त नियम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली में GRAP स्टेज-4 के तहत गुरुवार से 'नो पीयूसी, नो फ्यूल' नियम लागू हो गया है। इसके तहत बिना वैध प्रदूषण प्रमाणपत्र वाले वाहनों को पेट्रोल, डीजल या सीएनजी नहीं मिलेगा। दिल्ली के बाहर रजिस्टर्ड बीएस-श्कसे कम श्रेणी वाले वाहनों की एंट्री पूरी तरह बंद रहेगी।?

ये आदेश पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 के तहत जारी किया गया है और ऋक्ष्अढ क्श लागू रहने तक इसे लागू रखा जाएगा। सरकार के मुताबिक इस वक्त स्मॉग के कारण प्रदेश की हवा की क्वालिटी काफी खराब है इसलिए इसे लागू करना जरूरी है।

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की इजाजत दे दी थी। दिल्ली सरकार ने इर क्क्क से कम श्रेणी वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की अनुमति मांगी थी।

दिल्ली में इस सख्ती को लागू करने के लिए 580 पुलिसकर्मी 126 चेकपॉइंट्स पर तैनात रहेंगे। पेट्रोल पंपों पर एएनपीआर कैमरे, वाहन डेटाबेस और पुलिस जांच करेंगे। ट्रांसपोर्ट अधिकारी भी पंपों पर रहेंगे।


निर्माण सामग्री ले जाने वाले वाहनों पर पूर्ण बैन है।?

सीएनजी, इलेक्ट्रिक वाहन, पब्लिक ट्रांसपोर्ट और जरूरी सेवाओं को छूट है। ट्रैफिक जाम रोकने के लिए 100 हॉटस्पॉट्स पर गूगल मैप मदद लेगा। नियम तोड़ने पर वाहन जब्ती, जुमार्ना और कानूनी कार्रवाई होगी। पर्यावरण अधिनियम 1986 के तहत सजा मिलेगी।

बेंच ने कहा कि सिर्फ नियम बनाना काफी नहीं है। जरूरी है कि सरकार प्रैक्टिकल और असरदार समाधान अपनाए और मौजूदा उपायों को सही तरीके से लागू किया जाए।

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार से कहा कि प्रदूषण की पाबंदियों से बेरोजगार हुए कंस्ट्रक्शन वर्कर्स की मदद की जाए और उन्हें दूसरा काम देने पर भी विचार किया जाए।

कोर्ट ने उअदट और ठउफ सरकारों से कहा कि वे शहरों में ट्रैफिक, मोबिलिटी और किसानों को पराली जलाने से रोकने जैसे मुद्दों पर ध्यान दें। टुकड़ों में उपाय करने से यह संकट हल नहीं होगा। सुप्रीम कोर्ट ने नर्सरी से कक्षा 5 तक के स्कूल बंद रखने के दिल्ली सरकार के फैसले में दखल नहीं दिया। कोर्ट ने कहा कि सर्दियों की छुट्टियां नजदीक हैं, इसलिए इसमें बदलाव की जरूरत नहीं है।



### BS-IV वाहन मानक स्तर के बारे जानें...

भारत स्टेज-4 वाहन मानक सरकार द्वारा तय किए गए ऐसे नियम हैं, जिनका मकसद वाहनों से निकलने वाले प्रदूषण को कम करना है। ये नियम इर-क्क्कसे ज्यादा सख्त थे और 1 अप्रैल 2017 से पूरे देश में नए वाहनों पर लागू हुए। इसके तहत पेट्रोल और डीजल गाड़ियों से निकलने वाले धुएं, जैसे नाइट्रोजन ऑक्साइड और पार्टिकुलेट मैटर, की सीमा तय की गई और सल्फर कम वाला ईंधन इस्तेमाल किया गया। इससे प्रदूषण घटाने में मदद मिली>

### 7 हजार मजदूरों का वेरिफिकेशन पूरा

दिल्ली सरकार की ओर से पेश अरऋ ऐश्वर्या भाटी ने बताया कि 2.5 लाख पंजीकृत मजदूरों में से 7 हजार का वेरिफिकेशन हो चुका है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सहायता राशि सीधे उनके खातों में ट्रांसफर की जाएगी। कोर्ट ने प्रक्रिया में गड़बड़ी पर सख्त चेतावनी दी। बेंच ने पर्यावरणविद एमसी मेहता की याचिका को आगे की सुनवाई के लिए 6 जनवरी को लिस्ट किया है। बेंच ने कहा कि इस याचिका पर साल में कम से कम दो बार सुनवाई होनी चाहिए।


## जाहिर सुचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता हे कि मेरे पक्षकार ने रामेश्वर पिता नाहर जी जाति आंजना, सेवा बाई पति रामेश्वर जी जाति आंजना, नानुबाई पिता नाहर जी, जाति आंजना, एंवम बसन्ता बाई बैवा नाहर जी जाति आंजना, पदमसिंह पिता नाहर जी जाति आंजना निवासीगण ग्राम लेकोडा आंजना से इनके स्वामित्व एंव आधिपत्य की कृषि भुमि जिसका सर्वे नम्बर 502 रकबा 1.86 हेक्टर भुमि को, सिंचाई के अधिकार सहीत *कृय करने का अनुबन्ध किया हे, जिसमे मेरे पक्षकार ने बयाना पेटे राशी भी अदा कर दी है। यह कि उक्त कृषि भूमि पर किसी भी व्यक्ति, बैंक संस्था, सोसायटी, वित्तीय निकाय, भुमि, विकास बैंक, जिला सहकारी बैंक, शासकीय अथवा अर्धशासकीय, विभाग, या ट्रस्ट के पक्ष मे रहन बय, दान, आदी, की हुई हो, अथ्वा उक्त कृर्षि भुमि के किसी भी वैद्य उत्तराधिकारियों का उक्त भुमि मे किसी प्रकार का कोई स्वत्व, हित्त, हिस्सा, हो या किसी को भी किसी प्रकार की आपत्ति होतो, इस जाहिर सुचना प्रकाशन के 7 दिवस के अन्दर असल दस्तावेज मय प्रमाण के मेरे अग्रलिखीत आफीस में मिले व आपत्ति पेश करे । अतः इस जाहिर सुचना के द्वारा सुचित किया जाता हे कि 7 दिवस की अवधि मियाद के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि का विकृय पत्र का सम्पादन अपने पक्ष में करवालिया जावेगा, तथा बाद मियाद ऐसी कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हित मे बन्धनकारक नही रहेगी। दिनांक 17/12/2025

**जाकिर हुसैन एडव्होकेट**
**पताः- किदवई मोहल्ला चांदबड चोक उन्हेल**
**तहसील नागदा जिला उज्जैन**
**मो- 98278-47404 एंव 99260-66398**

### भारत-ओमान के बीच आज फ्री ट्रेड एग्रीमेंट साइन होगा

# सुल्तान तारिक से मिलेंगे मोदी, द्विपक्षीय बैठक होगी; प्रवासी भारतीयों को भी संबोधित करेंगे

## ओमान एकमात्र खाड़ी देश जिससे भारत का लॉजिस्टिक एग्रीमेंट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ओमान



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक से मस्कट में मुलाकात करेंगे। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय बैठक होगी। इस दौरान भारत और ओमान के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर साइन भी किए जाएंगे।

समझौते से भारत के टेक्सटाइल, फुटवियर, ऑटोमोबाइल, जेम्स एंड ज्वैलरी, रिन्युएबल एनर्जी और ऑटो कंपोनेंट्स जैसे सेक्टर्स को सीधा फायदा होगा। समझौते पर बातचीत नवंबर 2023 में शुरू हुई थी। पीएम मोदी बुधवार शाम को ओमान की राजधानी मस्कट पहुंचे थे। एयरपोर्ट पर ओमान के रक्षा मामलों के उप प्रधानमंत्री सैयद शिहाब बिन तारिक अल सईद ने मोदी का स्वागत किया। दोनों नेताओं ने औपचारिक बातचीत भी की। रात में सईद ने पीएम मोदी के लिए डिनर भी रखा।

## ओमान के कच्चे तेल का चौथा बड़ा खरीदार भारत

भारत ओमान के कच्चे तेल का चौथा सबसे बड़ा खरीदार है। 2023 में भारत ने लगभग 4 हजार करोड़ रुपए का कच्चा तेल खरीदा था। इसके साथ ही भारत ओमान के प्लास्टिक, रबर से बने प्रोडक्ट, केमिकल, मेटल जैसे गैर-तेल उत्पादों का तीसरा सबसे बड़ा बाजार भी है।

भारत और ओमान के बीच आर्थिक और कारोबारी रिश्ते लगातार बढ़े हैं। वित्त वर्ष 2023-24 में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 8.947 रहा। इससे पहले 2022-23 में यह 12.38 अरब डॉलर तक पहुंच गया था।

भारत से ओमान को चावल, मशीनरी, जहाज, विमान के पुर्जे, एल्यूमीनियम उत्पाद, खाद्य सामग्री, फल-सब्जियां, मसाले, चाय-कॉफी और मांस जैसे सामान निर्यात होते हैं।

वहीं ओमान से भारत को कच्चा तेल, ईंधन, यूरिया, केमिकल्स, प्लास्टिक, सीमेंट और एल्यूमीनियम का निर्यात किया जाता है। ओमान अकेला खाड़ी देश है जिसके साथ भारत ने लॉजिस्टिक एक्सेस एग्रीमेंट किया है। दोनों देशों के बीच यह समझौता 2018 में भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओमान यात्रा के दौरान था। इसके तहत भारतीय नौसेना और वायुसेना ओमान के रणनीतिक बंदरगाहों और सैन्य ठिकानों का इस्तेमाल कर सकती है। इस समझौते का सबसे अहम पहलू ओमान के दुकम पोर्ट तक भारत की लॉजिस्टिक पहुंच है।

## ओमान मिडिल ईस्ट का सबसे न्यूट्रल देश

ओमान को मिडिल ईस्ट का सबसे न्यूट्रल (तटस्थ) देश कहा जाता है। उसकी विदेश नीति की सबसे बड़ी पहचान यह है कि वह किसी भी क्षेत्रीय विवाद में खुलकर किसी एक पक्ष के साथ खड़ा नहीं होता। खाड़ी क्षेत्र में जहां सऊदी अरब-ईरान, अमेरिका-ईरान और यमन के बीच बड़े संघर्ष रहे हैं। वहीं ओमान ने हमेशा बातचीत और समाधान का रास्ता चुना है। ओमान उन गिने-चुने देशों में शामिल है जिनके अमेरिका और ईरान दोनों से अच्छे संबंध रहे हैं। 2015 में ईरान न्यूक्लियर डील (खउढअ) से जुड़ी बैक-चैनल बातचीत में ओमान ने अहम मध्यस्थ की भूमिका निभाई थी। इसके अलावा, यमन संकट और अन्य क्षेत्रीय तनावों में भी ओमान ने पर्दे के पीछे शांति प्रयास किए। ओमान ने ऋउउ (गल्फ कोऑपरेशन काउंसिल) का सदस्य होने के बावजूद सऊदी नेतृत्व वाले कई सैन्य अभियानों से दूरी बनाए रखी। खासतौर पर यमन युद्ध में उसने सीधे सैन्य भागीदारी नहीं की, जबकि ज्यादातर खाड़ी देश इसमें शामिल थे।

# ढाका में वीजा एप्लीकेशन सेंटर भी बंद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ढाका

भारत सरकार ने बुधवार को बांग्लादेश के हाई कमिश्नर रियाज हमिदुल्लाह को समन किया। यह कदम ढाका में भारतीय उच्चायोग को मिली एक हालिया धमकी के बाद उठाया गया। भारत ने इस मामले पर बांग्लादेश सरकार के सामने औपचारिक रूप से अपनी आपत्ति दर्ज कराई है।

हालांकि भारत सरकार ने अभी यह स्पष्ट नहीं किया है कि धमकी किस तरह की थी या कहां से आई थी, लेकिन इसे एक गंभीर सुरक्षा चिंता के तौर पर देखा जा रहा है। इसी बीच, ढाका में भारतीय वीजा एप्लीकेशन सेंटर को भी बुधवार दोपहर 2 बजे से बंद कर दिया गया। दरअसल, जुलाई ओइक्या (जुलाई एकता) नाम के संगठन ने आज भारतीय उच्चायोग की ओर मार्च निकालने का ऐलान किया था। यह मार्च दोपहर 3 बजे से शुरू होने वाला था। भारत सरकार को आशंका थी कि इस तरह के मार्च से भारतीय उच्चायोग के आसपास बड़ी संख्या में लोग जमा हो सकते हैं, जिससे कानून-व्यवस्था बिगड़ने और सुरक्षा खतरे पैदा होने की संभावना थी।




## चीन का सीक्रेट प्रोजेक्ट- सेमीकंडक्टर चिप मशीन का प्रोटोटाइप बनाया; यह इंसान के बाल से हजारों गुना पतले

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बीजिंग



चीन ने उन्नत सेमीकंडक्टर तकनीक की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। बेहद गोपनीय प्रोजेक्ट के तहत शेनझेन की एक हाई-सिक्योरिटी लैब में चीनी वैज्ञानिकों ने ऐसी मशीन का प्रोटोटाइप तैयार किया है, जो एडवांस सेमीकंडक्टर चिप्स बनाने में सक्षम मानी जा रही है।

रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, यह प्रोटोटाइप 2025 की शुरूआत में पूरा हुआ और फिलहाल इसकी टेस्टिंग चल रही है। यह मशीन पूरी फैक्ट्री फ्लोर जितनी बड़ी है और इसे अरटछ के पूर्व इंजीनियर्स की एक टीम ने तैयार किया है।

रिपोर्ट के अनुसार, इस टीम ने डच कंपनी अरटछ की एक्सट्रीम अल्ट्रावायलेट लिथोग्राफी (EUV ) मशीनों को रिवर्स इंजीनियरिंग के जरिए समझकर यह प्रोटोटाइप बनाया।

EUV तकनीक चिप्स पर बेहद बारीक सर्किट बनाती है, जो इंसान के बाल से हजारों गुना पतले होते हैं। अब तक यह तकनीक सिर्फ पश्चिमी देशों के पास थी। चीन का यह प्रोटोटाइप एवश लाइट तो पैदा कर पा रहा है, लेकिन अभी पूरी तरह काम करने वाली चिप्स नहीं बना सका है।

यह प्रोजेक्ट राष्ट्रपति शी जिनपिंग की सेमीकंडक्टर आत्मनिर्भरता योजना का हिस्सा है, जिसकी शुरूआत करीब छह साल पहले हुई थी। इस गोपनीय प्रोजेक्ट को चीन का मैनहट्टन प्रोजेक्ट भी कहा जा रहा है।

अभी अमेरिका चीन को उन्नत चिप्स देकर उसकी टेक्नोलॉजी और मिलिट्री पावर को नियंत्रित रखता है। अगर चीन खुद बना लेगा, तो अमेरिका की 'टेक कोल्ड वॉर' की रणनीति कमजोर हो जाएगी। चीन की मिलिट्री (मिसाइल, ड्रोन, अक हथियार) बहुत मजबूत हो सकती है, जिससे ताइवान या दक्षिण चीन सागर जैसे इलाकों में तनाव बढ़ सकता है। एवश सेमीकंडक्टर चिप्स बनाने की सबसे उन्नत मशीन है, जो दुनिया की सबसे छोटी और पावरफुल चिप्स (जैसे 7fm, 5fm, 3fm) बनाने में इस्तेमाल होती है। ये चिप्स स्मार्टफोन, कंप्यूटर, अक सिस्टम और मिलिट्री हथियारों को शक्तिशाली बनाती हैं। यह एक्सट्रीम अल्ट्रावायलेट लाइट (EUV लाइट) का इस्तेमाल करती है, जो बहुत छोटी वेवलेंथ (13.5 नैनोमीटर) वाली होती है।

# ऑस्ट्रेलिया आतंकी हमले पर हमें बेवजह बदनाम किया

## पाकिस्तान बोला- यह भारत-इजराइल जैसे दुश्मनों की साजिश; यहां से सोशल मीडिया पर झूठ फैला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इस्लामाबाद

पाकिस्तान ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया में आतंकी हमले को लेकर उन्हें बेवजह बदनाम किया गया। सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार ने इसे भारत-इजराइल जैसे दुश्मन देशों की साजिश बताया।

बुधवार को मीडिया ब्रीफिंग में उन्होंने कहा कि हमलावर को पाकिस्तान से जोड़ने का मकसद देश की छवि को खराब करना था। उन्होंने कहा कि बिना किसी सबूत और दस्तावेज के पाकिस्तान पर आरोप लगाए गए।

तरार ने आरोप लगाया कि इस झूठी खबर को खासतौर पर भारत और इजराइल से सोशल मीडिया और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के जरिए फैलाया गया। उन्होंने सवाल उठाया कि झूठी खबरों से पाकिस्तान को जो नुकसान हुआ, उसकी भरपाई कैसे होगी? क्या माफी मांगी जाएगी या कानूनी कार्रवाई की जाएगी? तरार ने ऑस्ट्रेलियाई अधिकारियों की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने जांच में पेशेवर रवैया अपनाया और बिना सबूत के किसी देश पर आरोप नहीं लगाए।





ऑस्ट्रेलिया में 14 दिसंबर को सिडनी के बॉन्डी बीच पर यहूदी लोगों पर हमला करने वाला आतंकी साजिद अकरम भारत का था। 50 साल का साजिद मूल रूप से तेलंगाना के हैदराबाद का रहने वाला था।

उसने हैदराबाद से स्टूडेंट वीजा पर नौकरी की तलाश में नवंबर 1998 में ऑस्ट्रेलिया चला गया। बाद में उसने यूरोपीय मूल की महिला वेनेरा ग्रोसो से शादी की और वहीं स्थायी रूप से बस गया। साजिद के पास अब भी भारतीय पासपोर्ट था। साजिद के परिवार वालों ने 2 मीडिया हाउस से बताया है कि उन्होंने कई साल पहले ही साजिद से अपने सारे रिश्ते तोड़ लिए थे, क्योंकि उसने एक ईसाई महिला से शादी कर ली थी। साजिद का बेटा नवीद अकरम (24 वर्षीय) ऑस्ट्रेलियाई नागरिक हैं। साजिद की एक बेटी भी है। तेलंगाना पुलिस के मुताबिक पहले भारत में साजिद के खिलाफ कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है। आतंकी हमले में 15 लोगों की मौत हुई है, वहीं 40 से ज्यादा लोग घायल हैं। आतंकी साजिद भी पुलिस की फायरिंग में मारा गया, जबकि उसका बेटा घायल है।


## फिलीपींस के इस्लामी गढ़ दावो शहर गए थे आतंकी

अधिकारियों के मुताबिक दोनों फिलीपींस के दावो शहर गए थे। दावो फिलीपींस के दक्षिण हिस्से में मिंडानाओ द्वीप पर है। मिंडानाओ में फिलीपींस की सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी रहती है। यह इस्लामी उग्रवादी और विद्रोही संगठन का गढ़ माना जाता है। ये समुदाय अलग देश बनाने की मांग करते हैं। इसके अलावा आतंकियों की गाड़ी से इस्लामिक स्टेट के दो झंडे बरामद हुए थे, जिससे उनके कस्र से जुड़े होने का अनुमान लगाया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक, 50 साल के हमलावर साजिद अकरम के पास लाइसेंसी बंदूक थी, जिसका इस्तेमाल वह शिकार के लिए करता था। एनएसडब्ल्यू पुलिस कमिश्नर मल लैनयन ने कहा कि साजिद अकरम एक गन क्लब का सदस्य था और राज्य के कानून के तहत उसके पास लाइसेंस था। साजिद अकरम के पास कानूनी रूप से 6 बंदूकें थीं। गोलीबारी के लिए निकलने से पहले बाप-बेटे ने अपने परिवार को कहा था कि वह मछलियां पकड़ने जा रहे हैं।

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजों...



## रंग भरकर चित्र बनाओ



## अंतर ढूंढो...




## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 9 | | 6 | 1 | | 8 |
| 6 | 8 | | | | | | | |
| | 1 | 7 | 3 | 8 | | 4 | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | | 9 |
| 5 | | 1 | 8 | | | 2 | | 7 |
| 2 | | | 5 | | 1 | | 8 | 4 |
| | | 3 | | 7 | 5 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 9 | 5 |
| 7 | | 6 | 2 | | 8 | | | 1 |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 6 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 |
| 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |

## वर्ग पहेली




### बाएं से दाएं

1. तरंग, हिलोर-3
3. झगड़ा, द्वेष, कहासुनी-3
5. पार्थिव देह-2
6. जरा, थोड़ा-2
8. रहस्य जानने वाला-4
10. दरवेश, औलिया, पीर-2
12. बहुतांश-3
13. राजनीतिक पार्टी-2
14. हिरासत-2
15. साजन, प्रेमी-3
17. देवर्षि-3
19. भगवान, रब, करतार-4
21. श्रवणेंद्रिय-2
23. प्राण, जीवन तत्व-2
24. द्रव पदार्थ-3
25. डोली उठाने वाले-4

### ऊपर से नीचे

1. भगवान राम का एक पुत्र-2
2. दया, करुणा-3
3. शर्ट, बुशर्ट-3
4. अधिकार-2

### पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 50 | | 2 | | 5 | | 2 | = | 40 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 40 | | 4 | | 80 | | 50 | = | 30 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 80 | | 5 | | 50 | | 25 | = | 10 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 40 | | 20 | | 4 | | 4 | = | 20 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 50 | | 20 | | 39 | | 23 | = | 0 / 8 |

**संकेत**

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (x) व (÷) के निशान लगाने हैं, जिनका उत्तर (=) पूर्णत: मेल खाता हो.

## शब्दों का जाल




**क्या इस शब्द पहेली में आप खोज पाएँगे अपने पसंदीदा शोज के किरदारों के नाम?**

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | 4 | | 5 | 2 |
| 2 | 28 | 4 | 40 | 7 | 35 | 4 |
| | 2 | | | 4 | 7 | |
| 5 | 28 | | 38 | | 34 | 1 |
| | 2 | 6 | | 5 | | 7 |
| 3 | 31 | 2 | 24 | | 30 | |
| 7 | 6 | | 4 | | | 5 |

# एपस्टीन सेक्स स्कैंडल फाइल्स खुलने में 2 दिन बाकी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का नाम आया



**ट्रम्प प्रशासन 19 दिसंबर को कुख्यात यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़े दशकों पुराने सरकारी रिकॉर्ड सार्वजनिक कर सकता है। इस दौरान एपस्टीन केस से जुड़े सभी ईमेल, तस्वीरें और डॉक्यूमेंट्स पब्लिक होंगे। इसका मकसद एपस्टीन के पूरे नेटवर्क की सच्चाई सामने लाना है।**

आरोप है कि इस नेटवर्क में नाबालिग लड़कियों का शोषण हुआ और दुनिया के कई बेहद ताकतवर लोग इससे जुड़े थे। इससे पहले इस केस से जुड़ीं 19 तस्वीरें 12 दिसंबर को पब्लिक हुई थीं। इसमें 3 तस्वीरें ट्रम्प की हैं। इसके अलावा पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन, अरबपति बिल गेट्स जैसे बड़ी हस्तियों की तस्वीरें भी सार्वजनिक हुईं। अब एपस्टीन से जुड़े सभी रिकॉर्ड पब्लिक होने में सिर्फ 2 दिन बाकी हैं। ऐसे में अमेरिका ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में राजनीतिक और कारोबारी हलकों में हलचल तेज हो गई है। अब तक किसी भारतीय नागरिक या भारतीय नेता-उद्योगपति का नाम आधिकारिक तौर पर सामने नहीं आया है।

# वीटो लगाकर भी बिल को रोक नहीं पाते ट्रम्प

## एपस्टीन केस की पूरी कहानी क्या है

इसकी शुरूआत 2005 में तब हुई जब फ्लोरिडा में एक 14 साल की लड़की की मां ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। इसमें कहा गया कि एपस्टीन के आलीशान घर में उसकी बेटी को ह्यमसाजह्न के बहाने बुलाया गया था, लेकिन वहां पहुंचने के बाद उस पर सेक्स का दबाव डाला गया।

जब उसने घर लौटकर यह बात अपने माता-पिता को बताई, तो उन्होंने तुरंत पुलिस में शिकायत की। तब पहली बार जेफ्री एपस्टीन के खिलाफ आधिकारिक शिकायत दर्ज हुई।

पुलिस जांच के दौरान यह सामने आया कि यह अकेला मामला नहीं है।

धीरे-धीरे करीब 50 नाबालिग लड़कियों की पहचान हुई, जिन्होंने एपस्टीन पर ऐसे ही आरोप लगाए। पाम बीच पुलिस डिपार्टमेंट ने इस मामले को गंभीरता से लिया और कई महीनों तक छानबीन की। इसके बाद एपस्टीन के खिलाफ क्रिमिनल जांच शुरू हुई।

मामले की जांच से पता चला कि एपस्टीन के पास मैनहट्टन और पाम बीच में शानदार विला है। एपस्टीन यहां हाई-प्रोफाइल पार्टियां करता था, जिसमें कई बड़ी हस्तियां शामिल होती थीं।

एपस्टीन अपने निजी जेट ह्यलोलिता एक्सप्रेसह्न से पार्टियों में कम उम्र की लड़कियां लेकर आता था। वह लड़कियों को पैसों-गहनों का लालच और धमकी देकर मजबूर करता था। इसमें एपस्टीन की गर्लफ्रेंड और पार्टनर गिस्लीन मैक्सवेल उसका साथ देती थी।

हालांकि शुरूआती जांच के बाद भी एपस्टीन को लंबे समय तक जेल नहीं हुई। उसका रसूख इतना था कि 2008 में उसे सिर्फ 13 महीने की सजा सुनाई गई, जिसमें वह जेल से बाहर जाकर काम भी कर सकता था।

साल 2009 में जेल से आने के बाद एपस्टीन लो प्रोफाइल रहने लगा। ठीक 8 साल बाद अमेरिका में मी टू मूवमेंट शुरू हुआ। साल 2017 में अमेरिकी अखबार न्यूयॉर्क टाइम्स ने हॉलीवुड प्रोड्यूसर हार्वे वाइंस्टीन के खिलाफ कई रिपोर्ट्स छापीं।

इसमें बताया गया कि वाइंस्टीन ने दशकों तक अभिनेत्रियों, मॉडल्स और कर्मचारियों का यौन शोषण किया। इस घटना ने पूरी दुनिया में सनसनी पैदा कर दी। 80 से ज्यादा महिलाओं ने वाइंस्टीन के खिलाफ सोशल मीडिया पर मी टू (मेरे साथ भी शोषण हुआ) के आरोप लगाए।

इसमें एंजेलीना जोली, सलमा हायेक, उमा थरमन और एश्ले जुड जैसे बड़े नाम थे। इसके बाद लाखों महिलाओं ने सोशल मीडिया पर '#टीळङ्कङ्क' लिखकर अपने शोषण की कहानियां शेयर कीं। इसमें वर्जीनिया ग्रिफे नाम की युवती भी थी। उसने एप्सटीन के खिलाफ कई गंभीर आरोप लगाए। उसने दावा किया कि उसके साथ 3 साल तक यौन शोषण हुआ था।





**एपस्टीन केस में किन प्रॉमिनेंट पर्सन का नाम आया**

जेफ्री एपस्टीन की संपत्ति से जारी 19 तस्वीरों में 9 बड़ी हस्तियों के नाम सामने आए हैं। ये तस्वीरें सीधे तौर पर किसी को अपराधी साबित नहीं करतीं, लेकिन इन्हें एपस्टीन के साथ दिखाती हैं जिससे विवाद और सवाल खड़े हो रहे हैं।

## कौन हैं जेफ्री एपस्टीन




जन्म- 20 जनवरी, 1953 | ब्रुकलिन, न्यूयॉर्क



पेशा- इन्वेस्टमेंट मैनेजर

पार्टनर- गिस्लेन मैक्सवेल

नाबालिग लड़कियों के यौन शोषण और सेक्स ट्रैफिकिंग के गंभीर आरोप लगे




एपस्टीन की हाई-प्रोफाइल पार्टियों में साइंटिस्ट स्टीफन हॉकिंग, बिजनेसमैन डोनाल्ड ट्रम्प, पॉपस्टार माइकल जैकसन, पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन समेत कई बड़ी हस्तियां शामिल होती थीं।


**2008** पहली बार फ्लोरिडा में यौन अपराधों के लिए सजा हुई

**2009** नाबालिग लड़कियों की सेक्स ट्रैफिकिंग के आरोप में गिरफ्तार

**2019** न्यूयॉर्क की जेल में रहस्यमयी मौत

पिछले महीने अमेरिकी संसद के दोनों सदनों ने एपस्टीन से जुड़े दस्तावेजों को पब्लिक करने वाला एक्ट भारी बहुमत से पास कर दिया था। हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स ने बिल को 427-1 के अंतर से मंजूरी दी, जबकि सीनेट ने भी इसे बिना विरोध सर्वसम्मति से पारित कर दिया। दरअसल, जब कोई बिल संसद के दोनों सदनों से पास हो जाता है, तो वह राष्ट्रपति के पास जाता है। यदि ट्रम्प चाहते तो इस पर साइन नहीं कर सकते थे, चूंकि दोनों सदन में यह बहुत अंतर से पास हुआ था। ऐसे में ट्रम्प के पास कोई विकल्प नहीं बचा था।

ट्रम्प यदि इस बिल पर वीटो भी कर देते तो अमेरिकी संसद इसे दो-तिहाई बहुत से ओवरराइड कर सकती थी। यही वजह है कि राष्ट्रपति ट्रम्प को 19 नवंबर को इस पर दस्तखत करना पड़ा था। अब नियम के मुताबिक 30 दिन के भीतर न्याय विभाग (ऊडख) को एपस्टीन से जुड़ी फाइलें सार्वजनिक करनी हैं। यह तारीख 18 दिसंबर को पूरी हो रही है।



## ट्रम्प के क्लब में फंसी वर्जीनिया गिफ्रे

एपस्टीन पर आरोप लगाने वाली एक युवती वर्जीनिया गिफ्रे भी थी। उसने आरोप लगाया था कि वह सिर्फ 16 साल की थी जब वह डोनाल्ड ट्रम्प के क्लब मार-ए-लागो में काम कर रही थी। वहीं पर उसकी मुलाकात गिस्लेन मैक्सवेल से हुई थी।

उसने उसे मसाज थेरेपी का ऑफर दिया था। वह झांसा देकर उसे एपस्टीन के पास ले गई। गिफ्रे ने दावा किया कि उसे एपस्टीन के घर ले जाया गया जहां उसे ह्यमालिशह्न देने को कहा गया। गिफ्रे ने बताया कि करीब 3 साल तक वह एपस्टीन और मैक्सवेल के लिए काम करती रही। इस दौरान उसे दुनियाभर की जगहों पर प्राइवेट जेट से भेजा गया और वहां उसे प्रभावशाली लोगों के साथ ह्ययौन संबंधह्न बनाने को मजबूर किया गया। गिफ्रे ने ब्रिटेन के शाही परिवार के प्रिंस एंड्रयू पर भी आरोप लगाया कि उन्होंने उसके साथ जबरदस्ती की, जब वह नाबालिग थी। यह मामला ब्रिटिश मीडिया में बहुत बड़ा विवाद बना। गिफ्रे ने यह नहीं कहा कि ट्रम्प ने उसका शोषण किया, लेकिन यह बात सामने आई कि मार-ए-लागो क्लब ही वह जगह थी जहां से उसे ह्नभर्तीह्न किया गया। इसी साल अप्रैल 2025 में वर्जीनिया गिफ्रे की मौत हो गई। इसे आत्महत्या बताया गया, लेकिन इसने एक बार फिर इस केस को चर्चा में ला दिया।

एपस्टीन के खिलाफ दबाव बढ़ रहा था। ऐसे में 6 जुलाई 2019 को न्यूयॉर्क में एपस्टीन को फिर से सेक्स ट्रैफिकिंग के गंभीर आरोपों में गिरफ्तार किया गया। 23 जुलाई को उसे सेल में बेहोश पाया गया। उसके गले पर निशान थे। माना गया कि किसी ने उसकी जान लेने की कोशिश की थी। इसके बाद उसकी सुरक्षा बढ़ा दी गई, लेकिन जल्द ही हटा दी गई। 10 अगस्त 2019 को उसी हाई-सिक्योरिटी जेल में एपस्टीन मरा हुआ मिला। आधिकारिक रिपोर्ट में कहा गया कि उसने फांसी लगाकर आत्महत्या की, लेकिन कई मेडिकल और कानूनी एक्सपर्ट्स ने इस पर सवाल उठाए। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में कहा गया कि एपस्टीन की गर्दन की कुछ हड्डियां टूटी हुई थीं। ये चोटें आमतौर पर गला घोंटने से जुड़ी होती हैं, आत्महत्या से नहीं।

■ वर्ष-12 अंक-46 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, बृहस्पतिवासरः 18 दिसम्बर, 2025

## सुभाषितानि

सत्येन रक्ष्यते धर्मो विद्याऽभ्यासेन रक्ष्यते।
मृज्यया रक्ष्यते रुपं कुलं वृत्तेन रक्ष्यते॥

**भावार्थ** : धर्म का रक्षण सत्य से, विद्या का अभ्यास से, रुप का सफाई से और कुल का रक्षण आचरण करने से होता है।

पिबन्ति नद्यः स्वयमेव नाम्भः स्वयं न खादन्ति फलानि वृक्षाः।
नादन्ति सस्यं खलु वारिवाहाः परोपकाराय सतां विभूतयः॥

**भावार्थ** : नदियाँ अपना पानी खुद नहीं पीती, वृक्ष अपने फल खुद नहीं खाते, बादल खुद ने उगाया हुआ अनाज खुद नहीं खाते। सत्पुरुषों का जीवन परोपकार के लिए हि होता है।

## सम्पादकीयम्

### भारत-अमेरिका-देशयोः व्यापार-सौदाः

कतिपयेषु घण्टेषु पूर्वमेव ट्रम्पः एशिया-प्रशान्त-मञ्चात् अवदत् यत् भारत-अमेरिका-देशयोः व्यापार-सौदाः शीघ्रमेव भविष्यन्ति. सम्बन्धेषु स्थिरता : अमेरिका अगस्तमासे भारते ५०% शुल्कं आरोपितवती आसीत्। ततः परं द्वयोः देशयोः मध्ये सम्बन्धाः बहुभिः उत्थान-अवस्थाभिः गतवन्तः। अस्मिन् काले न केवलं ट्रम्पः, अपितु तस्य व्यापारसल्लाहकारः पीटर नवारो, वित्तमन्त्री च स्कॉट् बेसन्ट् अपि भारतस्य विरुद्धं वक्तव्यं कृत्वा दबावस्य निर्माणस्य प्रयासं कृतवान्। परन्तु अधुना सम्बन्धेषु स्थिरता दृश्यते। भारतस्य आवश्यकता : अमेरिकादेशः चीनदेशेन सह द्विवारं दुर्लभपृथिव्याः उपरि संघर्षं कृतवान् अस्ति। स्कॉट् बेसाण्ट् इत्यनेन अपि उक्तं यत् भारतेन अस्मिन् युद्धे अमेरिकायाः समर्थनं कर्तव्यम् इति। इदानीं, यद्यपि ट्रम्पः, एक्सी च मिलित्वा मुद्देषु समाधानं कृतवन्तौ, तथापि अमेरिकायाः चीनदेशे दबावं स्थापयितुं भारतवत् भागीदारस्य आवश्यकता अस्ति। अस्मिन् परिवर्तनशीलवातावरणे भारतस्य कृते अपि सन्देशः अस्ति यत् सः प्रत्येकं विषये, व्यापारसौदान्तः रूसीतैलं यावत् प्रत्येकं विषये दृढतया स्वस्य स्थापनं स्थापयितुं सन्देशः अपि अस्ति। तस्य आदेशः सितम्बं २९ तः प्रवर्तते भारतस्य कृते चबहरः केवलं व्यापारदृष्ट्या महत्त्वपूर्णः नास्ति, यत्र तया अरब-अरब-रूप्यकाणां निवेशः कृतः तस्य सामरिक-महत्त्वम् अपि अस्ति `चीनस्य उत्तरम्ः चबहरः चीन-पाकिस्तान-योः उत्तरम् युगपत् अस्ति। चीनदेशः पाकिस्तानस्य ग्वादार-बन्दरं स्वस्य।

## कपिलशर्मा इत्यस्य शो इत्यस्मिन् प्रियंका चोपड़ा

# इत्यस्याः विस्फोटकरूपेण प्रशंसकाः उत्साहिताः सन्ति



ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुम्बई

दूरदर्शनस्य लोकप्रियतमासु हास्यप्रदर्शनेषु अन्यतमः द ग्रेट् इण्डियन कपिल शो पुनः वार्तासु अस्ति, अस्मिन् समये च, कारणं वैश्विकप्रतिमा प्रियंका चोपड़ा अस्ति। प्रियङ्कायाः शो इत्यस्य सेट्-चित्रेभ्यः सामाजिक-माध्यमेषु वायरल्-रूपेण दृश्यमानमात्रेण प्रशंसकानां उत्साहः ज्वर-स्तरं प्राप्तवान्। नवजोतसिंहसिद्धु इत्यनेन साझाकृतानि एतानि छायाचित्राणि न केवलं शो इत्यस्य आगामिप्रकरणस्य कृते उत्साहं प्रवर्धितवन्तः, अपितु प्रियङ्कायाः आरामेन, मजेदारेन, उष्णतया च उपस्थित्या जनानां हृदयं गृहीतवन्तः।

प्रियंका चोपड़ा यथा फोटोषु दृश्यते तत् तस्याः तारकत्वं प्रतिबिम्बयति तथा च तस्याः पृथिव्याः व्यक्तित्वं प्रतिबिम्बयति। हसन्ती प्रियङ्का कदाचित् नवजोतसिंहसिद्धुना सह हसन्ती, कदाचित् पूर्णोत्साहेन नृत्यन्ती च दृश्यते। एतानि छायाचित्राणि इन्स्टाग्रामे साझां कृत्वा नवजोतसिंहसिद्धुः लिखितवान् यत्, शालीनता सर्वदा एव तिष्ठति, परन्तु सौन्दर्यं सर्वदा प्रकाशयिष्यति... सौन्दर्यस्य अनुग्रहस्य च अद्वितीयः संयोजनः। एषा रेखा प्रियङ्कायाः प्रतिबिम्बं सम्यक समाहितवती। सेट् तः फोटोषु प्रियङ्का श्वेतनीलपुष्पपरिधानेन आश्चर्यजनकरूपेण दृश्यते। तस्याः आत्मविश्वासः, स्मितं, कॅमेरा-पुरतः सहजता च स्पष्टतया दर्शयति यत सा हॉलीवुड्-नगरे वा भारतीय-दूरदर्शन-मञ्चे वा अपि तथैव सहजतया स्वं वहति एकस्मिन् फोटो मध्ये प्रियङ्का हस्तौ उत्थाप्य नृत्यं कुर्वती दृश्यते, नवजोतसिंहसिद्धुः च स्वस्य हस्ताक्षरयुक्तं कुर्ता-पायजामा, चेकर-ब्लेजर्, पगडी च परिधाय समानेन उत्साहेन डोलति एषः दृश्यः शो इत्यस्य ऊर्जायाः, विनोदस्य च प्रतीकं जातम् अस्ति। अन्यस्मिन् फोटो मध्ये प्रियङ्का शो इत्यस्य सम्पूर्णदलेन सह पोजं दत्तवती दृश्यते, यत्र कपिलशर्मा, अर्चनापुराणसिंहः, सुनीलग्रोवरः च सन्ति। एषः फोटो प्रशंसकानां कृते एकः उपचारः आसीत्। कपिलशर्मा अपि टिप्पणीविभागे स्वस्य सुखं प्रकटितवान्, त्वं अद्भुतः असि पाजी इति लिखितवान्। कपिलस्य पंजाबीशैल्या प्रियङ्कायाः उपस्थित्या सेट्-मध्ये वातावरणं कथं उज्ज्वलं जातम् इति प्रकाशयति। प्रियङ्का अस्मिन् सप्ताहे आरम्भे द ग्रेट् इण्डियन कपिल शो इत्यस्य चतुर्थस्य सीजनस्य विशेषप्रकरणस्य शूटिंग् कर्तुं मुम्बईनगरम् आगता। रोचकं तत् अस्ति यत् प्रियङ्का मुम्बईनगरे १२ घण्टाभ्यः न्यूनं यावत् स्थित्वा शूटिंग सम्पन्नं कृत्वा तत्क्षणमेव न्यूयॉर्कं प्रत्यागतवती।

## भारतीयरेलवे इत्यस्य

# तत्कालटिकट व्यवस्थायां महती परिष्कारः कृता अस्ति

### अधुना यात्रिकाणां कृते पूर्वापेक्षया अधिकानि आसनानि प्राप्नुयुः इति अपेक्षा अस्ति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

भारतीयरेलमार्गः देशस्य जीवनरेखा इति मन्यते, तस्य सेवायाः उपरि नित्यं कोटिकोटि यात्रिकाः अवलम्बन्ते। दीर्घदूरयात्रा वा आकस्मिकतात्कालिकयोजना वा, तत्कालटिकटव्यवस्था सामान्ययात्रिकाणां कृते सर्वदा एव राहतस्य प्रमुखः स्त्रोतः अभवत् किञ्चित्कालात् तत्कालटिकटस्य उपलब्धतायाः विषये यात्रिकाणां मध्ये असन्तुष्टिः अस्ति, परन्तु अधुना रेलमन्त्रालयेन अस्मिन् दिशि अनेकानि महत्त्वपूर्णानि पदानि स्वीकृतानि, येन टिकटप्राप्तेः सम्भावनाः प्रत्यक्षतया प्रभाविताः सन्ति। एतेषां परिवर्तनानां उद्देश्यं न केवलं टिकटबुकिंग प्रक्रियां पारदर्शी कर्तुं अपितु टिकटं वास्तविकयात्रिकाणां कृते प्राप्य टौट् अथवा बॉट् इत्यस्य पकडं दुर्बलं कर्तुं च अस्ति।

रेलवे-अधिकारिणां मते वर्षेषु ऑनलाइन-टिकट-बुकिंग्-करणं तकनीकी-दोषैः, सर्वर-मन्दतायाः, धोखाधड़ी-बुकिंग्-करणेन च ग्रस्तम् अस्ति। तत्कालटिकटबुकिंग् इत्यस्य प्रथमेषु कतिपयेषु निमेषेषु वेबसाइट् अथवा एप् इत्यत्र मन्दता विशेषतया सामान्या आसीत्। एतत् मनसि कृत्वा इत्यनेन स्वस्य सर्वर-अन्तर्गत-संरचनायाः सुदृढीकरणं कृतम् यत् एकत्रित-प्रवेशानां बहूनां संख्यायां अपि प्रणाली सुचारुरूपेण कार्यं करोति इति सुनिश्चितं भवति अनेन बुकिंग्-विण्डो उद्घाटितमात्रेण टिकटं समाप्तं भवति इति शिकायतां तुल्यकालिकरूपेण न्यूनानि सन्ति।

### दावानां आधारेण करस्य न्यूनदेयता कृता, केषुचित् सन्दर्भेषु धोखाधड़ीपूर्वकं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

नामधेयेन दानं दर्शयित्वा स्वस्य करदायित्वं न्यूनीकृतम् अस्ति। एतेषु बह्वीषु प्रकरणेषु न च दानं वास्तविकं आसीत्, न च संस्थाः आयकर-अधिनियमस्य अन्तर्गतं वैधमुक्तिं प्राप्तुं योग्याः आसन्। तदपि एतेषां दावानां आधारेण करस्य न्यूनदेयता कृता, केषुचित् सन्दर्भेषु धोखाधड़ीपूर्वकं धनवापसी अपि प्राप्ता। आयकरविभागस्य अधिकारिणः वदन्ति यत् एताः अनियमिताः आँकडाविश्लेषणस्य, डिजिटलनिरीक्षणस्य च माध्यमेन ज्ञाताः। अन्तिमेषु वर्षेषु आयकर-रिटर्न्-दाखिलीकरण-प्रक्रिया पूर्णतया डिजिटल-रूपेण जातम्, येन विभागाय करदातृ-प्रतिमानानाम्, लेनदेनस्य, दावानां च विस्तृत-दत्तांशः प्राप्यते अस्य दत्तांशस्य विश्लेषणेन ज्ञातं यत् केचन राजनैतिकदलाः, संस्थाः च शङ्कितानां क्रियाकलापानाम् अभावे अपि बृहत् दानं प्राप्नुवन्ति स्म अथवा करमुक्तिं प्राप्तुं योग्याः न आसन्।

## राशिफल

**मेष** : दिन बदलाव लेकर आया है, जिससे फैसले लेने और रिश्तों को मजबूत करने का मौका मिलता है।

**वृषभ** : आज आप ऊजार्वान महसूस करेंगे और आत्मविश्वास के साथ नई परियोजनाओं को शुरू करने के लिए तैयार होंगे।

**मिथुन** : 18 दिसंबर के दिन आप दृढ़ संकल्प और धैर्य के साथ अपने लक्ष्यों की ओर लगातार आगे बढ़ेंगे।

**कर्क** : उपलब्धियों की तारीफ करने और अपने आस-पास के लोगों के साथ फीलिंग्स शेयर करने के लिए समय निकालें।

**सिंह** : क्लियर कम्युनिकेशन और सम्मान को महत्व दें। स्वभाव आज के काम में ध्यान बढ़ाने के साथ आपका मार्गदर्शन करेगा।

**कन्या** : दिन टीम वर्क से महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है। थकान से बचने के लिए जरूरत पड़ने पर आराम करें।

**तुला** : 18 दिसंबर के दिन अगर आप निवेश करना चाहते हैं, तो निवेश करने से पहले अपने विकल्पों पर रिसर्च करें।

**वृश्चिक** : 18 दिसंबर के दिन आज प्यार का माहौल रहेगा। आप क्लियर कम्युनिकेशन और सम्मान को महत्व देते हैं।

**धनु** : साथ में टहलने या डिनर डेट करने जैसी रोमांटिक एक्टिविटी साझा करना आपके इमोशनल कनेक्शन को मजबूत करेगा।

**मकर** : आप बातचीत और पढ़ने के जरिए ज्ञान प्राप्त करना चाहते हैं। जिज्ञासा रचनात्मकता को बढ़ावा देती है।

**कुंभ** : आज आपकी एनर्जी शांत रहेगी। सुनना और छोटे-छोटे कार्यों के लिए तारीफ दिखाना पार्टनर को करीब लाएगा।

**मीन** : 18 दिसंबर के दिन आपका जिज्ञासु स्वभाव आपको नए टॉपिक की खोज करने और बातचीत करने के लिए मोटिवेट करता है।

## ज्योतिष/वास्तु

# जनवरी में केतु इन राशि वालों को देंगे अच्छे रिजल्ट, शुरू होगा इनका गोल्डन टाइम

ज्योतिष गणना के मुताबिक, साल 2026 में केतु का पहला महत्वपूर्ण गोचर जनवरी में होने वाला है। वह 25 जनवरी 2026 को पूवार्फाल्गुनी नक्षत्र के द्वितीय चरण से निकलकर प्रथम चरण में अपना स्थान लेंगे।

ज्योतिष शास्त्र में केतु को एक छाया ग्रह माना गया है, जो व्यक्ति के जीवन में अचानक होने वाले बदलाव, आध्यात्मिक झुकाव का प्रतीक माना जाता है। मान्यता है कि, केतु का गोचर राशियों पर विशेष प्रभाव डालता है। इससे जहां कुछ राशियों की चुनौतियां बढ़ती हैं, तो वहीं कई राशियों के लिए यह अप्रत्याशित लाभ के जैसा हो सकता है। केतु का प्रभाव जातकों के उन्नति के द्वार को भी खोल देता है। ज्योतिष गणना के मुताबिक, साल 2026 में केतु का पहला महत्वपूर्ण गोचर जनवरी में होने वाला है। वह 25 जनवरी 2026 को पूवार्फाल्गुनी नक्षत्र



के द्वितीय चरण से निकलकर प्रथम चरण में अपना स्थान लेंगे। केतु इस नक्षत्र पद में आने पर कुछ राशि वालों को व्यापार में धनलाभ, रुके हुए कार्यों में गति और करियर में तरक्की मिल सकती हैं। आइए इनके बारे में जानते हैं।

**वृषभ राशि-** वृषभ राशि वालों के लिए समय सबसे खास रहने वाला है। आपकी कोई अधूरी इच्छा पूरी हो सकती हैं और आपका मन धार्मिक कार्यों में लगेगा। आप निवेश को लेकर नई प्लानिंग करेंगे और कोई वाहन इस समय खरीद सकते हैं। विवाह के योग बनेंगे और घर में मांगलिक कार्य संपन्न हो सकते हैं। सेल्स, मार्केटिंग या फिल्ड जैसे सेक्टर में काम करने वालों को नया अवसर मिलेगा। निवेश में भी अच्छा रिजल्ट मिल सकता है। वैवाहिक जीवन में मधुरता आएगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए यह समय नई उम्मीद और सफलता से भरा रहेगा।

**सिंह राशि-** सिंह राशि वालों के लिए समय सकारात्मकता से भरा रहेगा। आपके जीवन में किसी की दस्तक हो सकती हैं। आप परिवार वालों के लिए नए बिजनेस और कुछ योजनाओं को लागू करेंगे। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता बनी रहेगी। विदेश यात्रा तक जाने का सौभाग्य प्राप्त होगा। खास बात यह है कि, आपके बनते काम में आ रही बाधा दूर होगी। सफलता के लिए सभी कोशिश रंग लेकर आएगी। लंबे समय से नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को मनचाहा अवसर मिल सकता है। किसी बड़ी समस्या का समाधान खोजने में सिंह राशि वालों को कामयाबी मिल सकती हैं। इस समय आपका मन प्रसन्न रहेगा।

**वृश्चिक राशि-** ज्योतिषियों के मुताबिक, आपको नई नौकरी की प्राप्ति हो सकती हैं। यदि आप साझेदारी में कोई काम करते हैं, तो आपको अपने पार्टनर की तरफ से पूरा समर्थन मिलेगा। यह समय करियर को नई दिशा देने के लिए भी शुभ रहेगा। आपको भाई-बहनों का हर काम में साथ मिलेगा। जीवनसाथी के साथ मिलकर संपत्ति या किसी बड़े निवेश की योजना आप बनाएंगे। कार्यस्थल पर सम्मान बढ़ेगा और वैवाहिक जीवन खुशियों से भरा रहेगा।

## खबर एक नजर...

### कायथा के पास हुई दुर्घटना में घायल की 5 दिन बाद मौत

**उज्जैन।** कायथा और डिंगरोदा के बीच 11 दिसंबर की रात हुई सड़क दुर्घटना में गंभीर घायल दीपक पिता शिवनारायण बैरागी 45 साल की निजी अस्पताल में पांच दिन चले उपचार के दौरान मंगलवार-बुधवार रात मौत हो गई। पुलिस ने सूचना मिलने पर शव निजी अस्पताल से पोस्टमार्टम के लिये शासकीय चरक अस्पताल पहुंचाया। जहां परिजनों ने बताया कि दीपक लाइट फिटिंग का काम करता था। उसकी साइड उज्जैन मंछामन कालोनी में चल रही थी। 11 दिसंबर को काम करने के बाद रात में वापस बाइक से दोस्त शुभम राठौर के साथ मक्सी लौट रहा था, उसी समय कायथा के समीप अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। दोस्त शुभम भी घायल हुआ था, जिसे पैर में चोंट लगी थी। दीपक गंभीर घायल हुआ था, उसके 2 बच्चे है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा है। जांच के लिये मर्ग डायरी संबंधित थाना पुलिस को भेजी जायेगी।

### भतीजे ने साथियों के साथ मिलकर फोडा चाची का सिर

**उज्जैन।** देवासरोड स्थित ग्राम मानपुरा में रहने वाली पेपाबाई पति प्रकाश धोलपुरे को परिजन मंगलवार रात लहूलुहान हालत में उपचार के लिये चरक अस्पताल लेकर पहुंचे थे। डॉक्टरों ने सिर में गहरी चोंट होने पर उपचार के लिये भर्ती किया। पेपाबाई ने बताया कि रात में घर के समीप रहने वाले जेठ का लड़का श्याम घर के बाहर खड़ा होकर गाली-गलौच कर रहा था। आवाज सुनकर वह बाहर आई और श्याम को गाली देने से मना किया, इसी बात उसने अपने साथी मनोज, मुकेश और एक अन्य के साथ मिलकर लाठियों से हमला कर दिया। श्याम और उसके पिता से पारिवारिक बातों को लेकर पहले भी विवाद हो चुका था। पेपाबाई के घायल होने की सूचना अस्पताल से मिलने के बाद नागझिरी थाना पुलिस ने बयान लेकर मामले में श्याम और उसके साथियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

### लोडिंग वाहन चालक की लापरवाही से हुई थी दुर्घटना

**उज्जैन।** रूनिजा चौपाटी रतलाम रोड पर 11 दिसंबर की रात बाइक पर सवार विशाल पिता राजेन्द्र ओहरी, रोहित पिता रतनलाल और अर्जुन पिता रमेश सिंघाड़ निवासी झरखेड़ी रतलाम खड़े लोडिंग वाहन में पीछे से टकरा गये थे। हादसे में विशाल की मौके पर मौत हो गई थी। भाटपचलाना थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया था। पांच दिनों बाद पता चला कि बीच रास्ते में चालक ने बिना संकेतक अपना लोड़िंग वाहन खड़ा किया था। अंधेरा होने पर बाइक सवार पीछे से टकराये थे। जांच में आये तथ्यों के बाद पुलिस लोडिंग वाहन चालक के खिलाफ धारा 281, 125 (ए), 106 (1) बीएनएस में प्रकरण दर्ज कर लोडिंग वाहन जप्त कर लिया है।

### सर्कल भ्रमण के दौरान शराब बेचते पकड़ाई महिला

**उज्जैन।** नीलगंगा थाना पुलिस को सर्कल भ्रमण के दौरान खबर मिली कि एकतानगर में रहने वाली महिला घर के बाहर शराब बेचने का काम कर रही है। पुलिस मौके पर पहुंची तो पाया कि महिला घर के बाहर बैठी है, उसके पास बर्तन भरी कच्ची शराब है। पुलिस ने शराब जप्त कर महिला को गिरफ्तार किया और मामले में आबकारी की धारा 34 और 49-ए का प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 478-9 | 188-7 |
| मेन बाजार | 120-3 | 158-4 |
| मिलन डे | 270-9 | 235-0 |
| मिलन नाइट | 136-0 | 260-8 |

| | | |
|---|---|---|
| 5 | 9 | 0 |

## रेलवे से सेवानिवृत्त कर्मचारी के साथ हुई धोखाधड़ी

# डीआरएम कार्यालय का बाबू बताकर उड़ाये 8.26 लाख

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन




सायबर ठगों ने रतलाम डीआरएम कार्यालय का बाबू बनकर रेलवे से सेवानिवृत्त कर्मचारी के खाते से 8.26 लाख रुपए उड़ा दिये। मोबाइल पर रुपए निकलने का मैसेज मिलने पर सेवानिवृत्त कर्मचारी ने मामले की शिकायत पुलिस को दर्ज कराई। पुलिस मोबाइल पर आये नम्बर के आधार पर ठगों का पता लगाने में जुट गई है।

महालक्ष्मीनगर में रहने वाले ललित कुमार पिता स्व. भगवतीप्रसाद शर्मा रेलवे से सेवानिवृत्त है। उन्होने पुत्र चंद्रदेव शर्मा के साथ नागझिरी थाना पुलिस को शिकायती आवेदन देकर बताया कि उनके साथ 8.26 लाख की धोखाधड़ी हुई है। 15 दिसंबर को दोपहर में उनके पास मोबाइल नम्बर 8264713864 से कॉल आया था। कॉल करने वाले अपना नाम नवीन बताते हुए कहा कि रतलाम डीआरएम कार्यालय पेंशन शाखा से बाबू बोल रहा हूं। आप अपनी संपूर्ण जानकारी जैसे पीपीओ नम्बर, माता-पिता का नाम, एटीएम के सीवीवी नम्बर बताओं ऑनलाइन अपडेट करना है, नहीं तो पेंशन रूक जायेगी। रतलाम डीआरएम से कॉल आने पर उन्होने अपनी जानकारी नवीन बाबू को बता दी। कुछ देर बाद मोबाइल पर टैक्स मैसेज मिला कि खाते से 8 लाख 26 हजार का ट्रांजेक्शन हुआ है। उन्होने तत्काल नवीन बाबू के नम्बर पर कॉल किया तो बंद मिला। ललित कुमार ने बताया कि उनके साथ धोखाधड़ी हुई है। उन्होने बैंक से भी संपर्क किया था तो रुपए निकालने की जानकारी सामने आई है। पुलिस ने शिकायती आवेदन पर मामले में अज्ञात मोबाइल धारक के खिलाफ धोखाधड़ी की धारा 318 (4) में प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

### जागरूकता अभियान के बाद भी जारी ठगी

ऑनलाइन होने वाली धोखाधड़ी के मामलों को लेकर पुलिस से लेकर राज्य सायबर सेल द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाये जा रहे है और सायबर ठगों द्वारा की जाने वाली जालसाजी से बचने के तरीकों और सर्तक रहकर अपनी जानकारी किसी को नहीं बताने की अपील की जा रही है। जागरूकता कार्यक्रम सार्वजनिक स्थानों से लेकर स्कूल कॉलेज के बच्चों के लिये आयोजित किये जा रहे है खुद के साथ अपनों का जानकारी से अवगत कराने के लिये कहा जा रहा है, बावजूद लोग सायबर ठगों में जाल में फंसकर अपना सब कुछ लुटा रहे है। सायबर ठगों से बचने का सबसे बड़ा हथियार जागरूकता और सर्तकता ही है।

### सायबर ठगों ने बदला वारदात का तरीका

अब तक सायबर ठगों द्वारा लोगों को बैंक अधिकारी, पुलिस अधिकारी बनकर ठगा और डिजीटल अरेस्ट कर ऑनलाइन धोखाधड़ी की जा रही थी, लेकिन पिछले कुछ महिनों से सायबर ठगों ने वारदात का तरीका बदलते हुए शासकीय विभागों से सेवानिवृत्त वृद्धों को उनके कार्यालय का अधिकारी बनकर ठगा जाने लगा है। देश के अलग-राज्यों में रेलवे से सेवानिवृत्त कई कर्मचारियों के साथ ऑनलाइन धोखाधड़ी होना सामने आ चुका है।

## खंडवा जा सकती है उज्जैन पुलिस

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



नकली पुलिसकर्मी बनकर आभूषण ठगने की वारदातों को अंजाम देने वाले 2 बदमाशों को खंडवा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एक माह पहले उज्जैन के नीलगंगा थाना क्षेत्र में हुई इसी तरह की वारदात के संबंध में बदमाशों से पूछताछ करने उज्जैन पुलिस खंडवा जा सकती है।

8 नवम्बर को नीलगंगा थाना क्षेत्र के सुभाष नगर के समीप हेलमेट पहने 2 बदमाशों ने अपने अन्य साथी के साथ मिलकर वृद्धा सरोज पिता प्रेमचंद्र जैन को रोका था और खुद को पुलिसकर्मी बताकर लूटपाट का भय दिखाते हुए 7.60 लाख के आभूषण ठग लिये थे। दोनों बदमाशों का एक अन्य साथी भी सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से वारदात में शामिल होना सामने आया था। तीनों बाइक से अलग-अलग रास्ते भाग निकले थे। ठगी की वारदात के बाद पुलिस ने आशंका जताई थी बदमाश ईरानी गैंग के हो सकते है। जिनकी तलाश लगातार जारी थी। अब सामने आया है कि 12 नवम्बर को खंडवा जिले पदमनगर थाना क्षेत्र में भी 65 साल के वृद्ध को 3 बदमाशों ने नकली पुलिस बनकर चेन और 2 अंगूठी उतरवा ली थी और फरार हो गये थे। खंडवा पुलिस ने लगातार बदमाशों को सर्च किया गया और सफलता प्राप्त कर ली। खंडवा पुलिस ने नर्मदापुरम के रहने वाली ईरानी बदमाश गटरा उर्फ अप्पा हुसैन, उर्फ अयान पिता अफसर हुसैन और कासिम पिता अफसर सैय्यद को गिरफ्तार किया है। दोनों ने अपने साथी इकबाल हुसैन के साथ अलग-अलग प्रदेशों में पुलिसकर्मी बनकर ठगी करना स्वीकार किया है। खंड़वा पुलिस के खुलासे में 3 बदमाशों द्वारा वारदात करने का सामने आने और उज्जैन में भी 3 बदमाशों द्वारा ठगी करने पर उज्जैन पुलिस पूछताछ के लिये खंडवा जा सकती है। पूरी संभावना है कि खंडवा पुलिस की गिरफ्त में आये बदमाशों ने ही उज्जैन में भी वारदात को अंजाम दिया है, जिसका खुलासा बदमाशों से पूछताछ के बाद हो पायेगा।

## बड़नगर में आबकारी की दबिश, मिली कच्ची शराब

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

आबकारी विभाग की टीम ने बुधवार सुबह बड़नगर क्षेत्र के ग्रामीणों इलाको में दबिश मारी और कच्ची शराब के साथ गुडलहन बरामद किया। सात मामले दर्ज कर जांच में लिये गये है।

आबकारी नियंत्रण कक्ष प्रभारी मुकेश रंधा ने बताया कि अवैध मदिरा विक्रय, परिवहन और भंडारण को लेकर विभाग की टीमें लगातार कार्रवाई कर रही है। बुधवार को सुबह 6 बजे टीम बड़नगर तहसील के ग्राम सिकंदरखेड़ा, इंगोरिया, खरसौदखुर्द, सिजावदा, जहांगीरपुर पहुंची और दबिश मारी। दबिश आबकारी अधिकारी जितेन्द्र भदौरिया के नेतृत्व में दी गई थी। इस दौरान सात स्थानों से 24 लीटर कच्ची शराब और शराब तैयार करने में उपयोग होने वाला 700 किलोग्राम गुडलहन बरामद किया गया। सभी सात मामलों में बड़नगर के उपनिरीक्षक कैलाश रूइबाल द्वारा प्रकरण दर्ज किया गया है। नियंत्रण कक्ष अधिकारी रंधा के अनुसार जिले में अलग-अलग टीम लगातार अवैध शराब मामलों के साथ बाहरी मार्गो पर वाहनों की तलाशी ले रही है।

## ईओडब्ल्यू के 2 प्रधान आरक्षक डीजीसीआर से सम्मानित



ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

उज्जैन। आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) मुख्यालय भोपाल में आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम में उज्जैन ईकाई के 2 प्रधान आरक्षक को डीजीसीआर सम्मान से सम्मानित किया गया है। ईओडब्ल्यू महानिदेशक उपेन्द्र जैन द्वारा उत्कृष्ट और सराहनीय सेवाओं के लिये प्रधान आरक्षक लोकेन्द्रसिंह देवड़ा और मनोज सवेर्या को डायरेक्टर जनरल्स कमेंडेशन रोल सम्मान दिया गया। डीजीसीआर सम्मान पुलिस विभाग में कर्तव्यों के प्रति निष्ठा, अनुशासन, ईमानदारी तथा उत्कृष्ट कार्यप्रणाली के लिए प्रदान किया जाता है। प्रधान आरक्षक लोकेन्द्र सिंह देवड़ा को यह सम्मान ईओडब्ल्यू में पदस्थ रहते हुए उनके द्वारा की गई प्रभावी जांच, महत्वपूर्ण आर्थिक अपराध प्रकरणों में उल्लेखनीय योगदान और समर्पित सेवा के लिए प्रदान किया गया। उनकी इस उपलब्धि से उज्जैन जिले सहित सम्पूर्ण ईओडब्ल्यू एवं मध्यप्रदेश पुलिस विभाग गौरवान्वित हुआ है। भोपाल में आयोजि सम्मान समारोह कार्यक्रम में ईओडब्ल्यू मध्यप्रदेश के डीआईजी यूसुफ कुरैशी, ईओडब्ल्यू उज्जैन के पुलिस अधीक्षक समर वर्मा और अन्य इकाई के अधिकारी उपस्थित थे।

# उज्जैन जिले की सीमा से बाहर भेजे जिलाबदर बदमाश

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन





आमजन की सुरक्षा और कानून व्यवस्था को बनाये रखने के लिये 8 बदमाशों को जिलाबदर किया गया था। बुधवार को पुलिस ने बदमाशों को थाने बुलाकर नोटिस तामिल कराये और जिले की सीमा से बाहर भेज दिया।

पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा के निर्देश पर मंगलवार को उज्जैन और ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार अपराधिक गतिविधियों में शामिल 8 बदमाशों को जिलाबदर किये जाने के आदेश जारी हुए थे। बुधवार को सभी जिलाबदर बदमाशों को माधवनगर थाने बुलाया गया, जहां थाना प्रभारी राकेश भारती द्वारा आदेश तामिल करते हुए हिदायत दी कि जिलाबदर अवधि के दौरान उज्जैन जिले की सीमा के साथ देवास, आगर, रतलाम के बाहर 6 माह तक रहना होगा। अगर आदेश का उल्लघंन करते पाये गये तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। सभी बदमाशों से आदेश तामिल कराने के बाद उन्हे शासकीय वाहन में बैठाया गया और जिले की सीमा से बाहर ले जाकर छोड़ा गया। पुलिस अधीक्षक शर्मा ने बताया कि जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने, आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना को मजबूत करने तथा असामाजिक एवं आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा निरंतर, निष्पक्ष एवं परिणामोन्मुखी कार्यवाही की जा रही है। दिसंबर माह में 19 आदतन अपराधियों पर जिलाबदर की कार्रवाई की जा चुकी है। पुलिस भविष्य में भी असामाजिक तत्वों के विरुद्ध इसी प्रकार सख्त एवं प्रभावी कार्यवाही जारी रखेगी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com